1. शिवालिक -राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग पंचकुला, अंबाला, और यमुनानगर में शिवालिक पहाड़ियों का विस्तार है। हिमालय में ट्रांस, महान, लघु हिमालय के बाद शिवालिक नवीन हिमालय के नाम से पुकारा जाता है और इन पहाड़ियों में से घग्घर, मारकंडा, टांगरी और सरस्वती आदि नदियाँ निकलती हैं। ढाल की तीव्रता के कारण इन पहाड़ियों का नदियों द्वारा अत्यधिक अपरदन होता है। इन शिवालिक पहाड़ियों में ही हरियाणा का सबसे ऊँचा पर्वत (मोरनी पहाड़ियाँ) स्थित है, जिसकी ऊँचाई 1514 मीटर (करोह) है।
2. गिरिपाद मैदान -शिवालिक श्रेणियों के दक्षिण में गिरिपाद मैदान यमुना नदी से घग्घर नदी तक यमुनानगर, अंबाला और पंचकुला जिलों में फैला है और इस पर्वतीय मैदान को स्थानीय भाषा में 'घर' कहा जाता है। यह भाग ढाल के उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम की तरफ से है।
3. जलोढ़ मैदान-शिवालिक के गिरिपाद क्षेत्र से अरावली तक तथा यमुना और घग्घर नदियों के बीच फैला उच्च भूमि का जलोढ़ मैदान है, जिन्हें बांगर भी कहा जाता।

> नोट :- बांगर प्रदेश -ये नदियों द्वारा निर्मित प्राचीन जलोढ़ मिट्टी के वे ऊँचे मैदान हैं, जहाँ वर्तमान में नदियों के बाढ़ का पानी नहीं पहुँच पाता है। यह मैदान अंबाला, यमुनानगर, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में फैला है।

4. बाढ़ का मैदान -हरियाणा के पूर्वी किनारे पर यमुनानगर से पलवल जिले तक यमुना नदी प्रवाहित होती है। यमुना एवं उसकी सहायक नदियों द्वारा प्रदेश के पूर्वी भाग में बाढ़ के मैदान का निर्माण हुआ है। ऐसे ही बाढ़ के मैदान में घग्गर तथा मारकंडा नदियों ने बनाए हैं जिन्हें क्रमशः नैली तथा बेट कहा जाता है।
5. बालू के डिब्बे युक्त मैदान -हरियाणा में बालूमय मैदान पश्चिम में हरियाणा व राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में जैसे सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में फैला हुआ है। राजस्थान से आने वाली हवाएँ बालुका स्तूपों का निर्माण करती है।
6. अरावली का पथरीला प्रदेश -यह क्षेत्र राजस्थान में स्थित अरावली की पहाड़ियों का हिस्सा है जो हरियाणा के दक्षिणी भाग में स्थित है।
7. तरंगीत बालू मैदान -यह हरियाणा के दक्षिण हिस्से में पाया जाता है महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम
8. अनकाई दलदल -हरियाणा राज्य के पश्चिमी जिले सिरसा के दक्षिणी भाग में अनकाई दलदल पाया जाता है।

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा राज्य का देशांतरीय विस्तार है।

Haryana Police SI Male Paper 26.09.2021 (2nd)

(a) 74°28' पूर्वी देशांतर से 77°36' पूर्वी देशांतर के मध्य
(b) 70°28' पूर्वी देशांतर से 77°36' पश्चिमी देशांतर के मध्य
(c) 71°28' पूर्वी देशांतर से 77°36' पूर्वी देशांतर के मध्य
(d) 77°28' पूर्वी देशांतर से 84°28' पूर्वी देशांतर के मध्य (a)

2. कौन-सा राज्य हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम में हैं?

(HSSC Marketing Assistant 20.08.2021)

(a) गुजरात (b) पंजाब
(c) राजस्थान (d) उत्तरप्रदेश (c)

3. हरियाणा कितने राज्यों के साथ सीमा साझा करता है-

(a) 4 (b) 6 (c) 5 (d) 8 (c)

4. हरियाणा कितने राज्यों के साथ सीमा साझा करता है-
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7 (b)

5. हरियाणा कितने केंद्र शासित प्रदेशों के साथ सीमा लगती है-
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 5 (b)

6. हरियाणा का वह जिला जो 3 पड़ोसियों (राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों) से सीमा साझा करता है-
(a) यमुनानगर (b) पंचकूला
(c) महेंद्रगढ़ (d) सिरसा (b)

7. 3 राज्यों के साथ सीमा साझा करने वाला हरियाणा का एकमात्र जिला है-
(a) यमुनानगर (b) पंचकूला
(c) सिरसा (d) करनाल (a)

8. हरियाणा किस राज्य के साथ सर्वाधिक लंबी सीमा साझा करता है-
(a) उत्तराखंड (b) पंजाब
(c) उत्तरप्रदेश (d) राजस्थान (d)

9. हरियाणा के कितने जिले दिल्ली के साथ सीमा बनाते हैं-
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 8 (c)

10. हरियाणा दिल्ली को तीन ओर से घेरे हुए है सिवाय किस .... दिशा को छोड़कर-
(a) उत्तरी (b) दक्षिणी
(c) पश्चिमी (d) पूर्वी (d)

11. हरियाणा राज्य कब बना था?
(HSSC Durga Shakti 12.12.2021)
(a) 1 नवंबर 1956 (b) 1 नवंबर 1966
(c) 1 नवंबर 1968 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं (b)

12. हरियाणा में जिलों की संख्या है। (ALM 14.11.24)
(a) 16 (b) 17
(c) 18 (d) 22 (d)

13. हरियाणा में लोकायुक्त पोर्टल किस वर्ष लॉन्च किया गया।
(HSSC Commando Wing 2021)
(a) 2020 (b) 2019
(c) 2021 (d) कोई नहीं (b)

14. दिल्ली हरियाणा के किस दिशा में है-
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम
(c) पूर्व या दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर या उत्तर-पश्चिम (c)

15. राजस्थान हरियाणा के साथ कौन-सी सीमा साझा करता है-
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम
(c) पूर्व या दक्षिण-पूर्व (d) उत्तर या उत्तर-पश्चिम (b)

16. हरियाणा के कितने जिले राजस्थान के कितने जिलों के साथ सीमा बनाते हैं-
(a) 6, 7 (b) 7, 6
(c) 7, 7 (d) 5, 6 (c)

17. हरियाणा का कौनसा जिला राजस्थान के साथ सर्वाधिक लंबी सीमा बनाता है-
(a) सिरसा (b) फतेहाबाद
(c) रेवाड़ी (d) महेंद्रगढ़ (a)

18. हरियाणा के कितने जिले पंजाब के कितने जिलों के साथ सीमा बनाते हैं-
(a) 6, 7 (b) 7, 6
(c) 7, 7 (d) 7, 5 (b)

19. पंजाब के साथ सबसे छोटी सीमा निम्न में से कौनसा जिला बनाता है-
(a) सिरसा (b) कुरुक्षेत्र
(c) पंचकूला (d) जींद (b)

20. हरियाणा के कितने जिले उत्तरप्रदेश के कितने जिलों के साथ सीमा बनाते हैं-
(a) 7, 5 (b) 7, 6
(c) 7, 7 (d) 3, 2 (a)

21. हरियाणा का कौन सा जिला उत्तरप्रदेश के साथ पूर्णतया स्थलीय सीमा बनाता है-
(a) करनाल (b) फरीदाबाद
(c) पलवल (d) नूंह (d)

22. हरियाणा का कौन-सा जिला दिल्ली के साथ सीमा नहीं बनाता है-
(a) सोनीपत (b) झज्जर
(c) गुरुग्राम (d) रोहतक (d)

23. हरियाणा के सर्वाधिक जिलों के साथ सीमा बनाने वाला कौनसा है-
(a) जींद (b) रोहतक
(c) झज्जर (d) करनाल (a)

24. हरियाणा के कितने जिले भू-आवेष्ठित हैं-
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4 (b)

25. हरियाणा राज्य में भूमि आधारित पर्यावरण के व्यवस्थित भौगोलिक अध्ययन के उद्देश्य से, इसे .... प्राकृतिक स्थलाकृतिक क्षेत्र या प्रभागों में सीमांकित किया गया है।
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6 (c)

26. हरियाणा राज्य, पूर्व दिशा में .... से घिरा है।
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) घग्गर नदी (b) यमुना नदी
(c) शिवालिक पहाड़ी (d) अरावली पर्वतमाला (b)

27. भारत में हरियाणा राज्य की भौगोलिक स्थिति क्या है?
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-मध्य
(c) उत्तर-पश्चिम (d) पश्चिम (c)

28. मोरनी पहाड़ी सीमा में स्थित राज्य की सबसे ऊँची चोटी, करोह चोटी की अनुमानित ऊंचाई कितनी है?
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) 1500 मीटर (b) 1600 मीटर
(c) 1200 मीटर (d) 1700 मीटर (a)

29. हरियाणा का कुल क्षेत्रफल है- (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) 34,212 वर्ग किमी. (b) 54,212 वर्ग किमी.
(c) 44,000 वर्ग किमी. (d) 44,212 वर्ग किमी. (d)

30. हरियाणा के किस जिले की सीमा तीन राज्यों से मिलती है। (Haryana Police SI Male Paper 26.09.2021)
(a) रेवाड़ी (b) झज्जर
(c) यमुनानगर (d) पंचकुला (c)

31. हरियाणा के गठन के समय जिलों की संख्या .... थी। (Haryana Police SI Male Paper 26.09.2021)
(a) 7 (b) 17
(c) 9 (d) 21 (a)

32. निम्नलिखित में से कौन, हरियाणा का सबसे उत्तरी जिला है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) फतेहाबाद (b) पंचकुला
(c) अम्बाला (d) कुरुक्षेत्र (b)

33. हरियाणा का राजकीय पुष्प कौनसा है।
(a) गेंदा (b) खंगिकालता
(c) कमल (d) गुलाब (c)

34. हरियाणा का राजकीय पशु कौनसा है।
(a) ब्लैक पैंकोलिन (b) फाइकस रेलिजियोसा
(c) नीलम्बो नूसीफेरा (d) एंटीलोप सर्विकापरा (d)

35. हरियाणा के राजकीय चिह्न में अंकित है।
(a) अशोक, सिंह व कमल
(b) पानी पर उगता सूरज
(c) गेहूँ की बालियाँ
(d) उपर्युक्त सभी (d)

36. हरियाणा का राजकीय फूल है।
(a) ब्लैक पैंकोलिन (b) फाइकस रेलिजियोसा
(c) नीलम्बो नूसीफेरा (d) एंटीलोप सर्विकापरा (c)

37. हरियाणा का राज्य पक्षी क्या है। (Haryana Police SI Male Paper 26.09.2021 (2nd))
(a) तोता (b) काला तीतर
(c) किंगफिशर (d) इनमें से कोई नहीं (b)

38. हरियाणा का राज्य वृक्ष है। (Haryana Female Constable 19.09.2021 (Eve. Shit))
(a) फाइकस बेंगालेसिस (b) फाइकस रिलीजिओसा
(c) फाइकस रेसिमोसा (d) इनमें से कोई नहीं (b)

39. हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक पुरुष महिला लिंगानुपात है? (HSSC ITIT 12.12.2021 Code-A)
(a) नूंह (b) गुरुग्राम
(c) अम्बाला (d) कुरुक्षेत्र (a)

40. 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा की जनसंख्या घनत्व क्या है? (26.12.21 ASST. MANAGER (E))
(a) 573 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(b) 855 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(c) 666 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(d) 733 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. (a)

41. 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा का कौन-सा जनसांख्यिकीय संविभाग भारत से कम है? (26.12.21 ASST. MANAGER (E))
(a) लिंगानुपात (b) साक्षरता दर
(c) दशकीय वृद्धि दर (d) इनमें से कोई नहीं (a)

42. 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले में साक्षरता दर सबसे अधिक है? (HSSC ITI Instructor Dec 2021 Code-B)
(a) भिवानी (b) पंचकूला
(c) फरीदाबाद (d) गुरुग्राम (d)

43. हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम पुरुष-महिला लिंगानुपात है? (HSSC ITI Instructor Dec 2021 Code-B)
(a) भिवानी (b) सोनीपत
(c) पानीपत (d) गुरुग्राम (d)

44. 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा में .... गाँव हैं। (HSSC Painter (13.08.2021))
(a) 4618 (b) 8164
(c) 1468 (d) इनमें से कोई नहीं (d)

45. हरियाणा के अन्य शहरों की तुलना में .... शहर की साक्षरता दर सबसे अधिक है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) गुरुग्राम (b) पंचकूला
(c) अम्बाला (d) हिसार (a)

46. 2011 की जनगणना के अनुसार, हरियाणा में महिला साक्षरता का प्रतिशत है। (निकटतम पूर्ण संख्या में) (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) 85% (b) 66%
(c) 73% (d) 54% (b)

47. हरियाणा का ग्रामीण लिंग अनुपात उसके शहरी लिंग अनुपात .... है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) के बराबर (b) से कम
(c) से ज्यादा (d) डेटा उपलब्ध नहीं है। (c)

48. हरियाणा में 2018 के आकलन अनुसार लिंग अनुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियाँ) क्या हैं? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) 900 (b) 875 (c) 950 (d) 914 (d)

49. हरियाणा के किस जिले में जनगणना-2011 के अनुसार महिला साक्षरता दर न्यूनतम है? (HSSC CLERK (27.11.2016) (E))
(a) मेवात (b) महेन्द्रगढ़
(c) रेवाड़ी (d) भिवानी (a)

50. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार हरियाणा के किस जिले में महिलाओं की जनसंख्या सर्वाधिक है? (AUCTION RECORDER)
(a) गुरुग्राम (b) करनाल
(c) भिवानी (d) फरीदाबाद (d)

51. डॉ. जसबीर राठी ने अपनी पुस्तक An Agricultural Geography of Haryana में हरियाणा को कितने भागों में बाँटा है।
(a) 4 (b) 5
(c) 7 (d) 8 (d)

52. जनगणना 2011 के अनुसार हरियाणा की अनुसूचित जातियों की जनसंख्या भारत की अनुसूचित जातियों की जनसंख्या की कितने प्रतिशत है- (PGT MATH MEWAT)
(a) 1.5% (b) 3.5% (c) 4.5% (d) 2.5% (d)

53. हरियाणा का सबसे शुष्क क्षेत्र है- (HCS & 2007)
(a) रेवाड़ी (b) महेन्द्रगढ़
(c) भिवानी (d) रोहतक (b)

54. हरियाणा की 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या कितनी है-
(a) 253.53 लाख (b) 255 लाख
(c) 243.43 लाख (d) 263.63 लाख (a)

55. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य में महिलाओं का प्रति 1000 पुरुष पर अनुपात सबसे कम है-
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) तमिलनाडु (d) इनमें से कोई नहीं (b)

56. 2011 में हरियाणा राज्य में कौनसी जनगणना हुई-
(a) पाँचवीं (b) चौथी
(c) तीसरी (d) पहली (a)

57. 2001 की जनगणना के अनुसार हरियाणा का जनसंख्या घनत्व कितना है?
(a) 573 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(b) 855 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(c) 666 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.
(d) 478 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. (d)

58. निम्न में से कौन-सा जिला हरियाणा में अर्ध-रेगिस्तानी मैदानों के अंतर्गत नहीं आता
(26.12.21 ASST. MANAGER (evening))
(a) करनाल (b) सिरसा
(c) हिसार (d) फतेहाबाद (a)

59. अरावली की पहाड़ियाँ .... से नहीं गुजरती।
(26.12.21 ASST. MANAGER (morning))
(a) हरियाणा (b) गुजरात
(c) राजस्थान (d) पंजाब (d)

60. हरियाणा का एकमात्र हिल स्टेशन .... में स्थित है।
(26.12.21 ASST. MANAGER (morning))
(a) कालका हिल (b) अरावली हिल
(c) मोरनी हिल (d) इनमें से कोई नहीं (c)

61. शिवालिक पहाड़ियाँ हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित हैं? (HSSC ITI Instructor Dec 2021 Code-B)
(a) रोहतक (b) अंबाला
(c) गुरुग्राम (d) सोनीपत (b)

62. निम्नलिखित में से किस जिले में शिवालिक पहाड़ियाँ नहीं पाई जाती हैं- (HSSC ITI 12.12.2021 Code-A)
(a) अंबाला (b) पंचकूला
(c) सिरसा (d) यमुनानगर (c)

63. किस भू-गर्भिक काल में हरियाणा राज्य में नदी, नाले, पहाड़ आदि का सुचारू रूप से निर्माण हुआ।
(HSSC ALM 14.11.2021)
(a) केनोजोइक काल
(b) पैलिओजोइक काल
(c) सेनोजोइक काल
(d) जुरासिक काल (a)

64. निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत शृंखला, भू-गर्भीय इतिहास के अनुसार भारत में मोड़दार पर्वतों की सबसे पुरानी शृंखला है?
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) अरावली (b) विंध्य
(c) सतपुड़ा (d) नीलगिरी (a)

65. हरियाणा में स्थित .... की श्रेणी के उत्तरी छोर में पृथक चट्टानी पहाड़ियाँ और टीले देखने को मिलते हैं।
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) शिवालिक (b) दक्कन का पठार
(c) मोरनी (d) अरावली (d)

66. महेन्द्रगढ़, भिवानी, सिरसा और हिसार ये सब .... क्षेत्र हैं।
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) रेतीले (b) पहाड़ी
(c) सूखे, चट्टान (d) उपजाऊ मैदानी (a)

67. घग्गर-यमुना मैदान को दो भागों में बाँटा गया है। ऊँचे भाग को बाँगर कहते हैं। निचले भाग को क्या कहा जाता है?
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) शिवालिक (b) भिवानी
(c) टांगरी (d) खादर (d)

68. अरावली पर्वत शृंखला के उत्तर-पश्चिम छोर में स्थित एकमात्र विलुप्त ज्वालामुखी का नाम क्या है?
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) मोरनी पहाड़ी (b) धोसी पहाड़ी
(c) तोषाम पहाड़ी (d) शिवालिक पहाड़ी (b)

69. हरियाणा सीमा में थार रेगिस्तान की उपस्थिति के कारण क्या होता है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) सूखा (b) रेत प्रवासन
(c) मृदा लवणता (d) मृदा अपरदन (b)

70. .... हरियाणा के दक्षिणी हिस्से में स्थित है। यह भारत का सबसे पुराना मोड़दार पर्वत है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) अरावली पर्वत श्रेणी (b) शिवालिक पर्वत श्रेणी
(c) पंचकूला पहाड़ी (d) महेन्द्रगढ़ टीला (a)

71. यमुना नदी यमुनानगर से फरीदाबाद तक बाढ़ के मैदान बनाती है। ये मैदान दो भागों में बँटे हैं, उच्चतर भाग को .... कहते हैं।
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) नेल्ली (b) कैथल
(c) खादर (d) बाँगर (d)

72. घग्गर नदी द्वारा बनाए गए बाढ़ के मैदान .... कहलाते हैं।
(HSSC ITI Instructor 2020)
(a) कैथल (b) खादर
(c) बेत (d) नेल्ली (d)

73. मार्कंड नदी द्वारा बनाए गए बाढ़ के मैदानों को कहा जाता है।
(HSSC Clerk 22.09.2019)
(a) बेट (b) एल्युवियल
(c) श्वाकी (d) नैली (a)

74. हरियाणा के उत्तरी भाग में स्थित पहाड़ का नाम बताइए।
Forester (M)
(a) कामेट (b) पौहुनरी
(c) शिवालिक (d) काब्रू (c)

75. हरियाणा और उत्तरप्रदेश राज्यों के मध्य यह नदी एक प्राकृतिक रोधिका (सीमा) है- (Female Supervisor (M))
(a) गंगा (b) यमुना
(c) घग्घर (d) इनमें से कोई नहीं (b)

76. निम्न में से कौन सा हरियाणा के पूर्वी भाग में स्थित है? (Sanitary Inspector (N) 25.11.2017)
(a) बाढ़ का मैदान (b) अरावली पहाड़ियाँ
(c) बालू का मैदान (d) कोई नही (a)

77. हरियाणा में शिवालिक पर्वत की ऊँचाई है? (Steno (N) 07.11.2017)
(a) 500 से 1500 मीटर (b) 700 से 1800 मीटर
(c) 900 से 2300 मीटर (d) 1000 से 3200 मीटर (c)

78. हरियाणा में अरावली पर्वत की ऊँचाई है? (Steno (N) 07.11.2017)
(a) 200 से 500 मीटर (b) 400 से 700 मीटर
(c) 600 से 800 मीटर (d) 750 से 900 मीटर (a)

79. देश के कुल भूमि क्षेत्रफल में हरियाणा का .... % हिस्सा है? (Deputy Ranger (E))
(a) 1.34 (b) 2.58
(c) 3.25 (d) 2.76 (a)

80. हरियाणा .... तरफ से दिल्ली से घिरा है। (Dy. Ranger (E))
(a) 2 (b) 1 (c) 3 (d) 4 (c)

81. यमुना नदी हरियाणा और उत्तरप्रदेश के बीच .... सीमा है। (Agriculture Inspt. (M))
(a) पश्चिमी (b) उत्तरी
(c) पूर्वी (d) दक्षिणी (c)

82. अरावली पर्वतमाला हरियाणा के किस भाग में स्थित है? (Junior Coach Football)
(a) पूर्वी (b) पश्चिमी
(c) दक्षिण (d) उत्तरी (c)

83. शिवालिक की पहाड़ियाँ हरियाणा के .... भाग को कवर करती हैं। (Junior Coach Football)
(a) उत्तर-पश्चिमी (b) उत्तर-पूर्वी
(c) दक्षिण-पूर्वी (d) दक्षिण-पश्चिमी (b)

84. कारोह की चोटी हरियाणा की .... का सबसे ऊँचा स्थल है। (Junior Coach Football)
(a) मेवात की पहाड़ियाँ (b) अरावली की पहाड़ियाँ
(c) मोरनी की पहाड़ियाँ (d) धांसी की पहाड़ियाँ (c)

85. हरियाणा में .... मुख्य भौगोलिक विशेषताएँ हैं। (Tracer)
(a) पाँच (b) चार
(c) आठ (d) सात (b)

86. अरावली पर्वत श्रेणी हरियाणा के .... भाग में स्थित हैं। (Tracer)
(a) उत्तर-पश्चिम (b) पूर्व
(c) उत्तर-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम (d)

87. हरियाणा .... आक्षांशों के बीच स्थित है- (Tracer)
(a) 27°38' से 30°35' (b) 27°37' से 37°36'
(c) 24°28' से 30°36' (d) 27°37' से 30°35' (a)

88. हरियाणा राज्य में किस जिले को क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे छोटा माना जाता है? (Computer)
(a) फरीदाबाद (b) फतेहाबाद
(c) झज्जर (d) कुरुक्षेत्र (a)

89. हरियाणा में किस जिले में मोरनी पहाड़ियाँ स्थित है? (Computer)
(a) पंचकूला (b) सिरसा
(c) अंबाला (d) करनाल (a)

90. सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में, हरियाणा सरकार को, ... के क्षेत्र में, निर्माण की अनुमति देने पर फटकार लगाई है। निर्माण की अनुमति दिए जाने की वजह से उस क्षेत्र में जंगल आच्छादन समाप्त हो गया है। (Tool & Die Maker (Dies & Moulds)
(a) भिंडावास (b) सुल्तानपुर
(c) अरावली की पहाड़ियाँ (d) यमुनानगर (c)

91. किस राज्य की सीमा हरियाणा की सीमा से सटी हुई नहीं है? (Tool & Die Maker (Dies & Moulds)
(a) गुजरात (b) दिल्ली
(c) पंजाब (d) उत्तरप्रदेश (a)

92. हरियाणा की चार मुख्य भौगोलिक विशेषताएँ हैं। उस भौगोलिक विशेषता को पहचानें जो हरियाणा से संबंधित है। (Tool & Die Maker (Dies & Moulds)
(a) पश्चिमी घाट (b) थार मरुस्थल
(c) ढक्कन का पठार (d) यमुना-घग्गर का मैदान (d)

93. शिवालिक पर्वत श्रेणी के निचले इलाकों में निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ी स्थित है? (WorkShop Calculation & Science)
(a) मेवात पहाड़ी (b) अरावली पहाड़ी
(c) मोरनी पहाड़ी (d) दोशी पहाड़ी (c)

94. कितने राज्य, हरियाणा की सीमा को छूते हैं? (Millwright Mechanic (Mechanical) Instructor)
(a) 4 (b) 5 (c) 6 (d) 3 (b)

95. हरियाणा से गुजरने वाली अरावली पर्वत शृंखला का दक्षिणी छोर किस राज्य में समाप्त होता है? (Millwright Mechanic (Mechanical) Instructor)
(a) राजस्थान (b) गुजरात
(c) झारखंड (d) उत्तरप्रदेश (b)

96. अरावली पहाड़ी का सबसे ऊँचा क्षेत्र जिसकी ऊँचाई 652 मीटर है, उसे .... कहा जाता है। (HSSC Clerk)
(a) हिसार पहाड़ियाँ (b) करनाल पहाड़ियाँ
(c) सिरसा पहाड़ियाँ (d) धंसी पहाड़ियाँ (d)

97. हरियाणा पूर्व में .... से घिरा है। (HSSC Clerk)
(a) इंदौरी (b) घग्गर
(c) उत्तरप्रदेश (d) मध्यप्रदेश (c)

98. क्षेत्रफल के संदर्भ में भारत में हरियाणा का स्थान कौन-सा है। (HSSC Clerk)
(a) 28वाँ (b) 15वाँ (c) 13वाँ (d) 21वाँ (d)

99. हरियाणा में पवित्र मानी जाने वाली नदियाँ वृषद्वती और .... है। (HSSC Clerk)
(a) सरस्वती (b) गोदावरी
(c) यमुना (d) शिवालिक (a)

100. अरावली पहाड़ी के दक्षिणी भाग को स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है? (HSSC Clerk)
(a) मेवात की पहाड़ियाँ (b) बांगर की पहाड़ियाँ
(c) यमुना की पहाड़ियाँ (d) मार्शल पहाड़ियाँ (a)

101. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा का भौगोलिक लक्षण नहीं है? (S.I. Paper)
(a) निम्न शिवालिक पहाड़ियाँ
(b) बाँगर भू-भाग
(c) यमुना-घग्घर मैदान
(d) चंबल घाटी (d)

102. 2011 की जनसंख्या के अनुसार, हरियाणा की जनसंख्या भारत की जनसंख्या का .... प्रतिशत है। (Haryana Police)
(a) 2 (b) 5
(c) 10 (d) 13 (a)

103. शिवालिक की पहाड़ियाँ .... जिले में नहीं पाई जाती है। (GROUP-D)
(a) अंबाला (b) पंचकूला
(c) सिरसा (d) यमुनानगर (c)

104. अरावली पहाड़ियों की मुख्य उपस्थिति .... जिले में पाई जाती हैं? (GROUP-D)
(a) फरीदाबाद (b) रोहतक
(c) गुरुग्राम (d) हिसार (c)

105. निम्नलिखित में कौन-सी पहाड़ियाँ हिमालय और मैदानों के बीच योजक हैं? (GROUP-D)
(a) टिपड़ा पहाड़ियाँ (b) मोरनी पहाड़ियाँ
(c) अरावली पहाड़ियाँ (d) अंबाला की पहाड़ियाँ (b)

106. हरियाणा भारत में .... सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है- (GROUP-D)
(a) 16वाँ (b) 17वाँ
(c) 15वाँ (d) 14वाँ (b)

107. मोरनी और टिपरा श्रेणियाँ .... द्वारा अलग होती है? (Lab Attendant)
(a) यमुना नदी (b) घग्गर नदी
(c) सारस्वत नदी (d) नदी मारकांडा (b)

108. अरावली पर्वत श्रेणी हरियाणा के किस भाग में स्थित हैं- (Pharmacist 29.01.2017)
(a) पूर्वी (b) दक्षिणी
(c) उत्तरी (d) कोई नहीं (b)

109. हरियाणा राज्य का निम्न सम्पूर्ण क्षेत्र हरा-भरा है, सिवाय- (MPHS 29.01.2017)
(a) मेवात के (b) पानीपत के
(c) सोनीपत के (d) रोहतक के (a)

110. हरियाणा का मैदानी भाग समुद्रतल से कितनी ऊँचाई पर स्थित है- (Haryana Police (M))
(a) 700 से 900 फीट
(b) 750 से 880 फीट
(c) 800 से 1000 फीट
(d) 900 से 1100 फीट (a)

111. प्रदेश में मोरनी की पहाड़ियों पर किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है? (PGT HISTORY)
(a) बलुआ मिट्टी (b) भूरे रंग की मिट्टी
(c) लैटेराईट मिट्टी (d) बालुई चिकनी मिट्टी (b)

112. राज्य का कौनसा हिस्सा रेतीला है- (PGT HISTORY)
(a) पूर्वी भाग (b) दक्षिणी भाग
(c) उत्तरी भाग (d) पश्चिमी भाग (d)

113. हरियाणा का कौन-सा प्राकृतिक भाग सबसे बड़ा है?
(a) शिवालिक का पहाड़ी भाग
(b) रेतीला भाग
(c) मैदानी भाग
(d) अरावली की पहाड़ियों का शुष्क मैदानी भाग (c)

114. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
1. हरियाणा 74°28' से 77°36' अक्षांश पर स्थित है।
2. शिवालिक हरियाणा के दक्षिणी हिस्से में आती है। (PGT ENGLISH (MEWAT))
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 एवं 2 दोनों (d) कोई नहीं (d)

115. हरियाणा के कौन से जिले में छोटी-छोटी पहाड़ियाँ है जो अरावली पर्वत शृंखलाओं का भाग है- (PGT BIOLOGY)
(a) महेन्द्रगढ़ (b) रोहतक
(c) गुरुग्राम (d) करनाल (a)

116. हरियाणा का भू-स्थल समुद्र तल से कितना ऊँचा है? (PGT SOCIOLOG)
(a) 700 से 900 फुट (b) 750 से 880 फुट
(c) 800 से 1000 फुट (d) 900 से 1100 फुट (a)

117. इन्दौरी पहाड़ी स्थित है- (Music Teacher Screning)
(a) मेवात जिला (b) पलवल जिला
(c) रेवाड़ी जिला (d) महेन्द्रगढ़ जिला (a)

118. तोशाम पहाड़ी स्थित है- (Drawing Screening)
(a) महेन्द्रगढ़ (b) हिसार
(c) भिवानी (d) रोहतक (c)

119. हरियाणा का एकमात्र हिलस्टेशन किस जिले में स्थित है? जो मोरनी हिल्स है- (HSSC J.E. CIVIL)
(a) पंचकूला (b) पानीपत
(c) हिसार (d) करनाल (a)

120. गुरुग्राम जिले में सोहना किस शृंखला में स्थित है।
(a) अरावली पहाड़ियाँ (b) महेन्द्रगढ़ पहाड़ी
(c) मोरनी पहाड़ी (d) ढोसी पहाड़ी (a)

121. निम्न में से कौनसा हरियाणा का भौगोलिक लक्षण है- (HSSC J.E. CIVIL)
(a) यमुना घग्घर मैदान राज्य का सबसे बड़ा भाग बनाता है।
(b) उत्तर पूर्व में शिवालिक पहाड़ियाँ
(c) दक्षिण में अरावलीशृंखला
(d) उपरोक्त सभी (d)

122. हरियाणा का ऐसा गाँव जो हर क्षेत्र में 100 प्रतिशत है?
(a) चकजालु (b) सुचानकोटली
(c) पन्नेवाला मोटा (d) बाज़ेका (a)

हरियाणा की मृदा

लाल मिट्टी हरियाणा के सिरसा पाई जाती है।

- हरियाणा में भूमि सुधार एवं विकास निगम लिमिटेड सन् 1974 में स्थापना की गई थी।
- हरियाणा राज्य का अधिकांश भाग मैदानी है, जिसका निर्माण यमुना, घग्गर, सरस्वती आदि नदियों द्वारा निक्षेपित जलोढ़ के कारण हुआ है। जलोढ़ मृदा का रंग पीला-भूरा होता है। यह बहुत ही उपजाऊ होती हैं।
- हरियाणा की भूमि को मुख्य तीन भागों में बाँटा गया है।
- हरियाणा में सर्वाधिक क्षेत्र में रेतीली दोमट मृदा मिलती है।
- हरियाणा के मैदानी भाग में मुख्यत: पीले-भूरे रंग की उपजाऊ मिट्टी मिलती है।
- पहाड़ी क्षेत्रों (मोरनी) में पथरीली मिट्टी मिलती है।
- हरियाणा के प्रख्यात कृषि भूगोलविद डॉक्टर जसवीर सिंह ने प्रदेश की मृदा को 6 भागों में बाँट दिया था।

1. अति हल्की मृदा

- हरियाणा के सिरसा के दक्षिणी भाग फतेहाबाद, भिवानी, महेंद्रगढ़ हिसार में स्थित है। इस मृदा में चूने की अधिकता तथा वनस्पति तत्वों की कमी है। इस मिट्टी में जल ग्रहण करने की क्षमता कम होती है, इसलिए यह मृदा शीघ्र ही सूख जाती है। लेकिन इसमें दाल एवं मोटे अनाज की कृषि की जाती है।

2. हल्की मृदा

- दो प्रकार की होती है।

(i) अपेक्षाकृत बालू दोमट मृदा

(ii) बालुई दोमट मृदा

इस मृदा में सिल्ट, मृतिका की अपेक्षा बालू अधिक है।

(iii) अपेक्षाकृत बालू दोमट मृदा - दोमट मृदा को रौसली भी कहा जाता है। यह भिवानी, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर व हिसार में मिलती है, इसमें जल धारण करने की क्षमता अधिक होती है। इसमें फसलें भी अच्छी होती है

(iv) बालुई दोमट मृदा - यह मृदा नरम होती है। यह मृदा सिरसा तहसील व डबवाली के कुछ गाँवों में पाई जाती है।

3. मध्य मृदा

- यह मृदा भारी दोमट व हल्की दोमट, सामान्य दोमट मिट्टीयों का सम्मिलित रूप है यह तीन प्रकार की होती है।
  (i) मोटी दोमट (ii) हल्की दोमट (iii) दोमट मृदा

(i) मोटी दोमट - नूँह व फिरोजपुर झिरका के निचले क्षेत्रों में पाई जाती है।

(ii) हल्की मृदा - यह मृदा गुरुग्राम के उत्तरी भाग तथा अंबाला के दक्षिणी पश्चिमी भाग तथा मध्य रेवाड़ी में पाई जाती हैं।

(iii) दोमट मृदा - राज्य मध्यवर्ती भाग में पाई जाती है जींद, कैथल, सोनीपत, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र आदि क्षेत्रों में पाई जाती है पर्याप्त वर्षा होने पर यहाँ फसल अच्छी होती है।

4. सामान्य भारी मृदा

- यह मृदा यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद में पाई जाती है। यहाँ प्रति वर्ष बाढ़ का पानी आने के कारण नवीन जलोढ़ का जमाव हो जाता है। उसे खादर कहते हैं। पुरानी जलोढ़ को बांगर कहा जाता है। यह मृदा सूखने पर कठोर बन जाती है। इसमें चावल, गेहूँ व गन्ने की फसल अच्छी होती है।

5. भारी तथा बहुत भारी मृदा

- यह मुख्यत: थानेसर, जगाधरी, फतेहाबाद में पाई जाती है। इस मृदा को डाकर नाम से भी जाना जाता है। इसमें गेहूँ, चावल, जौ, कपास की फसल अच्छी मानी जाती है, थानेश्वर, फतेहाबाद में घग्गर के क्षेत्र में सोलर नामक कठोर चीका मृदा पाई जाती है।

6. शिवालिक, गिरिपादीय व चट्टानी मृदा

- शिवालिक - पंचकुला, यमुनानगर, कालका, जगाधरी, अंबाला आदि क्षेत्र में पाई जाती है।
- गिरिपादीय मृदा - कालका व नारायणगढ़ की तहसीलों में पाई जाती है। इसे घर व कंधी मृदा के नाम से जाना जाता है।
- चट्टानी मृदा - हरियाणा के दक्षिणी भाग में अरावली पर्वत के क्षेत्र में पथरीली व रेतीली मृदा पाई जाती है। यह मृदा कम उपजाऊ होती है।
- मृदा अपरदन - राज्य में मृदा अपरदन मुख्यत: जल व वायु के द्वारा होता है। यह मृदा अपरदन से उपजाऊ परत नष्ट हो जाती है। मृदा अपरदन को रेंगती मृत्यु भी कहा जाता है।
- नोट:-चिकनी मिट्टी में पानी धारण की क्षमता अधिक होती है

अभ्यास प्रश्न

मिट्टी में लौह की मात्रा बढ़ने के कारण उसे डाकर कहते हैं।

1. हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले में लाल चेस्टनट मिट्टी पाई जाती है? (Commando 14.11.21)
   (a) रोहतक (b) सिरसा
   (c) यमुनानगर (d) इनमें से कोई नहीं (c)
2. हरियाणा के थानेसर में पाई जाने वाली भारी मिट्टी क्या कहलाती है? (Haryana Police SI Male Paper 26.09.2021)
   (a) दोमट (b) नेल्ली
   (c) कैथल (d) डाकर (d)
3. हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले में लाल चेस्टनट मिट्टी पाई जाती है। (HSSC Commando Wing 2021)
   (a) रोहतक (b) सिरसा
   (c) यमुनानगर (d) इनमें से कोई नहीं (c)
4. हरियाणा के पहाड़ी क्षेत्र की मृदा .... है। (HSSC CLERK 22.09.2019 (E))
   (a) काली (b) चिकनी मिट्टी
   (c) पीली (d) चट्टानी (d)

5. निम्न में से कौन-सा क्षेत्र विवरण, हरियाणा की भूमि के लिए उपयुक्त है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) बीहड़ पहाड़ और नदी घाटियाँ
(b) विशाल केन्द्रीय मैदान
(c) पहाड़ और छोटे पर्वत
(d) चपटी और सूखी (d)

6. हरियाणा के शुष्क और अर्ध शुष्क भागों में किस प्रकार की मिट्टी मिलती है? (Tractor Mechanic Instructor)
(a) नमकीन और क्षारीय मिट्टी
(b) लाल मिट्टी
(c) काली मिट्टी
(d) लेटेराइट मिट्टी (a)

7. यमुनानगर से फरीदाबाद तक बहने वाली यमुना नदी बाढ़ प्रवण क्षेत्र का निर्माण करती है। ये प्रवण क्षेत्र दो हिस्सों में विभाजित होते हैं, इसमें निचले हिस्से को क्या कहा जाता है। (HSSC Clerk)
(a) शिवालिक (b) खादर
(c) नैल्ली (d) दलदली (b)

8. मैदान भूमि रेत, मिट्टी, गाद और कठोर कैल्केरिया बजरी से बना है, जिसे स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है? (HSSC Clerk)
(a) कर्नल्स (b) कंकर्स
(c) सरस (d) बंकर्स (b)

9. .... हरियाणा में मुख्य मृदा समस्या है। (GROUP-D)
(a) सूखा (b) मृदा अपरदन
(c) भूकंप (d) बाढ़ (b)

10. हरियाणा के मैदानी भाग में अधिकांशतः किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है?
(a) पीले भूरे रंग की उपजाऊ मिट्टी
(b) पथरीली मिट्टी
(c) रेतीली मिट्टी
(d) बलुई-मृतिका मिट्टी (a)

11. किस प्रकार की मिट्टी को हरियाणा में 'रौसली' भी कहा जाता है?
(a) दोमट मिट्टी (b) बलुई दोमट मिट्टी
(c) हल्की दोमट मिट्टी (d) मोटी दोमट मिट्टी (b)

12. हरियाणा के अधिकतम भाग पर किस मृदा की प्रधानता है?
(a) कच्छारी मृदा (b) मरुस्थली मृदा
(c) रेतीली-दुम्मटी मृदा (d) दुम्मटी मृदा (b)

13. सिरसा में कौन-सी मिट्टी पाई जाती है?
(a) पीली मिट्टी (b) भूरी मिट्टी
(c) लाल मिट्टी (d) इनमें से कोई नहीं (b)

14. किस मिट्टी में चूने के अंशों की अधिकता मिलती है?
(a) हल्की मिट्टी (b) अत्यन्त हल्की मिट्टी
(c) मध्यम मिट्टी (d) सामान्य भारी मिट्टी (b)

15. भारी मिट्टी का दूसरा नाम बताइए?
(a) कन्थी (b) दोमट
(c) डाकर (d) इनमें से कोई नहीं (c)

16. केंद्रीय मिट्टी लवणता अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है?
(a) हिसार (b) करनाल
(c) जींद (d) भिवानी (b)

17. बलुई दोमट व दोमट मिट्टी का मिश्रण कौन-कौनसी मिट्टीयाँ होती हैं?
(a) अति हल्की मिट्टी (b) मध्यम मिट्टी
(c) हल्की मिट्टी (d) इनमें से कोई नहीं (c)

18. भगवानपुरा पुरास्थल से क्या प्राप्त हुआ था?
(a) मिट्टी की कच्ची ईंटों से बने मकान
(b) ताम्बे के हत्थे वाले गण्डासे
(c) मिट्टी के बर्तन तथा ठीकरे
(d) चित्रित धूसर मृद्भाण्ड (d)

19. हरियाणा के मध्यवर्ती भाग में कौनसी मिट्टी पाई जाती है?
(a) दोमट मिट्टी (b) बलुई मिट्टी
(c) चिकनी मिट्टी (d) रेतीली मिट्टी (a)

20. प्रदेश में मोरनी की पहाड़ियों पर किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है?
(a) बलुआ मिट्टी (b) भूरे रंग की मिट्टी
(c) लैटेराइट मिट्टी (d) बालुई चिकनी मिट्टी (b)

जलवायु

- किसी स्थान की वायुमंडलीय दशा (तापमान, वायुदाब, आर्द्रता, वायुवेग,पवन) का कुछ समय (मिनट,कुछ घंटे या चार-पाँच दिन) के सम्मिलित रूप को मौसम व कुछ माह के सम्मिलित रूप को जलवायु कहते हैं। जर्मनी के प्रसिद्ध वैज्ञानिक ब्लादिमीर कोपेन द्वारा भारत की जलवायु को उष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु कहा गया है।
- हरियाणा की जलवायु का निर्धारण समुद्र से दूरी, उत्तर पश्चिमी विक्षोभ एवं दक्षिणी पश्चिमी मानसून से होती है।
- समुद्र से दूर होने के कारण हरियाणा की जलवायु उपोष्ण कटिबंध शुष्क महाद्वीपीय प्रकार की है।
- भारत की जलवायु मानसूनी है।
- डॉक्टर ब्लादिमीर कोपेन के अनुसार शिवालिक श्रेणियों के निकटवर्ती क्षेत्रों में 72 किलोमीटर चौड़ी मैदानी पट्टी में आर्द्र उपोष्ण प्रकार की जलवायु तथा राज्य के अधिकांश क्षेत्र में उपोष्ण स्टेपी प्रकार की जलवायु पाई जाती है।
- हरियाणा की जलवायु में राजस्थान के पूर्वी भाग की आर्द्र-मरुस्थलीय जलवायु एवं गंगा मैदान की आर्द्र जलवायु के मध्य जलवायु भी कहा जाता है।
- हरियाणा की जलवायु की विशेषता - ग्रीष्म काल में ऊँचा तापमान, शीतकाल में निम्न तापमान।

नोट :- संपूर्ण भारत में वर्षा का वार्षिक औसत 114-117 सेंटीमीटर है।

हरियाणा जलवायु

- समुद्र से दूर स्थित होने के कारण राज्य की जलवायु उपोष्ण कटिबंधीय शुष्क महाद्वीपीय जलवायु है। हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे राज्य के उत्तरी क्षेत्र में उपोष्ण आर्द्र जलवायु जबकि राजस्थान की सीमा से सटे दक्षिणी क्षेत्र में शुष्क जलवायु पाई जाती है।
- डॉक्टर ब्लादिमीर कोपेन के अनुसार हरियाणा में मुख्य रूप में दो प्रकार की जलवायु पाई जाती है।
  1. आर्द्र उपोष्ण (शीत ऋतु) जलवायु
  2. उपोष्ण स्टेपी जलवायु
- हरियाणा का औसत तापमान 22 से 25 डिग्री के बीच रहता है
- हरियाणा में स्पष्ट रूप से तीन ऋतुएँ पाई जाती हैं।

1. ग्रीष्म ऋतु -हरियाणा में ग्रीष्मकाल सामान्यत: मध्य मार्च से जून के अंत तक रहता है और राज्य के हिसार जिले में सर्वाधिक गर्मी पाई जाती है। राज्य में तापमान 40° से 46° से तक पहुँच जाता है। गर्मियों के दिनों में हरियाणा का औसत तापमान 35 डिग्री रहता है। हरियाणा का सबसे गर्म शहर हिसार है।
2. शीत ऋतु -हरियाणा में शीतकाल सामान्य मध्य सितंबर से मार्च तक होता है। शीतकाल में राज्य का तापमान लगभग 12° से 14° से. के आसपास रहता है।
3. वर्षा ऋतु -हरियाणा की गणना देश के न्यूनतम वर्षा वाले राज्य में होती है। यहाँ वर्षा ऋतु का सामान्यत: समय जुलाई के प्रारंभ से लेकर मध्य सितंबर तक रहता है। राज्य में औसत वार्षिक वर्षा 45-55 सेंटीमीटर के मध्य रहती है। हरियाणा के दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में कुछ भाग में 30 सेंटीमीटर से भी कम वर्षा होती है। वहीं शिवालिक क्षेत्र में वर्षा की मात्रा 110 सेंटीमीटर तक हो जाती है और हरियाणा में वर्षा अनियमित, अनिश्चित व असमान रूप से होती है।

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा की जलवायु उपोष्ण कटिबंधीय है, जिसका मुख्य कारण है। **(HSSC ALM 14.11.2021)**
(a) हिमालय पर्वत से दूरी (b) दक्षिण-पश्चिम मानसूनी पवन
(c) मोरनी पहाड़ से दूरी (d) उत्तर पूर्वी मानसूनी पवन
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं (e)

2. हरियाणा में किस हवा के कारण जून और सितम्बर के बीच बारिश होती है? **(HSSC ITI Instructor 2020)**
(a) दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाएँ
(b) उत्तर-पूर्वी मानसूनी हवाएँ
(c) उत्तर-पश्चिमी मानसूनी हवाएँ
(d) दक्षिण-पूर्वी मानसूनी हवाएँ (a)

3. हरियाणा में मानसून का समय क्या है? **(HSSC ITI Instructor 2020)**
(a) जुलाई से सितंबर तक (b) दिसंबर से जनवरी तक
(c) सितंबर से दिसंबर तक (d) जुलाई से दिसंबर (a)

4. हरियाणा प्रदेश में कौन-सा माह वर्ष का सबसे ठंडा माह होता है, जब तापमान हिमांक तक पहुँच जाता है? **(HSSC CLERK)**
(a) जनवरी (b) दिसम्बर (c) नवंबर (d) मार्च (a)

5. हरियाणा में शीतकाल में औसत तापमान रहता है- **(H.P. (E))**
(a) 7° C (b) 12° C (c) 15° C (d) 20° C (b)

6. हरियाणा के किस भाग में सर्वाधिक वर्षा होती है- **(PGT, H.P.)**
(a) दक्षिण-पश्चिमी भाग (b) उत्तर-पूर्वी भाग
(c) उत्तर-पश्चिमी भाग (d) दक्षिण-पूर्वी भाग (b)

7. हरियाणा प्रदेश में वर्षा का वार्षिक औसत है? **(PGT COMMERCE)**
(a) 20-30 सेमी. (b) 60-80 सेमी.
(c) 40-60 सेमी. (d) 70-90 सेमी. (c)

8. हरियाणा में कितनी कृषि परिस्थिति प्रणालियाँ हैं-
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4 (c)

9. हरियाणा में मुख्य रूप से कैसी जलवायु पाई जाती है? **(Clerk)**
(a) उपोष्ण स्टेपी जलवायु (b) आर्द्र उपोष्ण जलवायु
(c) टुण्ड्रा जलवायु (d) (a) और (b) दोनों (d)

10. हरियाणा में जुलाई से सितंबर महीने के मध्य किन पवनों द्वारा वर्षा होती है? **(HSSC CLERK)**
(a) दक्षिण-पश्चिमी मानसून पवन
(b) व्यापारिक पवन
(c) पछुआ पवन
(d) पश्चिमी विक्षोभ (a)

11. हरियाणा के किस भाग में सबसे कम वर्षा होती है? **(Inspector)**
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पश्चिम (d)

12. इनमें से किस अवधि में हरियाणा में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है? **(Auditor (Local Audit Department, Haryana)**
(a) जुलाई-अगस्त (b) जून-जुलाई
(c) अप्रैल-मई (d) मई-जून (d)

13. हरियाणा में किस स्थान पर सर्वाधिक औसत वर्षा होती है?
(a) अंबाला जिला (b) सिरसा जिला
(c) मेवात जिला (d) हिसार जिला (a)

14. हरियाणा में गर्मी का मौसम कब से होता हैं- **(HSSC Clerk)**
(a) अप्रैल से जून (b) जनवरी से मार्च
(c) जुलाई से मई (d) जुलाई से सितंबर (a)

15. हरियाणा के किस जिलें में सबसे कम वर्षा होती है-
(a) फरीदाबाद (b) रोहतक
(c) सिरसा (d) हिसार (c)

16. हरियाणा प्रतिवर्ष .... वर्षा प्राप्त करता है। **(Lab Attendent)**
(a) कम (b) उच्च (c) मध्यम (d) बूंदी (a)

17. हरियाणा की जलवायु है?
(a) सदा वर्षा (b) ग्रीष्म (c) महाद्वीप (d) सर्दी (c)

वन सम्पदा

18वीं भारत वन रिपोर्ट- 2023 (ISFR-2023)

- जारीकर्ता–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून
- रिपोर्ट जारी दिनांक–21 दिसंबर, 2024
- डेटा–1987 से भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI) द्वारा 2 वर्ष में ISFR जारी।
- पहली रिपोर्ट जारी–1987 में
- वर्तमान 18वीं रिपोर्ट–2023 के विमोचनकर्ता- भूपेन्द्र सिंह यादव (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री)
- कुल वन और वृक्ष आवरण–8,27,357 वर्ग किमी. (25.17%)
- वन आवरण का क्षेत्रफल–7,15,342.61 वर्ग किमी. (21.76%)
- वृक्ष आवरण का क्षेत्रफल–1,12,014 वर्ग किमी. (3.41%)
- ISFR-2021 की तुलना में ISFR-2023 में देश के कुल वन एवं वृक्ष में 1445 वर्ग किमी. की वृद्धि
- वन आवरण में–156 वर्ग किमी. वृद्धि
- वृक्ष आवरण में–1289 वर्ग किमी. वृद्धि
- वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि वाले राज्य–
  (1) छत्तीसगढ़- 684 वर्ग किमी.
  (2) उत्तर प्रदेश- 559 वर्ग किमी.
  (3) ओडिशा- 559 वर्ग किमी.
  (4) राजस्थान- 394 वर्ग किमी.
- वन आवरण में अधिकतम वृद्धि वाले राज्य
  (1) मिजोरम- 242 वर्ग किमी.,
  (2) गुजरात- 180 वर्ग किमी.
  (3) ओडिशा- 152 वर्ग किमी.
- क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे अधिक वन एवं वृक्ष आवरण वाले राज्य
  (1) मध्य प्रदेश- 85,724 वर्ग किमी.,
  (2) अरुणाचल प्रदेश- 67,083 वर्ग किमी.
  (3) महाराष्ट्र- 65,383 वर्ग किमी.

18वीं वन रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में वनों की स्थिति

- हरियाणा में वनावरण–1614.26 वर्ग किमी. (3.65%)
- हरियाणा में वृक्षावरण–1693.02 वर्ग किमी. (3.83%)
- कुल वनावरण और वृक्षावरण क्षेत्रफल–1614.26 + 1693.02 = 3307.28 किमी.^{2} (3.65% + 3.83% = 7.48%)
- वर्ष 2021 से वर्ष 2023 तक रिपोर्ट अनुसार हरियाणा में (13.96 वर्ग किमी.) वन क्षेत्रफल में कमी हुई है।
- हरियाणा वन विभाग की स्थापना–07 दिसम्बर, 1989
- हरियाणा वन विभाग का प्रतीक चिह्न–वृक्ष की रक्षा अपनी रक्षा
- हरियाणा सरकार में वन मन्त्री–राव नरबीर सिंह (बादशाहपुर)
- हरियाणा राज्य में अत्यन्त सघन वन (Very Dense Forest)–27.17 किमी.^{2}
- सबसे अधिक सघन वन–
  (1) यमुनानगर (21.47 वर्ग किमी.)
  (2) पंचकूला (5.70 वर्ग किमी.)
- मध्यम सघन वन (Mod. Dense forest)–441.18 वर्ग किमी.
- सबसे अधिक मध्यम सघन वन–
  (1) पंचकूला (147.59 किमी.^{2})
  (2) यमुनानगर (86.16 किमी.^{2})
  (3) गुरुग्राम (31.85 किमी.^{2})
- सबसे कम मध्यम सघन वन–
  (1) झज्जर (0.23 वर्ग किमी.)
  (2) रोहतक (1.36 वर्ग किमी.)
- खुले वन–1145.91 किमी.^{2}
- सबसे अधिक खुले वन–
  (1) पंचकुला (263.83 वर्ग किमी.),
  (2) मेवात- (95.38 वर्ग किमी.)
- सबसे कम खुले वन–
  (1) पलवल (11 वर्ग किमी.),
  (2) पानीपत (12.87 वर्ग किमी.))
- झाड़ी–174.38 वर्ग किमी. (0.39%)
- सबसे अधिक झाड़ी वाला जिला–
  (1) महेन्द्रगढ़ (40.09 किमी.^{2})
  (2) मेवात (27.15 वर्ग किमी.)
  (3) गुरुग्राम (20.42 वर्ग किमी.)
- सबसे कम झाड़ी वाला जिला–
  (1) जींद (0.08 वर्ग किमी.),
  (2) अम्बाला (0.09 वर्ग किमी.)
- हरियाणा राज्य में सबसे ज्यादा वन क्षेत्रफल–
  (1) पंचकूला- (390.12 वर्ग किमी.),
  (2) यमुनानगर (188.99 वर्ग किमी.)
  (3) गुरुग्राम- (113.11 वर्ग किमी.)
- हरियाणा राज्य में सबसे कम वन क्षेत्रफल–
  (1) पलवल- 13.82 वर्ग किमी.,
  (2) रोहतक- 14.54 वर्ग किमी.
  (3) पानीपत- 15.97 वर्ग किमी.
- प्रतिशत के अनुसार सबसे ज्यादा वन वाले जिले–
  (1) पंचकूला (43.44%)
  (2) यमुनानगर (10.69%)
  (3) फरीदाबाद (10.58%)
- प्रतिशत के अनुसार सबसे कम–
  (1) फतेहाबाद (0.84%)
  (2) रोहतक (0.85%)
  (3) जीन्द (0.98%)
- क्षेत्रफल के अनुसार सबसे अधिक वृद्धि–
  (1) अम्बाला (4.08 वर्ग किमी.)
  (2) यमुनानगर (1.92 वर्ग किमी.)
  (3) सिरसा (1.05 वर्ग किमी.)
- क्षेत्रफल के अनुसार सबसे अधिक कटौती (कमी)–
  (1) रोहतक (-4.28 वर्ग किमी.)
  (2) मेवात (-4.05 वर्ग किमी.)
  (3) हिसार- (-1.92 वर्ग किमी.)
- फरीदाबाद नगरपालिका में सबसे ज्यादा वन क्षेत्रफल–45.21 वर्ग किमी.

- फरीदाबाद नगरपालिका में सबसे ज्यादा झाड़ियाँ (अधिक)– 17.07 वर्ग किमी.
- प्रतिशत के अनुसार किस म्युनिसिपल में सबसे अधिक वन है– कालका (29.35%)
- 2023-24 में हरियाणा में आग लगने के कुल मामले– 166 सबसे अधिक–
  (1) यमुनानगर में (73 मामले)
  (2) पंचकूला में (29 मामले)
  (3) पानीपत में (16 मामले)
- 2022-23 में आग लगने के मामले– 82 मामले
- सबसे अधिक किस प्रजाति के पेड़ पाये जाते हैं–
  (1) सफेदा- (Eucalyptus species) (3750 प्रजातियाँ)
  (2) किकर या बबूल (Neltuma Juli flora)- 2640 प्रजातियाँ
- सबसे ज्यादा पाये जाने वाली झाड़ी वृक्ष– Justicia adhatoda (बसुटी या अड्सा) (3,34,991 Plant)
- सबसे ज्यादा पाये जाने वाले जड़ी-बूटी– कैंसिया टोरा (चकुंडा)

Forest Cover of Haryana

Class	Area	% of Calculated Area by SoI
VDF	27.17	0.06
MDF	441.18	1.00
OF	1,145.91	2.59
Total	1,614.26	3.65
Scrub	174.38	0.39

District-wise Forest Cover in Haryana

District	Calculated Ara by SoI	Very Dense Forest	Mod. Dense Forest	Open Forest	Total	% of Calculated Area of SoI	Change W.r.t. 2021 Raster based *	Scrub
Ambala	1,574	0.00	17.31	39.36	56.67	3.60	4.08	0.09
Bhiwani	3,386	0.00	4.08	58.53	62.61	1.85	–1.89	7.15
Charkhi Dadri	1,382	0.00	3.56	42.36	45.92	3.32	–1.24	9.00
Faridabad	741	0.00	25.98	52.45	78.43	10.58	–1.08	20.20
Fatehabad	2,538	0.00	2.96	18.35	21.31	0.84	–0.32	1.07
Gurugram	1,258	0.00	31.85	81.26	113.11	8.99	0.15	20.42
Hisar	3,993	0.00	10.75	47.79	58.54	1.47	–1.92	6.28
Jhajjar	1,834	0.00	0.23	25.33	25.56	1.39	0.65	6.43
Jind	2,701	0.00	4.79	21.64	26.43	0.98	0.26	0.08
Kaithal	2,318	0.00	21.51	32.81	54.32	2.34	–1.26	0.95
Karnal	2,494	0.00	4.16	28.79	32.95	1.32	0.04	0.67
Kurukshetra	1,536	0.00	19.94	26.09	46.03	3.00	–1.63	1.69
Mahendragarh	1,899	0.00	21.74	89.57	111.31	5.86	–1.72	40.09
Mewat	1,507	0.00	13.58	95.38	108.96	7.23	–4.05	27.15
Palwal	1,359	0.00	2.43	11.39	13.82	1.02	–0.21	0.20
Panchkula	898	5.70	147.59	236.83	390.12	43.44	–1.43	20.33
Panipat	1,288	0.00	3.10	12.87	15.97	1.24	–0.47	0.64
Rewari	1,594	0.00	11.90	49.55	61.45	3.86	–0.52	9.11
Rohtak	1,704	0.00	1.36	13.18	14.54	0.85	–4.28	1.02
Sirsa	4,277	0.00	3.54	61.04	64.58	1.51	1.05	0.15
Sonipat	2,163	0.00	2.66	19.98	22.64	1.05	–0.09	0.84
Yamunanagar	1,768	21.47	86.16	81.36	188.99	10.69	1.92	0.82
Grand Total	44,212	27.17	441.18	1,145.91	1,614.26	3.65	–13.96	174.38

अभ्यास प्रश्न

1. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य में सबसे कम प्रतिशत वन क्षेत्र किस जिले में पाया जाता है-
   (a) फतेहाबाद (b) पानीपत
   (c) हिसार (d) सोनीपत (a)
2. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य के किस जिले में सबसे कम वन क्षेत्र पाया जाता है-
   (a) झज्जर (b) अम्बाला
   (c) पलवल (d) जीन्द (c)
3. भरतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य में सर्वाधिक प्रतिशत वन क्षेत्र किस जिले में पाया जाता है-
   (a) यमुनानगर (b) पंचकुला
   (c) गुरुग्राम (d) फरीदाबाद (b)

4. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वह जिला जिसमें अति सघन वन पाए जाते हैं-
(a) गुरुग्राम (b) यमुनानगर
(c) कैथल (d) पंचकुला (b)
5. हरियाणा में सबसे अधिक वन क्षेत्र वाले जिलों का समूह है-
(a) यमुनानगर, पंचकुला, कैथल, हिसार
(b) यमुनानगर, पंचकुला, गुरुग्राम, कैथल
(c) पंचकुला, यमुनानगर, गुरुग्राम, भिवानी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं (c)
6. हरियाणा राज्य का कितना क्षेत्र वन से घिरा है-
(a) 3.63% (b) 2.5%
(c) 5.5% (d) 4.5% (a)
7. 2021 के राज्य वन प्रतिवेदन के अनुसार, हरियाणा का वन क्षेत्रफल है-
(a) 1,550 वर्ग किमी. (b) 1,603.48 वर्ग किमी.
(c) 1,659 वर्ग किमी. (d) 1,586 वर्ग किमी. (b)
8. इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य के कुल कितने क्षेत्र में वृक्षाच्छादन है-
(a) 1104 वर्ग किमी. (b) 1425 वर्ग किमी.
(c) 1594 वर्ग किमी. (d) 463 वर्ग किमी. (b)
9. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, हरियाणा के कुल भौगोलिक क्षेत्र के कितने प्रतिशत भाग में वनाच्छादन एवं वृक्षाच्छादन है-
(a) 3.80% (b) 3.53% (c) 6.85% (d) 3.61% (c)
10. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य के कुल अभिलिखित वन क्षेत्र के कितने प्रतिशत भाग में आरक्षित वन क्षेत्र पाया जाता है-
(a) 74.28% (b) 15.9% (c) 3.53% (d) 9.75% (b)
11. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य के कुल अभिलिखित वन क्षेत्र में कितने प्रतिशत भाग में संरक्षित वन क्षेत्र पाया जाता है-
(a) 15.97% (b) 74.28% (c) 3.53% (d) 9.75% (b)
12. हरियाणा के किस जिले में उष्ण कटिबन्धीय शुष्क पतझड़ वनों का विस्तार है-
(a) सोनीपत (b) भिवानी
(c) गुरुग्राम (d) उपर्युक्त सभी (d)
13. चीड़ एवं पाइन के वृक्ष हरियाणा के किस जिले में मिलते हैं-
(a) यमुनानगर (b) पंचकुला
(c) कैथल (d) (a) और (b) दोनों (d)
14. 'ग्रीनिंग ऑफ हरियाणा' कार्यक्रम किससे सम्बन्धित है-
(a) सिंचाई से (b) वृक्षारोपण से
(c) पार्कों के निर्माण से (d) घास उगाने से (b)
15. राज्य में यूरोपियन संघ की सहायता से 'हरियाणा सामुदायिक' नामक परियोजना कब शुरू की गई थी-
(a) वर्ष 1988-89 (b) वर्ष 1998-99
(c) वर्ष 1982-83 (d) वर्ष 1984-85 (b)
16. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राज्य के किस जिले में सर्वाधिक वन क्षेत्र पाया जाता है-
(a) भिवानी (b) गुरुग्राम
(c) पंचकुला (d) यमुनानगर (c)

हरियाणा की झीलें

गुरुग्राम जिले में झीलें

- दमदमा झील - यह हरियाणा की बड़ी झील है। यह झील 3000 एकड़ में फैली है। इसका निर्माण सन् 1947 में अंग्रेजों द्वारा किया गया था।
- सुल्तानपुर झील - यह गुरुग्राम के फर्रुखनगर में स्थित है। यहाँ पर प्रवासी पक्षी पहुँचते हैं। इस झील को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। साइबेरियन सारस पक्षी साइबेरिया (रूस) से आते हैं। जेट धारा (तेज धारा) 150- 300 km/hour की गति से चलती है। उनके साथ पक्षी हवा में उड़ कर आ जाते हैं।
- खलीलपुर झील - यह गुरुग्राम में स्थित है।
- बसई झील - गुरुग्राम में स्थित हैं।
- सोहना झील - गुरुग्राम में स्थित हैं।

फरीदाबाद की झीलें

- बड़खल झील - फरीदाबाद में स्थित है तथा 204 एकड़ में फैली है तथा NH- 44 के पास में स्थित है। इसका निर्माण सन् 1947 में सिंचाई परियोजना के लिए किया गया था।
- सूरजकुंड झील - यह भी फरीदाबाद में स्थित है। इसका निर्माण राजा सूरजमल तोमर ने 11वीं शताब्दी में करवाया था। यह झील उगते हुए सूरज के लिए प्रसिद्ध मानी जाती है।
  - विश्व में उगते हुए सूरज का देश - जापान
  - भारत का राज्य - अरुणाचल प्रदेश
  - धौज झील फरीदाबाद में है।
  - मयूर झील फरीदाबाद में स्थित है।
  - अनंगपुर झील फरीदाबाद में स्थित है।

मेवात की झीलें

- कोटला झील, सांगेल झील, चंदेली झील, उजीणा झील, सभी मेवात की झीलें हैं।
- टिक्करताल झील - यह पंचकुला स्थित है।
- बिदकयार या बृदकेवार झीलें - कैथल में स्थित है।
- सनहित झील - यह कुरुक्षेत्र में स्थित है। इस झील को 7 नदियों का संगम भी कहा जाता है।
- डबचिक झील - यह होडल (पलवल) में स्थित है।
- कर्ण झील व चक्रवर्ती झील -यह झील करनाल में स्थित है। यह 17 एकड़ में फैली है तथा यहाँ पर कर्ण स्नान किया करते थे।
- बुलबुल झील - यह जींद में स्थित है।
- बीबीपुर झील - यह कुरुक्षेत्र में स्थित है।
- तिलियार झील - ये झील रोहतक में स्थित है तथा 132 एकड़ में फैली हुई है और NH- 9 हाईवे के पास में स्थित है।
- ब्लू बर्ड झील - ये हिसार में स्थित है।
- ब्लैक बर्ड झील - ये हांसी (हिसार) में स्थित है।
- चिल्ली झील - यह फतेहाबाद में स्थित है।
- शोभा सागर झील - यह नारनौल (महेंद्रगढ़) में स्थित है
- सुखना झील - चंडीगढ़ में स्थित है तथा 188 एकड़ में फैली हुई है। इसका निर्माण लगभग सन् 1958 में किया गया था तथा यह 3 किलोमीटर में फैली हुई है। यह शिवालिक पहाड़ी की तलहटी में स्थित है।

नोटः- HSSC के अनुसार हरियाणा में 5 झीलें हैं।

अभ्यास प्रश्न

1. फरीदाबाद जिले में दो झीलें .... और .... हैं। (Tractor Mechanic Instructor)
(a) बड़खल झील, सूरजकुंड झील
(b) दमदा झील, हथनीकुंड झील
(c) भिंडवास झील, ब्रह्म सरोवर झील
(d) सुखना झील, सन्निहित सरोवर झील (a)
2. निम्नलिखित में से कौन-सी झील एक मानव निर्मित झील है? (Workshop Calculation & Science)
(a) बड़खल झील (b) ब्रह्म सरोवर झील
(c) सन्निहित सरोवर झील (d) सुखना झील (d)
3. दमदमा झील .... जिलें में है। (Lab Attendent)
(a) फरीदाबाद (b) रोहतक
(c) गुरुग्राम (d) हिसार (c)
4. झज्जर में लगभग- (Food and Supply Series C)
(a) 16000 एकड़ जलाक्रान्त भूमि है।
(b) 1600 एकड़ जलाक्रान्त भूमि है।
(c) 160 एकड़ जलाक्रान्त भूमि है।
(d) 1600 तालाब और झील है। (a)
5. निम्न में से कौन-सी झील NH-2 (नया नाम NH-44) पर स्थित है।
(a) टिक्कर ताल (b) तिलियार झील
(c) डबचिक झील (d) ब्लू बर्ड (c)
6. ब्रह्मसरोवर को पानी की आपूर्ति निम्न में से किस नहर द्वारा की जाती है।
(a) बरवाला ब्रांच नहर (b) नरवाना ब्रांच नहर
(c) सुंदर ब्रांच नहर (d) इनमें से कोई नहीं (b)
7. किस झील पर बसंत ऋतु में "लावर शो का आयोजन किया जाता है-
(a) बड़खल (b) दमदमा
(c) तिलियार (d) ब्लूबर्ड (a)
8. किस झील पर राज्य सरकार द्वारा वाटर पोलो स्पोर्ट्स सेंटर का निर्माण किया जा रहा है-
(a) बड़खल (b) दमदमा
(c) सुल्तानपुर (d) ब्लूबर्ड (b)
9. इस झील का उल्लेख अल्बरूनी की प्राचीन पुस्तक 'किताब-उल-हिंद' में किया गया है- (ASST. MANAGER 26.12.21 (EVENING))
(a) हथिनी कुंड (b) ब्रह्म सरोवर
(c) करनाल झील (d) सूरजकुंड (b)
10. .... हरियाणा की सबसे बड़ी आर्द्र भूमि है। (ASST. MANAGER 26.12.21 (MORNING))
(a) दमदमा (b) हथिनीकुंड
(c) भिंडावास (d) बडखल (c)
11. गुरुग्राम में निम्न में से कौनसी झील मौजूद है? (ITI PLASTIC OPERATOR 25.12.21)
(a) बढखल झील (b) कर्ण झील
(c) दमदमा झील (d) धौज झील (c)
12. फरीदाबाद के पास बड़खल झील किस पर्वतमाला के किनारे पर स्थित है? (Computer)
(a) अरावली पर्वतमाला (b) विंध्या पर्वतमाला
(c) सतपुड़ा पर्वतमाला (d) हिंदू कुश (a)
13. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है- (HTET PRT PAPER 19.12.21)

झील	स्थान
(a) बड़खल झील	फरीदबाद
(b) भिंडावास झील	झज्जर
(c) चंदेली झील	गुरुग्राम
(d) बुलबुल झील	जींद

(c)
14. विख्यात बड़खल सरोवर हरियाणा के निम्न में से किस जिले में स्थित है। (HSSC ALM 14.11.2021)
(a) गुरुग्राम (b) भिवानी
(c) फरीदाबाद (d) रोहतक (c)
15. निम्न में से कौन-सा सरोवर राज्य के फरुखनगर तहसील में स्थित है। (HSSC ALM 14.11.2021)
(a) सुल्तानपुर सरोवर (b) दमदमा सरोवर
(c) खलीलपुर सरोवर (d) कोटला सरोवर (a)
16. हरियाणा में राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कितने आर्द्रभूमि को मान्यता दी गई है? (HSSC Dental Hygenist Paper (16.07.2021))
(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 1 (c)
17. निम्नलिखित में से हरियाणा में कौन-सी झील एक वन्य जीव अभयारण्य है? (HSSC VLDA 18.07.2021 (C))
(a) बड़खल (b) दमदमा
(c) भिंडावास (d) करनाल (c)
18. यह झील हरियाणा के थानेसर में स्थित है। किताब-उल-हिंद में इसका उल्लेख भी है। यह कौन-सी झील है? (HSSC Dental Hygenist Paper (16.07.2021))
(a) बड़खल झील (b) सूरजकुंड झील
(c) ब्रह्मसरोवर झील (d) सन्निहित सरोवर झील (c)
19. हरियाणा में इस झील का निर्माण वर्ष 1958 में लीकोर्बुसीर की देखरेख में किया गया था। इस वर्ष 1988 में राष्ट्रीय आर्द्रभूमि घोषित किया गया था। यह झील कहाँ स्थित है? (HSSC Dental Hygenist Paper (16.07.2021))
(a) चंडीगढ़ (b) कुरुक्षेत्र
(c) मारकांड (d) सरस्वती छोटांग (a)
20. 11वीं सदी की अल-बरुनी की इतिहास की 'किताब-उल-हिंद' में ...., हरियाणा की एक प्रसिद्ध झील का उल्लेख है। (HSSC VLDA 18.07.2021 (C))
(a) बड़खल (b) दमदमा
(c) ब्रह्म सरोवर (d) कर्णा (c)
21. निम्नलिखित में से कौन-सी झील हरियाणा में 1947 में दो छोटे टीलों को जोड़ने से बनती है। (HSSC Gram Sachiv (09.01.2021))
(a) कर्ण झील (b) दमदमा झील
(c) बड़खल झील (d) हथिनी कुंड झील (c)
22. निम्न में से गलत मिलान कौन-सा है? (HSSC PTI 2020)
(a) तिलयार झील : हिसार (b) ब्लू बर्ड झील : हिसार
(c) सूरज कुंड झील : फरीदाबाद (d) बड़खल झील : फरीदाबाद (a)
23. दमदमा हरियाणा में .... का नाम है। Lower Division Clerk (Field Cadre) (E))
(a) सबसे ऊँची पर्वत चोटी (b) सबसे लंबी नदी
(c) सबसे बड़ी झील (d) सबसे बड़ी टाइगर रिजर्व (c)

24. हरियाणा की सबसे बड़ी झील कौन-सी है? (Lower Division Clerk) (Head office cadre (Afternoon))
(a) सुखना लेक (b) टिल्लर झील
(c) दमदमा झील (d) सूरजकुंड झील (c)

25. हरियाणा में फरीदाबाद की यह झील तोमर वंश के शासन के दौरान स्थापना की गयी थी। (HSSC Life Operator 14.08.2021)
(a) सूरजकुंड (b) सन्निहित सरोवर
(c) ब्रह्म सरोवर (d) कर्ण सरोवर (a)

26. बड़खल झील हरियाणा के .... जिले में स्थित है। (HSSC Welder 06.08.2021)
(a) फरीदाबाद (b) सिरसा (c) करनाल (d) हिसार (a)

27. चिल्ली झील, हरियाणा के .... जिले में है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) फतेहाबाद (b) पानीपत
(c) करनाल (d) फरीदाबाद (a)

28. दमदमा झील, हरियाणा के .... जिले में स्थित है। यह एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षक केंद्र है जहाँ हरियाणा की सबसे बड़ी प्राकृतिक झीलों में से एक झील स्थित है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) रेवाड़ी (b) सोनीपत (c) करनाल (d) गुरुग्राम (d)

29. 1972 में बनाया गया रमणीय सरोवर पर्यटन स्थल है- (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) सुखाना (b) कर्ण (c) अर्जुन (d) भीमा (b)

30. हरियाणा के हिसार जिले में कौन-सी झील स्थित है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) कर्ण झील (b) ब्लू बर्ड लेक
(c) तिल्यार झील (d) बासोलान झील (b)

31. निम्नलिखित में से किस झील पर विदेशी पर्यटक अधिक संख्या में आते हैं- (Aganbari Superwiser 30.04.17)
(a) दमदमा (b) बड़खल
(c) सुल्तानपुर (d) कोटला (b)

32. निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है- (MPHW 29.01.17)
(a) दमदमा झील, गुरुग्राम (b) कर्ण झील, करनाल
(c) बड़खल झील, फरीदाबाद (d) सुल्तानपुर झील, हिसार (d)

33. बड़खल झील घिरी हुई है- (Statistical Assistants)
(a) मोरनी पहाड़ियों से (b) इनमें से कोई नहीं
(c) अरावली पहाड़ियों से (d) शिवालिक पहाड़ियों से (c)

34. निम्न में से कौन-सी हरियाणा की झील नहीं है- (Station Superwiser, 18.12.2017)
(a) कोटला झील (b) चिल्का झील
(c) दमदमा झील (d) खलीलपुर झील (b)

35. हरियाणा के करनाल में प्रसिद्ध झील का क्या नाम है? (HSSC CLERK (20.11.2016 Evening)
(a) पेराकीट (b) सुल्तानपुर (c) कर्ण (d) अभिमन्यु (c)

36. बड़खल झील एक प्राकृतिक झील है, जो कि हरियाणा राज्य के .... में स्थित है? (HSSC CLERK (04.12.2016 Evening)
(a) हिसार (b) पंचकूला
(c) कुरुक्षेत्र (d) फरीदाबाद (d)

37. कौन-सी झील करनाल के पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है- (PGT SANSKRIT)
(a) रानी तालाब (b) कर्ण तालाब
(c) ब्लूबर्ड (d) तिलियार झील (b)

38. निम्न में से कौन सही सुमेलित है- (PGT MATH MEWAT)
(a) बड़खल - फरीदाबाद (b) भिन्डावास - कुरुक्षेत्र
(c) ब्रह्म सरोवर - रोहतक (d) दमदमा - सिरसा (a)

39. निम्नलिखित में से कौन-सी झील हरियाणा में स्थित है? (Labour Inspector, PGT HISTORY)
(a) दमदमा झील (b) कोटला झील
(c) खलीलपुर झील (d) ये सभी (d)

40. प्रसिद्ध बीबीपुर व नजफगढ़ नामक झीलें हरियाणा के किस प्राकृतिक क्षेत्र में स्थित हैं- (PGT COMMERCE)
(a) मैदानी क्षेत्र
(b) रेतीला क्षेत्र
(c) शिवालिक का पहाड़ी क्षेत्र
(d) अरावली की पहाड़ियों का शुष्क मैदानी क्षेत्र (a)

41. ब्लू बर्ड झील कहाँ स्थित है? (HSSC J.E. CIVIL)
(a) फरीदाबाद (b) फतेहाबाद
(c) हिसार (d) जीन्द (c)

42. कोटला झील स्थित है- (Drawing Screening)
(a) मेवात (b) पलवल (c) रेवाड़ी (d) महेन्द्रगढ़ (a)

43. हरियाणा का पर्यटन स्थल 'टिकरताल स्थित' है- (बस कण्डक्टर-2012)
(a) मोरनी (b) सुल्तानपुर
(c) कुरुक्षेत्र (d) कोई नहीं (a)

44. हरियाणा राज्य में विविध प्रवासी पक्षियों के दर्शन हेतु निम्न में से कौनसी झील प्रसिद्ध है? (HSSC CLERK)
(a) कोटला (b) खलीलपुर
(c) सुल्तानपुर (d) कोई नहीं (c)

45. प्रदेश के फर्रूखनगर खण्ड में निम्न में से कौनसी झील है- (HSSC CLERK)
(a) सुल्तानपुर झील (b) दमदमा झील
(c) खलीलपुर झील (d) कोटला झील (a)

46. निम्नलिखित में से कौनसी एक हरियाणा की झील नहीं है? (Steno (M) 07.11.2017)
(a) बड़खल झील (b) मयूर झील (पीकॉक झील)
(c) वुलर झील (d) दमदमा झील (c)

हरियाणा की नदियाँ

हरियाणा की उत्तरी पूर्वी नदियाँ

यमुना नदी

- गंगा की सहायक नदी यमुना नदी है,जो हरियाणा की प्रमुख नदी है। यह नदी पूर्व में हरियाणा को उत्तर प्रदेश से अलग करती है। यह उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में स्थित बंदरपूंछ के पश्चिम ढाल से निकलती है।
- हरियाणा में लंबाई - 320 किलोमीटर
- समुद्र तल से यमुनोत्री, गंगोत्री की ऊँचाई - 6330 मी.
- यह नदी बारहमासी नदी है। यह नदी यमुनानगर के ताजेवाला उत्तर में कालेसर में तथा हरियाणा में प्रवेश करती है। उसके बाद करनाल,

पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, पलवल के हसनपुर से होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है। वर्तमान में हरियाणा यमुना नदी के किनारे पर बसा हुआ है। पहले हरियाणा सरस्वती नदी के किनारे पर था।

घग्घर नदी

- यह नदी हरियाणा की मौसमी नदी है, जो कि हिमाचल प्रदेश के शिमला के समीप डागसाई से निकलती है। सबसे पहले हरियाणा के कालका में प्रवेश करती है तथा उसके बाद पंचकुला, अंबाला, कैथल, फतेहाबाद, सिरसा से होते हुए राजस्थान के हनुमानगढ़ में लुप्त हो जाती है।
- इसको हरियाणा की बरसाती नदी भी कहा जाता है। पाकिस्तान में इसे हाकरा नदी के नाम से जाना जाता है। घग्घर नदी हरियाणा के उत्तर पश्चिम में बहती है।

मारकंडा नदी

- यह नदी हिमाचल प्रदेश के नाहन के पास शिवालिक पहाड़ियों से निकलती है। हरियाणा में सबसे पहले अंबाला जिले में प्रवेश करती है। इसके बाद कुरुक्षेत्र की सनीषा झील में प्रवेश करती है।
- उसके बाद कैथल के समीप घग्गर नदी में मिल जाती है। इसका प्राचीन नाम अरुणा है और घग्गर की सहायक नदी है।

टांगरी नदी

- यह पंचकुला की मोरनी पहाड़ियों से निकलती है और अंबाला के मुलाना के निकट मारकंडा नदी में मिल जाती है।

सरस्वती नदी

- वर्तमान में सरस्वती नदी लुप्त हो चुकी है, लेकिन माना जाता है कि यह नदी हिमाचल प्रदेश के सिरमौर से बर्फीली पहाड़ियों से निकलती है। सरस्वती नदी के अवशेष यमुनानगर के मुगलावली गाँव में मिले हैं।

> नोट:-सरस्वती नदी के किनारे महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना की थी।
> यमुनानगर के मुस्तफाबाद गाँव में सरस्वती के बहने के सबूत मिले हैं। इसी कारण मुस्तफाबाद का नाम बदलकर सरस्वती नगर कर दिया है।

- यमुनानगर सरस्वती नदी के किनारे है।
- नरकातारी तीर्थ सरस्वती नदी के किनारे है।
- हरियाणा सरकार ने सरस्वती नदी को संरक्षण देने के लिए हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड का गठन किया है

> नोट:- प्राचीन समय में हरियाणा सरस्वती नदी के किनारे बसा था।

- चोटांग नदी का पुराना नाम दृषद्वती है।
- मोरनी की पहाड़ियों की ऊँचाई 1214 मीटर है। इसकी सबसे ऊँची चोटी करोह 1514 मीटर है। अरावली क्षेत्र की ऊँची चोटी कुलताजपुर नारनौल (महेंद्रगढ़) में 652 मीटर ऊँची है। ऋग्वेद में सरस्वती नदी अरब सागर में गिरती थी।

राक्षी नदी

- यह नदी यमुनानगर के बिलासपुर के नजदीक शाहपुर से लाडवा (कुरुक्षेत्र) तक जाती है और चोटंग नदी में मिल जाती थी।

हरियाणा की दक्षिणी नदियाँ

साहिबी नदी

- यह हरियाणा की प्रमुख नदी है। इसका उद्गम स्थान राजस्थान में जयपुर से 113 किलोमीटर दूर स्थित मनोहरपुर और जीतगढ़ के पास बहरोड़ पहाड़ी से होता है। यह राजस्थान के अलवर को पार करके कोटकासीम के निकट हरियाणा के रेवाड़ी जिले में प्रवेश करती है। रेवाड़ी में इस नदी पर मसानी बैराज बना हुआ है।
- रेवाड़ी से होते हुए गुरुग्राम के लाहौरी गाँव के निकट झज्जर में प्रवेश करती है। झज्जर से होते हुए नजफगढ़ झील (दिल्ली) में मिल जाती है। उसके बाद यमुना नदी में मिल जाती है। साहिबी नदी यमुना की सहायक नदी भी है।

दोहान नदी

- यह एक मौसमी नदी है, जो साहिबी नदी के साथ मिलकर बहती है। ढोसी नामक स्थान से निकलने वाली प्राचीन नदी है इसकी लम्बाई 50 कि.मी. है।

इंदौरी नदी

- यह नदी नूंह के निकट अरावली की पहाड़ियों से निकलती है। यहाँ से निकलने के बाद दो भागों में बंट जाती है। एक भाग रेवाड़ी की तरफ और दूसरा भाग पटौदी (गुरुग्राम) के निकट साहिबी नदी में मिल जाता है।
- इसका प्राचीन नाम अशुमति था।
- कृष्णावती नदी - यह नदी राजस्थान की अरावली पहाड़ियों से निकलती है और सबसे पहले हरियाणा में नारनौल के पास प्रवेश करती है। अंत में बहरोड़ नाले में मिलकर लुप्त हो जाती है।

अभ्यास प्रश्न

1. कौन-सी नदी हरियाणा के जितगढ़ के पास मेवात पहाड़ियों से निकलती है- **HSSC Ophthalmic Assistant (17.07.2021)**
(a) दोहन (b) साहिबी (c) टंगरी (d) कृष्णावती **(b)**
2. हरियाणा के मारकंडा नदी का प्राचीन नाम है। **HSSC T.B. Health Worker 16.07.2021**
(a) अरुणा (b) दोहान (c) छज्जू (d) याम **(a)**
3. .... हरियाणा में एकमात्र सदानीरा नदी है। **HSSC VLDA 18.07.2021 (C)**
(a) घग्गर (b) हाकरा (c) यमुना (d) मारकंडा **(c)**
4. निम्नलिखित में से हरियाणा में कौन-सी घग्घर नदी की एक सहायक नदी है? **HSSC VLDA 18.07.2021 (C)**
(a) चौतंग (b) सरस्वती (c) अरुणा (d) नजफगढ़ **(a)**
5. हरियाणा में वैदिक दृशद्वती नदी को .... कहते हैं? **HSSC VLDA 18.07.2021 (C)**
(a) सरस्वती (b) मारकंडा (c) घग्गर (d) साहिबी **(d)**
6. हरियाणा के हनुमानचट्टी में हनुमान गंगा का मिलन किस नदी में होता है? **HSSC Fitter 09.08.21**
(a) मार्डडा (b) दोहन (c) कृष्णावती (d) यमुना **(d)**
7. हरियाणी के पश्चिम गढ़वाल में किस नदी का उद्गम हर-की-दून ग्लेशियर को माना जाता है? **HSSC Staff Nurse (M) 25.07.2021**
(a) दोहन (b) घग्घर
(c) हनुमान गंगा (d) सरस्वती **(d)**

8. निम्नलिखित में से किस नदी का स्रोत शिवालिक की पहाड़ियों में नहीं है। HSSC Gram Sachiv (09.01.2021)
(a) टांगरी (b) दोहन (c) मारकंडा (d) घग्घर (b)

9. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अरावली की पहाड़ियों से निकलती है? HSSC Pipe Fitter 03.08.2021
(a) टांगरी (b) मारकंडा (c) घग्गर (d) साहिबी (d)

10. बेगना .... नदी की एक सहायक नदी है। HSSC Tubewell 03.08.2021
(a) मारकंडा (b) टांगरी
(c) दोहन (d) कृष्णावती (a)

11. हरियाणा में इंदौरी नदी का उद्गम .... के निकट है। HSSC Welder 06.08.2021
(a) क्रुणाल (b) मेवात की पहाड़ियाँ
(c) शिवालिक की पहाड़ियाँ (d) कैथल (b)

12. हरियाणा की कौन-सी नदी, मानसून के दौरान व्यापक बाढ़ लाती है और अतिरिक्त पानी, सानिसा झील तक ले जाया जाता है? HSSC ITI Instructor 2020
(a) टांगरी नदी (b) दोहन नदी
(c) साहिबी नदी (d) मारकंडा नदी (d)

13. हरियाणा की कौन-सी मौसमी नदी, निचली शिवालिक पहाड़ियों से निकलती है और अंबाला के पास हरियाणा में प्रवेश करती है? HSSC ITI Instructor 2020
(a) मारकंडा (b) घग्गर (c) इंदौरी (d) दोहन (a)

14. हरियाणा में साहिबी, मारकंडा, तंग्री और कृष्णावती किसके नाम हैं? HSSC ITI Instructor 2020
(a) साधू संत (b) पहाड़ों (c) नदियों (d) लेखकों के (c)

15. .... नदी घग्गर नदी की मुख्य उपनदियों में से एक है। यह पंचकूला जिले में बहती है और पिंजोर के पास घग्गर नदी में मिलती है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) सरस्वती (b) टंगरी (c) कौशल्या (d) मारकंडा (c)

16. हरियाणा की मुख्य मौसमी नदी घग्गर .... से होकर राज्य में प्रवेश करती है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) बरवाला (b) हिमशिखा
(c) कालका (d) पिंजौर (c)

17. रेवाड़ी वह स्थान है जहाँ साहिबी नदी, ... है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) ऐतिहासिक सरस्वती नदी से मिलती है।
(b) हरियाणा में प्रवेश करती है।
(c) यमुना नदी के साथ जुड़ जाती है।
(d) दो धाराओं में बंट जाती है। (b)

18. वह नदी जो शाहपुर गाँव से निकलकर लाडवा नामक स्थान पर चौटांग नदी से मिलती है। उसे .... नदी भी कहते हैं। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) दोहान (b) चौटांग (c) कृष्णावती (d) राक्षी (d)

19. वह नदी जो मानसून के दौरान अत्यधिक बाढ़ भारी गाद के जमाव लाती है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) चौटांग (b) इंदौरी (c) मारकंडा (d) दोहान (c)

20. HSHDB क्या है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) हरियाणा स्टेट हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड
(b) हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड
(c) हेरिटेज ऑफ हरियाणा स्टेट डेवलपमेंट बोर्ड
(d) हरियाणा स्टेट हॉर्टिकल्चर डायरेक्टरेट एंड बोर्ड (b)

21. कौशल्या नदी .... नदी की एक सहायक नदी है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) यमुना (b) घग्गर-हकरा (c) बीस (d) सरस्वती (b)

22. निम्न में से कौन-सी मारकंडा नदी की उपनदी है? (Junior Software Developer, DHBVN (M))
(a) कौशल्या (b) बेगना (c) अरावली (d) पथराला (b)

23. दी गई नदियों में से कौन-सी नदी घग्गर की सहायक नदी है? (Junior Software Developer, DHBVN (M))
(a) डांगरी (b) कौशल्या (c) यमुना (d) सरस्वती (b)

24. हरियाणा में 50 किलोमीटर तक बहने वाली गैर-बारहमासी नदी कौन-सी है। (HSSC CLERK 23.09.2019 (E))
(a) चौटांग (b) इंदौरी (c) दोहान (d) राक्षी (c)

25. वह नदी जो सोलन जिले में डगशाई नामक स्थान के पास शिवालिक श्रेणी में जन्म लेती है, उसका क्या नाम है। (HSSC CLERK 23.09.2019 (E))
(a) घग्गर (b) मारकंडा (c) सरस्वती (d) टांगरी (a)

26. घग्घर नदी हरियाणा के किस जिले में नहीं बहती- (Aganbari Superwiser-30/04/17)
(a) कैथल (b) भिवानी (c) फतेहाबाद (d) सिरसा (b)

27. निम्न में से कौन-सी एक हरियाणा की नदी नहीं है- (Statistical Assistants)
(a) घग्घर (b) मारकंडा (c) ताप्ती (d) सरस्वती (c)

28. हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड का चेयरमैन कौन है- (HSSC JE Civil)
(a) डॉ. योगेन्द्र मलिक (b) मुख्यमंत्री हरियाणा
(c) प्रशांत भारद्वाज (d) राज्यपाल हरियाणा (b)

29. ''हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड'' का चेयरमैन कौन है- (Statistical Assistans)
(a) विपुल गोयल (b) नायब सिंह सैनी
(c) राम विलास शर्मा (d) ओम प्रकाश धनखड़ (b)

30. मारकंडा नदी कहाँ से निकलती है- (Superwiser, 2017)
(a) शिवालिक पहाड़ियाँ (b) मेवात पहाड़ियाँ
(c) यमनोत्री हिमनदी (d) इनमें से कोई नहीं (a)

31. निम्नलिखित में से कौनसी नदी हरियाणा और उत्तरप्रदेश के मध्य सीमा बनाती है? (HSSC CLERK (27.11.2016 Morning))
(a) यमुना (b) सरस्वती (c) साहिबी (d) घग्घर (a)

32. हरियाणा से सदा बहने वाली नदी कौनसी है? (HSSC CLERK (27.11.2016 Morning))
(a) मारकंडा (b) सरस्वती (c) यमुना (d) साहिबी (c)

33. निम्नलिखित में से कौनसी नदी शिवालिक पर्वत शृंखला से नहीं निकलती है? (HSSC CLERK (27.11.2016 Morning))
(a) यमुना (b) सरस्वती (c) मारकंडा (d) घग्घर (a)

34. आदि बद्री का सम्बन्ध किस पवित्र नदी से माना जाता है- (HSSC CLERK (04.12.2016 Morning))
(a) यमुना (b) सरस्वती (c) मारकंडा (d) गंगा (b)

35. हरियाणा की टांगरी नदी का उद्गम स्थल कहाँ है? (HSSC CLERK (04.12.2016 Morning))
(a) मेवात पहाड़ियाँ (b) यमुनोत्री
(c) डागशई (d) मोरनी पहाड़ियाँ (d)

36. यमुनानगर के मुगलवाली में किस नदी की खुदाई का कार्य चल रहा है? (Haryana Police (E))
(a) घग्घर (b) यमुना (c) सरस्वती (d) मारकंडा (c)

37. यमुना नदी हरियाणा के किस जिले की सीमा को नहीं छूती- (Grid Substation operator)
(a) पानीपत (b) यमुनानगर (c) करनाल (d) रोहतक (d)

38. हरियाणा के फरीदाबाद जिले में बहने वाली प्रमुख नदी कौन-सी है? (Haryana Patwari)
(a) सरस्वती (b) साहिबी (c) यमुना (d) मारकंडा (c)

39. शिवालिक की पहाड़ियों से हरियाणा प्रदेश की कौनसी नदी निकलती है- (PGT Political Science)
(a) घग्घर (b) मारकंडा (c) टांगरी (d) ये सभी (d)
40. निम्न सभी हरियाणा राज्य की नदियाँ हैं, सिवाय- (PGT Pol. Science)
(a) घग्घर (b) दोहन (c) कोटला (d) इन्दौरी (c)
41. मारकंडा नदी के महत्वपूर्ण उपनदी है- (PGT HISTORY)
(a) साहिबी (b) टांगरी (c) कृष्णावती (d) दोहन (b)
42. हरियाणा की वह कौनसी नदी है जो शिवालिक के निचले क्षेत्र से निकलती है और अंबाला के पश्चिम से हरियाणा में प्रवेश करती है- (Drawing Screening)
(a) घग्घर (b) सरस्वती (c) मारकंडा (d) साहिबी (c)
43. हरियाणा की प्रमुख नदियाँ हैं- (HCS & 2009)
(a) यमुना, गंगा (b) गंगा, सतलुज
(c) सतलुज, यमुना (d) यमुना, घग्घर (d)
44. घग्घर नदी है- (HSSC & 2010)
(a) मौसमी नदी (b) सदाबहार (c) दोनों (d) कोई नहीं (a)
45. सरस्वती नदी जो गायब हो चुकी है, कहा जाता है कि वह .... से होकर बहती थी? (HSSC CLERK)
(a) पंचकूला (b) यमुनानगर (c) अम्बाला (d) कुरूक्षेत्र (d)
46. हरियाणा की मुख्य मौसमी नदी घग्घर कहाँ गायब हो जाती है? (HSSC CLERK)
(a) यमुनानगर में (b) राजस्थान के मरूस्थलों में
(c) सतलुज नदी में (d) सानिसा झील में (b)
47. हरियाणा प्रदेश का यमुनानगर जिला कौनसी नदी के किनारे बसा है? (HSSC CLERK)
(a) गंगा (b) सरस्वती (c) यमुना (d) गोदावरी (c)
48. सरस्वती नदी हरियाणा में कहाँ से प्रवेश करती है? (CLERK)
(a) पिंजोर से (b) कलेसर से
(c) पंचकूला से (d) आदिबद्री से (d)
49. सतलुज-यमुना लिंक नहर का विवाद हरियाणा और दूसरे किस राज्य के बीच में है? (HSSC CLERK)
(a) पंजाब (b) राजस्थान
(c) उत्तराखण्ड (d) दिल्ली (a)
50. हरियाणा का अम्बाला जिला घग्घर नदी के किस दिशा में अवस्थित है? (Assistant Sanitary Inspector (M))
(a) उत्तर (b) पश्चिम (c) दक्षिण (d) पूर्व (d)
51. घग्घर नदी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? (Steno (M) 07.11.2017)
(a) यह दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पंजाब और हरियाणा से होकर बहती है।
(b) इसका उद्गम शिवालिक की पहाड़ियाँ है।
(c) यह बारहमासी नदी नहीं है।
(d) यह एक आंतरायिक नदी है। (a)
52. निम्नलिखित में से .... घग्घर नदी में प्रदूषण निर्वहन का एक प्रमुख स्रोत नहीं है। (Steno (E) 07.11.2017)
(a) भूजल का आर्सेनिक प्रदूषण
(b) सुखना नाला (परवानु)
(c) पिंजौर, कालका की मौसमी छोटी नदी
(d) डेरा बस्सी का औद्योगिक प्रवाह (a)
53. इन दिनों हरियाणा में बहने वाली किस नदी के पुनरुत्थान की चर्चा समाचारों में है? (Steno (N) 08.11.2017)
(a) घग्घर नदी (b) यमुना नदी
(c) सरस्वती नदी (d) मारकंडा नदी (c)
54. दी गई नदियों में से कौन घग्घर नदी की सहायक नदी है? (27.12.21 ITI ART. & ASST. INST.)
(a) डांगरी (b) कौशल्या (c) यमुना (d) सरस्वती (b)
55. निम्नलिखित में से किस जिले में यमुना नदी का प्रवाह नहीं है? (26.12.21 ASST. MANAGER (E))
(a) हिसार (b) पानीपत (c) सोनीपत (d) करनाल (a)
56. यमुना नदी हरियाणा के किस हिस्से में बहती है? (25.12.21 ITI)
(a) दक्षिणी (b) पूर्वी (c) पश्चिमी (d) उत्तरी (b)
57. निम्नलिखित में से किस नदी का उद्गम स्थल असंगत है? (HTET PGT PAPER 18.12.21)
उद्गम स्थल-
(a) सरस्वती - डांगूश
(b) इन्दौरी - मेवात की पहाड़ियाँ
(c) मारकंडा - शिवालिक की पहाड़ियाँ
(d) टांगड़ी - मोरनी की पहाड़ियाँ (a)
58. हरियाणा में हथिनीकुंड बैराज .... नदी पर स्थित है। (HSSC Durga Shakti 12.12.2021)
(a) यमुना (b) कृष्णावती (c) सतलुज (d) कोई नहीं (a)
59. घग्घर नदी राज्य के किस जिले से हरियाणा में प्रवेश करती है? (HSSC ITI 12.12.2021 Code-D)
(a) पंचकूला (b) अंबाला (c) कैथल (d) फतेहाबाद (a)
60. हरियाणा में मारकंडा नदी निम्न में से किस जिले से होकर नहीं गुजरती? (H.P.SI-Male-Paper-26.09.2021)
(a) अम्बाला (b) पंचकूला (c) सिरमौर (d) कुरूक्षेत्र (b)
61. लोहारू उठान सिंचाई परियोजना (नहर) किस प्रसिद्ध व्यक्ति के नाम पर रखी गई? (H.P.SI-Male-Paper 26.09.2021)
(a) राजीव गाँधी (b) अटल बिहारी वाजपेयी
(c) महात्मा गाँधी (d) इंदिरा गाँधी (d)
62. यह नदी कालेसर वन के निकट हरियाणा में प्रवेश करती है। (Haryana Police Female Constable-18.09.2021 (E))
(a) घग्गर (b) साहिबी (c) मारकंडा (d) यमुना (d)
63. प्राचीन समय में हरियाणा किस नदी के किनारे स्थित था? (Haryana Police Male Constable-13.10.2021)
(a) थापरा (b) यमुना (c) मारकंडा (d) सरस्वती (d)
64. किस नदी का उद्गम स्थान चंपासर ग्लेशियर है? (Dental-2021)
(a) घग्घर (b) सरस्वती (c) यमुना (d) मारकंडा (c)
65. निम्न में से कौन-सी नदी हरियाणा से होकर नहीं बहती है? (HSSC Opthalmic Assistant Paper (17.07.2021))
(a) घग्घर (b) साहिबी (c) महानदी (d) दोहन (c)
66. टांगरी .... की एक सहायक नदी है। (Group-D)
(a) साहिबी (b) इंदौरी (c) मारकंडा (d) घग्घर (c)
67. इंदौरी नदी का उद्भव .... के निकट है। (Group-D)
(a) इंदौर (b) कैथल (c) भिवानी (d) करनाल (a)
68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
कथन (A)–हरियाणा में घग्घर नदी द्वारा निर्मित बाढ़ के मैदानों को नेल्ली कहा जाता है।
कथन (B)–हरियाणा में मारकंडा नदी द्वारा निर्मित बाढ़ के मैदानों को घर कहा जाता है। (Dental Hygenist Paper (16.07.2021))
(a) कथन A सही है, कथन B गलत है।
(b) कथन A गलत है, कथन B सही है।
(c) कथन A और कथन B सहीं है।
(d) कथन A और कथन B गलत है। (a)

69. टिपरा पहाड़ियाँ हरियाणा में किस नदी के उत्तर में स्थित हैं? (HSSC Dental Hygenist Paper (16.07..2021))
(a) घग्गर (b) यमुना (c) मारकंडा (d) सरस्वती (a)

70. हरियाणा में मोरनी और टिपरा श्रेणियाँ की घाटी द्वारा पृथक हैं? (HSSC VLDA 18.07.2021 (C))
(a) यमुना नदी (b) घग्गर नदी
(c) सरस्वती नदी (d) मारकंडा नदी (b)

71. निम्न में से कौनसी नदी प्राचीन काल में अरुणा के नाम से जानी जाती थी? (Junior Engineer civil (M))
(a) साहिबी (b) इन्दौरी (c) मारकंडा (d) घग्गर (c)

72. यमुना नदी .... नदी की दूसरी सबसे बड़ी उपनदी है? Deputy Ranger (A)
(a) गंगा नदी (b) सिंधु नदी (c) नर्मदा नदी (d) सतलुज (a)

73. निम्नलिखित कौन-सी नदी हरियाणा में से नहीं बहती है? Deputy Ranger (A)
(a) घग्गर (b) गोमती (c) यमुना (d) इंदौरी (b)

74. इनमें से कौन-सी नदी हरियाणा की मुख्य मौसमी नदी हैं? (Junior Coach Football)
(a) यमुना (b) दोहन (c) इन्दौरी (d) घग्गर (d)

75. किस गाँव का नाम सरस्वती नगर रखा गया है? (Extension)
(a) जरिया (b) मुस्तफाबाद (c) कादुना (d) नीमराना (b)

76. कौन-सी नदी हरियाणा की मुख्य और सबसे बड़ी मौसमी नदी है? (Apprenticeship Instructor)
(a) मारकंडा (b) साहिबी (c) यमुना (d) घग्गर (d)

77. ..... नदी पिंजौर के पास हरियाणा में प्रवेश करती है और फिर हरियाणा से बहने के बाद राजस्थान में प्रवेश करती है। (Tractor Mechanic Instructor)
(a) साहिबी (b) घग्गर (c) कृष्णावती (d) दोहन (b)

78. राजस्थान में जीतगढ़ और मनोहरपुर के पास मेवात की पहाड़ियों में किस नदी का उद्गम है? (WorkShop & Science)
(a) साहिबी (b) यमुना (c) टांगरी (d) कृष्णावती (a)

79. हरियाणा की कौन-सी नदी, मानसून के दौरान व्यापक बाढ़ लाती है और अतिरिक्त पानी, सानिसा झील तक ले जाया जाता है? (Mechanic Ref. and Air Conditioning Instructor)
(a) टांगरी नदी (b) दोहन नदी
(c) साहिबी नदी (d) मारकंडा नदी (d)

80. यमुना नदी हरियाणा में .... वन के पास से प्रवेश करती है।
(a) कालेसर (b) बंडीपुर
(c) गिर (d) सतपुड़ा (a)

81. शिवालिक की पहाड़ियाँ बहुत सी नदियों का स्त्रोत हैं ऐसी एक नदी है। (Lab Attandent)
(a) गंगा (b) कपिला (c) टांगरी (d) कावेरी (c)

82. निम्नलिखित में से कौन-सा ऋग्वेद में उल्लिखित ''सप्त हिंदु'' या सात नदियों में नहीं आता? S.I Paper
(a) रावी (b) चेनाब (c) मारकंडा (d) झेलम (c)

83. निम्नलिखित में से किस नदी का उद्गम अरावली की पहाड़ियों में नहीं हैं? (S.I. Paper)
(a) साहिबी नदी (b) बेड़च नदी
(c) दोहन नदी (d) चेनाब नदी (d)

84. साहिबी नदी वैदिक काल में .... कहलाती है। (IRB TEST)
(a) कर्णवती (b) कुमुद्वती (c) सरस्वती (d) दृशद्वती (d)

85. .... नदी सप्त सिंधु प्रदेश का भाग मानी जाती है। (GROUP-D)
(a) यमुना (b) सरस्वती (c) मारकंडा (d) साहिबी (b)

हरियाणा के बाँध

- घग्घर नदी पर बने बाँध - कौशल्या बाँध, छामला बाँध, दीवानवाला बाँध, दग्राना बाँध, ओटू बाँध (सिरसा)।
- यमुना नदी पर बने बाँध- हथिनीकुंड बैराज, ताजेवाला, किशाऊ, रेणुका, लखवार।
- लाल टोपी बाँध- यमुनानगर, नदी यमुना
- साहिबी - मसानी बाँध (रेवाड़ी)
- कृष्णा डैम - कुरुक्षेत्र
- राज्य का एकमात्र ग्रेविटी/हाइड्रोलिक बाँध अनंगपुर स्थित है - फरीदाबाद
- राज्य का कंक्रीट से बना सबसे बड़ा बाँध - हथिनी कुंड बैराज, यमुना नदी पर

अभ्यास प्रश्न

1. हथिनी कुंड बैराज हरियाणा के जिले में स्थित है। (25.12.21 ITI INSTRCTOR)
(a) करनाल (b) यमुनानगर (c) पानीपत (d) सोनीपत (b)

2. हरियाणा का अनगपुर बाँध किस जिले में बना हैं? (25.12.21 ITI MECH. DIESEL INST.)
(a) करनाल (b) फरीदाबाद (c) हिसार (d) गुरूग्राम (b)

3. चौधरी देवीलाल हर्बल पार्क किस जिले में स्थित हैं। (HSSC Clerk)
(a) रेवाड़ी (b) यमुनानगर (c) मेवात (d) पानीपत (b)

4. हरियाणा में, हथिनी कुंड बैराज .... नदी पर स्थित है। (HSSC Pipe Fitter 03.08.2021)
(a) सरस्वती (b) दोहन (c) यमुना (d) साहिबी (c)

5. निम्नलिखित में से कौन-सा बैराज यमुना नदी पर बनाया गया है? (HSSC Fitter 09.08.2021)
(a) जलबेहरा (b) हथिनी कुंड (c) मसानी (d) नोराना (b)

6. ओटू बैराज, हरियाणा का एक जलाशय, में किस नदी का पानी जाता है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) घग्गर (b) यमुना (c) कौशल्या (d) डांगरी (a)

7. हथिनी कुंड .... नदी पर स्थित एक ठोस बैराज है। (HSSC ITI Instructor 2021)
(a) यमुना (b) मारकंडा (c) इन्दौरी (d) टांगरी (a)

8. हरियाणा सरकार ने राज्य से होकर गुजरने वाले, निचली शिवालिक पहाड़ियों के विभिन्न छोटे-छोटे नालों के पानी का इस्तेमाल करने के लिए .... छोटे-छोटे बाँधों का निर्माण करने की योजना बनाई है। (HSSC ITI Instructor 2021)
(a) 12 (b) 7 (c) 14 (d) 6 (b)

9. निम्नलिखित में से हरियाणा की कौनसी नदी पर रेणुका, किशाऊ और लखवार व्यासी बाँध बनाये गये हैं? HSSC CLERK (20.11.2016. (E))
(a) घग्घर (b) यमुना (c) टांगरी (d) कोई नहीं (b)

10. अनगपुर बाँध को .... बाँध भी कहते हैं। (GROUP-D)
(a) दांतीवड़ा (b) भाखड़ा नांगल
(c) ग्रेविटी (d) चमेरा (c)

11. अनगपुर बाँध हरियाणा के किस जिले में अवस्थित है? (Accountant (MC))
(a) फरीदाबाद (b) भिवानी (c) करनाल (d) पानीपत (a)

12. हरियाणा में 1999 में किस बेराज की जगह हथिनी कुंड बेराज ने ले लिया? (HSSC Opthalmic Assistant Paper (17.07.2021))
(a) ओट्टू बैराज (b) ताजेवाला बैराज
(c) अनगपुर डैम (d) उपरोक्त में से कोई नहीं (b)

13. हथिनी कुंड बैराज हरियाणा में किस नदी पर स्थित है। (HSSC Gram Sachiv (09.01.2021))
(a) यमुना (b) दोहन (c) साहिबी (d) सरस्वती (a)

14. हरियाणा में ओट्टू बैराज किस नदी पर स्थित है? (HSSC Gram Sachiv (09.01.2021) (E))
(a) टांगरी (b) यमुना
(c) घग्गर-हकरा (d) साहिबा (c)

15. हरियाणा में निम्नलिखित में से कौन-सा बाँध है। (Lower Division Clerk (Head Office Cadre) (Afternoon))
(a) विहार (b) ओटू बैराज (c) तुलसी (d) अस्थि (b)

16. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा राज्य में बाँध नहीं है? (Lower Division Clerk (Head Office Cadre) (Afternoon))
(a) ब्रह्म सरोवर (b) ओटू बैराज
(c) अनगपुर बाँध (d) कौशल्या डैम (a)

17. हरियाणा में कौन-सा बाँध, हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग का एक आश्चर्य है और एक गुरुत्वाकर्षण बाँध संरचना है? (Apprenticeship Instructor)
(a) कौशल्या बाँध (b) अनंगपुर बाँध
(c) हथिनीकुंड बाँध (d) भाखड़ा नांगल बाँध (b)

18. हरियाणा सरकार ने यमुना की एक सहायक नदी .... पर, किशाऊ बाँध के निर्माण को मंजूरी दे दी है। (Workshop Calculation & Science)
(a) ऋषिगंगा नदी (b) टन्स नदी
(c) केन नदी (d) सिंधु नदी (b)

19. अनंगपुर बाँध हरियाणा के किस जिले में स्थित है? (Millwright Mechanic (Mechanical) Instructor)
(a) करनाल (b) यमुनानगर (c) कैथल (d) फरीदाबाद (d)

20. हाल ही में, हरियाणा के मुख्यमंत्री ने .... के लिए करार के हस्ताक्षर को अनुमोदन दिया है जो यमुना नदी की दो सहायक नदियों में नई भंडारण क्षमता जोड़ेगा। (S.I. Paper)
(a) इंदिरा गाँधी बाँध (b) भाखड़ा बाँध
(c) किशाउ और रेणुका बाँध (d) अनंगपुर बाँध (c)

हरियाणा की नहरें

पश्चिमी यमुना नहर

- यह हरियाणा की प्रमुख नहर है। यह हरियाणा की बड़ी और पुरानी नहर है। यह यमुना नदी की पश्चिमी किनारे से ताजेवाला नामक स्थान से लगभग सन् 1879 में निकाली गई थी।
- इसकी कुल लंबाई 3251 किलोमीटर है। इससे हरियाणा के अंबाला, करनाल, कैथल, सोनीपत, पानीपत, रोहतक भागों में सिंचाई की जाती है।

भाखड़ा नहर

- हरियाणा की दूसरी बड़ी नहर है। यह पंजाब में सतलुज नदी पर भाखड़ा बाँध से निकाली गई है। यह पंजाब के पटियाला रूपनगर में सिंचाई करने के बाद हरियाणा के टोहाना (फतेहाबाद) के निकट हरियाणा में प्रवेश करती है। इसके बाद राज्य के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार जिले में सिंचाई की जाती है। (टोहाना को नहरों का नगर भी कहा जाता है)।

जवाहरलाल नेहरू नहर

- यह भाखड़ा नहर से निकाली गई है। इस नहर से राज्य के महेंद्रगढ़ जिले में सिंचाई की जाती है। इसमें पहली बार सन् 1976 में पानी छोड़ा गया था तथा 1987 में पड़े भयंकर सूखे के दौरान खरीफ की फसल को भी बचाया गया था।

गुरुग्राम नहर

- यह दिल्ली के ओखला नामक स्थान पर यमुना नदी पर बाँध बनाकर निकाली गई है। इससे राज्य के गुरुग्राम और फरीदाबाद में सिंचाई की जाती है।

सतलुज यमुना लिंक नहर (SYL)

- यह हरियाणा व पंजाब की संयुक्त नहर है। इसकी कुल लंबाई 212 किलोमीटर है। इसकी पंजाब में लंबाई 121 किलोमीटर है तथा हरियाणा में कुल लंबाई 91 किलोमीटर है। इसके के पानी के बंटवारे को लेकर 24 मार्च 1976 को अधिसूचना जारी की गई थी।

सिंचाई परियोजना

- नांगल उत्थान सिंचाई परियोजना - इस परियोजना से अंबाला में सिंचाई करवाई गई थी, इससे पहले यहाँ पर कृषि वर्षा पर निर्भर थी, लगभग 75 गाँव की 45,500 एकड़ भूमि पर सिंचाई होती है।
- भिवानी उत्थान सिंचाई परियोजना - इसे भी भाखड़ा नहर से निकाला गया है, इसकी कुल लंबाई 220 किलोमीटर है। इसे वीरेंद्र नारायण चक्रवर्ती नहर भी कहा जाता है।
- लोहारू उत्थान सिंचाई परियोजना - इसे भी भाखड़ा नहर से निकाला गया है। इसकी कुल लंबाई 225 किलोमीटर है। वर्तमान में लोहारू (भिवानी) में स्थित है।
- जूही नहर परियोजना - यह भाखड़ा नहर से निकाली गई है। इससे भिवानी के क्षेत्र में सिंचाई की जाती है। इसकी कुल लंबाई 170 किलोमीटर है।
- नरवाना सिंचाई परियोजना - यह भी भाखड़ा नहर से निकाली गई है। इससे राज्य के जींद जिले में सिंचाई होती है।

नोट:- **हरियाणा** में सबसे पहले नहरों का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था।

हरियाणा में सिंचाई

- हरियाणा में नहरों और नलकूपों तथा कुएँ सिंचाई के साधन हैं राज्य का कुल भूमि का लगभग 48.36 % नहरों द्वारा और 51.12 % भाग नलकूपों के द्वारा व शेष भाग अन्य साधनों द्वारा सिंचाई की जाती है हरियाणा में सिंचाई का प्रमुख साधन नलकूप है।
- हरियाणा में भिन्न-भिन्न भागों में सिंचाई का प्रमुख साधन निम्न है -
- उत्तरी पूर्वी भाग - राज्य के इस भाग में शिवालिक पहाड़ियाँ है यहाँ का मैदानी भाग काफी उपजाऊ है। यह क्षेत्र पंचकुला, अंबाला, यमुनानगर और जहाँ पर वर्षा भी पर्याप्त मात्रा में होती है और यहाँ की सिंचाई का साधन वर्षा है। इसके अलावा नांगल उत्थान सिंचाई परियोजना के माध्यम से अंबाला में सिंचाई की जाती है।
- मध्यवर्ती भाग - हरियाणा के मध्य भाग में कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, जींद जिले आते हैं। यहाँ पर सिंचाई नहरों, नलकूपों व कुएँ के द्वारा होती है। यहाँ पर उत्तरी पूर्वी भाग से कम वर्षा होती है।
- दक्षिणी भाग - इसमें फरीदाबाद, गुरुग्राम ,पलवल, मेवात आदि जिले आते हैं। राज्य में सबसे कम वर्षा दक्षिणी पूर्वी भाग में होती है। यहाँ पर सिंचाई नहरों व नलकूपों से होती है।
- रेतीला भाग - इसमें सिरसा, फतेहाबाद, हिसार तथा महेंद्रगढ़ का पश्चिमी भाग आ जाता है। यहाँ पर वर्षा बहुत ही कम मात्रा में होती है यहाँ पर सिंचाई नलकूप की सहायता से फव्वारों द्वारा की जाती है।
- कुल कृषि क्षेत्रफल के 3/4% भाग पर सिंचाई होती है
- शुद्ध सिंचित क्षेत्र-3102 हैक्टेयर
- कुल सिंचित क्षेत्र-29.74 लाख हेक्टेयर
- हरियाणा सिंचाई विभाग - पंचकुला सेक्टर-5
- राज्य में सर्वाधिक सिंचाई- नलकूपों द्वारा
- सर्वाधिक सिंचाई-सिरसा (698 हैक्टेयर)
- कम सिंचाई - पंचकुला (25 हैक्टेयर)
- सर्वाधिक नहरों द्वारा सिंचाई-सिरसा
- सबसे कम नहरों द्वारा सिंचाई- पंचकुला
- सर्वाधिक नलकूपों द्वारा सिंचाई- कैथल
- सबसे कम नलकूपों द्वारा सिंचाई - पंचकुला
- नहरों का शहर -टोहाना (फतेहाबाद)
- नहरों द्वारा सिंचाई-48.36%
- नलकूपों द्वारा सिंचाई-51.12%

अभ्यास प्रश्न

1. भाखड़ा नहर, सिंचाई के लिए हरियाणा के किस जिले को पानी प्रदान करता है? (HSSC ALM 14.11.2021)
(a) सिरसा (b) हिसार
(c) रोहतक (d) उपरोक्त सभी (d)

2. दादूपुर नलवी नहर सिंचाई परियोजना से हरियाणा में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सिंचाई नहीं होती है? (HSSC Opthalmic Assistant Paper (17.07.2021))
(a) कुरुक्षेत्र (b) अंबाला
(c) पंचकूला (d) यमुनानगर (c)

3. हरियाणा की सबसे पुरानी नहर कौन-सी है। (MPHW-25.07.2021)
(a) गुरुग्राम नहर
(b) भिवानी नहर
(c) पश्चिमी और पूर्वी यमुना नहर
(d) जवाहर लाल नहर (c)

4. पश्चिमी यमुना नहर द्वारा कौनसा जिला सिंचित नहीं किया जाता? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) अम्बाला (b) करनाल (c) जींद (d) गुरुग्राम (d)

5. जनवरी, 2019 में, छह भारतीय राज्यों ने रेणुकाजी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। निम्नलिखित में से कौन-सा उन राज्यों में से एक राज्य नहीं है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) राजस्थान (b) हरियाणा
(c) मध्यप्रदेश (d) उत्तरप्रदेश (c)

6. ककरोई सूक्ष्म जल विद्युत परियोजना किस नहर पर बनी है- (Aganbari Superwiser 30.04.17)
(a) भिवानी नहर (b) गुरुग्राम नहर
(c) भाखड़ा नहर (d) पश्चिम यमुना नहर (d)

7. पश्चिमी यमुना नहर किस स्थान से यमुना नदी से निकाली गई है। (HSSC CLERK (13.11.2016) (M))
(a) साल्हावास (b) करनाल
(c) ताजेवाला (हथिनीकुण्ड बैराज)
(d) भाखड़ा नांगल (c)

8. ताजेवाला नामक स्थान से हरियाणा की कौनसी नहर निकाली गई है? (HSSC CLERK (20.11.2016) (E))
(a) पश्चिमी यमुना नहर (b) गुरुग्राम नहर
(c) भिवानी नहर (d) भाखड़ा नहर (a)

9. जुई नहर द्वारा प्रमुखतः हरियाणा के किस जिले में सिंचाई होती है? (HSSC CLERK (20.11.2016) (E))
(a) भिवानी (b) कुरुक्षेत्र (c) सिरसा (d) सोनीपत (a)

10. पश्चिमी यमुना नहर द्वारा हरियाणा के किस जिले में सिंचाई की जाती है- (PATWARI)
(a) रोहतक (b) सोनीपत
(c) करनाल (d) उपरोक्त सभी (d)

11. प्रदेश की कौनसी नहर जगाधरी पोंटा सड़क पर स्थित ताजेवाला नामक स्थान से यमुना नदी से निकलती है। (PGT Political Science)
(a) भाखड़ा नहर (b) पश्चिमी व पूर्वी यमुना नहर
(c) जवाहरलाल नेहरू नहर (d) कोई नहीं (b)

12. हरियाणा की जवाहरलाल नेहरू नहर किस नहर से निकाली गई है? (PGT COMMERCE)
(a) भाखड़ा नहर से (b) भिवानी नहर से
(c) गुरुग्राम नहर से (d) यमुना नहर से (a)

13. यमुना नदी से ओखला बैराज से कौनसी नहर निकाली गई है (TGT English Mewat)
(a) गुरुग्राम नहर (b) जवाहर लाल नहर
(c) पश्चिमी यमुना नहर (d) पूर्वी यमुना नहर (a)

14. भाखड़ा नहर द्वारा हरियाणा के किस जिले में सिंचाई कार्य किया जाता है- (HSSC CLERK)
(a) सिरसा (b) हिसार
(c) रोहतक (d) ये सभी (d)

15. गुरुग्राम के अतिरिक्त किस जिले में "गुरुग्राम नहर" द्वारा सिंचाई की जाती है? (HSSC CLERK)
(a) पानीपत (b) फरीदाबाद
(c) सोनीपत (d) कैथल (b)

16. पुरानी फिरोजशाह नहर की मरम्मत के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी था? (Steno (E) 07.11.2017)
(a) चार्ल्स मेटकॉफ (b) डलहौजी
(c) जॉन लारेंस (d) सेटॉन (a)

17. एक महत्वपूर्ण गतिविधि जो इंदिरा गाँधी नहर के आसपास होती है। (Industries and Commerce Department, Haryana)
(a) मत्स्य पालन को बढ़ाने के लिए
(b) अंतर-देश जलमार्ग प्रदान करने के लिए
(c) उपजाऊ क्षेत्रों के मरुस्थलीकरण को रोकने के लिए
(d) जल विद्युत का उत्पादन करने के लिए (c)

18. निम्नलिखित में से किसे इंदिरा गाँधी नहर भी कहा जाता है? (Industries and Commerce Department, Haryana)
(a) राजीव गाँधी नहर योजना (b) गाँधी योजना
(c) सिंचाई योजना (d) लोहारु उत्थान योजना (d)

19. हरियाणा में सिंचाई का मुख्य स्रोत .... है। (Industries and Commerce Department, Haryana)
(a) नहरें (b) कुआँ
(c) वर्षा (d) बाँध (a)

20. हरियाणा पूरे राज्य में सुरक्षित पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला देश का .... राज्य था। (Workshop Calculation & Science)
(a) पाँचवा (b) चौथा
(c) पहला (d) दूसरा (c)

21. जलभृत मानचित्रीकरण .... का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है? (GROUP-D)
(a) भौमजल स्थिति (b) राज्य में महिलाओं की स्थिति
(c) राज्य की विधिक स्थिति (d) जानवरों की संख्या (a)

22. हरियाणा .... पूर्ण करने वाला पहला राज्य है। (GROUP-D)
(a) जलीय स्तर पर मानचित्रण
(b) पुलिस स्टेशन
(c) भारत रत्न
(d) पद्मश्री पुरस्कार (a)

23. भिवानी नहर .... से निकाली गई है। (GROUP-D)
(a) भाखड़ा नहर (b) ओकूला बाँध
(c) यमुना (d) गंगा (a)

हरियाणा में कृषि

- हरियाणा भारत का कृषि प्रधान राज्य है। यहाँ की अर्थव्यवस्था लगभग कृषि पर आधारित है हरियाणा की 86% भूमि कृषि योग्य है।
- कृषि जलवायु क्षेत्र- हरियाणा की जलवायु शुष्क/अर्द्ध शुष्क है। यहाँ पर औसत वर्षा 45 सेंटीमीटर होती है और कुल वर्षा का लगभग 70% वर्षा जुलाई से सितंबर के बीच में होती है तथा जनवरी से फरवरी में जो वर्षा होती है। वह पश्चिमी विक्षोभ के कारण होती है।
- जलवायु क्षेत्र के आधार पर राज्य को दो भागों में बाँटा गया है
  (i) उत्तर-पश्चिम क्षेत्र (ii) दक्षिणी पश्चिमी क्षेत्र

फसलें

- हरियाणा में मुख्य रूप से दो प्रकार की फसलें बोई जाती है।
  1. रबी फसल 2. खरीफ फसल 3. जायद फसल

1. रबी फसल

- इसे स्थानीय भाषा में आषाढ़ी की फसल भी कहा जाता है। इस फसल को अक्टूबर व नवंबर में बोया जाता है तथा मार्च-अप्रैल में काट लिया जाता है। जैसे गेहूँ, चना, जौ, सरसों, मटर, आलू, राई।

गेहूँ

- भारत में सबसे ज्यादा गेहूँ उत्तर प्रदेश में, दूसरा नंबर पंजाब के बाद तीसरा नंबर हरियाणा का आता है। हरियाणा में सबसे ज्यादा गेहूँ सिरसा जिले में होता है, इसके बाद फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, कैथल, करनाल आदि जिले में होता है।
- प्रदेश में सबसे अधिक उगाई जाने वाली फसल गेहूँ तथा दूसरे नंबर पर चावल है।

जौ

- हरियाणा में यह फसल मुख्य रूप से हिसार, भिवानी तथा गुरुग्राम जिलों में होती है।

सरसों

- इसका उत्पादन मुख्य रूप से महेंद्रगढ़, भिवानी, हिसार, झज्जर, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद में होता है।

चना

- इसकी खेती हरियाणा के पश्चिमी हिस्सों में की जाती है तथा हरियाणा में सबसे ज्यादा चना भिवानी जिले में होता है। इसके बाद फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी आदि क्षेत्रों में होता है।

2. खरीफ की फसल

- इसे स्थानीय भाषा में सावनी फसल भी बोला जाता है। इस फसल को जून-जुलाई में बोया जाता है तथा सितम्बर-अक्टूबर में काट लिया जाता है। जैसे चावल, कपास, मक्का, बाजरा।

चावल

- चावल की खेती हरियाणा के उत्तरी-पूर्वी व मध्यवर्ती हिस्सों में की जाती है। हरियाणा का बासमती चावल में पूरे भारत में पहला स्थान आता है। बासमती चावल हरियाणा के करनाल जिले में होता है तथा करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल तथा जींद को संयुक्त रूप से धान का कटोरा भी कहा जाता है। भारत में सबसे ज्यादा चावल पश्चिम बंगाल में होता है। हरियाणा में चावल का कटोरा करनाल को कहा जाता है।
- चावल के लिए दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है।

बाजरा

- हरियाणा में बाजरे का उत्पादन पश्चिमी भाग में होता है। हरियाणा में सबसे ज्यादा बाजारा भिवानी और महेन्द्रगढ़ (HSSC) जिले में होता है। उसके बाद सिरसा, फतेहाबाद, हिसार ,जींद, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में होता है।

ज्वार

- रोहतक जिले में होती है।

कपास

- हरियाणा में दो प्रकार की कपास पैदा होती है अमेरिकन कपास व देसी कपास। हरियाणा में कपास का उत्पादन मुख्य रूप से सिरसा ,फतेहाबाद, हिसार ,भिवानी, रोहतक, जींद में होता है। कपास को सफेद सोना भी कहा जाता है। कपास की खेती के लिए काली मिट्टी उपयुक्त होती है।

मक्का

- इस फसल के लिए पानी की कम जरूरत पड़ती है तथा हरियाणा के पंचकुला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, व रोहतक जिले में होते हैं।

गन्ना

- गन्ना उत्पादन में हरियाणा के उत्तरी पूर्वी हिस्सों तथा हरियाणा में गन्ना सबसे ज्यादा यमुनानगर जिले में होता है। उसके बाद अंबाला, कुरुक्षेत्र, रोहतक, करनाल, सोनीपत में गन्ने का उत्पादन होता है।
- गन्ने के लिए ज्यादा पानी की जरूरत होती है।
- गन्ने के लिए वार्षिक वर्षा 200 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए।

3. जायद फसल

- (रबी की कटाई व खरीफ की बुवाई से पहले बोई जाने वाली फसल) तरबूज, खीरा, ककड़ी आदि। इन्हें चारा फसल भी कहते हैं। फल उत्कृष्टता केंद्र मंजियाना (सिरसा) में स्थित है। यह परियोजना बागवानी से संबंधित है।

फल उत्कृष्टता केन्द्र

1. फल उत्कृष्टता केन्द्र मांगियाना, सिरसा
2. उप-उष्ण कटिबंधीय फल उत्कृष्टता केन्द्र लाडवा, कुरुक्षेत्र
3. अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र भूना, फतेहाबाद
4. राजकीय बाग एवं नर्सरी बरवाला, हिसार
5. राजकीय बाग एवं नर्सरी नवीपुर, अम्बाला

फसल का उत्पादन

- सिरसा – गेहूँ, कपास, आँवला सबसे ज्यादा होता है।
- भिवानी – बाजरा, चना, मोटा अनाज।
- महेंद्रगढ़ (पहले) भिवानी (वर्तमान में) – सरसों।
- गुरुग्राम – मेथी, प्याज , गेंदा फूल का उत्पादन।
- फरीदाबाद – रजनीगंधा व ग्लोडियोलस फूल।
- रोहतक – ज्वार।

➤ राज्य में फल, सब्जी, मसाले तथा फूल के प्रमुख उत्पादक जिले

	नाम	उत्पादक जिले
1.	आम	यमुनानगर, अम्बाला
2.	अमरूद	करनाल, सोनीपत, फरीदाबाद, हिसार, गुरुग्राम
3.	ग्लैडियोलस	फरीदाबाद, पंचकुला, करनाल, गुरुग्राम
4.	बेर	सोनीपत, गुरुग्राम, हिसार, फतेहाबाद, रोहतक
5.	आँवला	सिरसा, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, फरीदाबाद, अम्बाला, फतेहाबाद
6.	आलू	कुरुक्षेत्र (सबसे ज्यादा होता है।), यमुनानगर, अम्बाला, करनाल
7.	लहसुन	करनाल, यमुनानगर, फतेहाबाद, गुरुग्राम सिरसा
8.	पपीता	यमुनानगर, करनाल, पंचकुला, कुरुक्षेत्र, अम्बाला
9.	कुकुरबिट्स	करनाल, सोनीपत, पानीपत, गुरुग्राम
10.	हल्दी	यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पंचकुला
11.	मिर्च	यमुनानगर, करनाल, हिसार, फतेहाबाद, जीन्द
12.	प्याज	अम्बाला, गुरुग्राम, सोनीपत, पानीपत, पंचकुला
13.	गुलाब	पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, कैथल
14.	गेन्दा	गुरुग्राम, जीन्द, झज्जर, सोनीपत
15.	फूलगोभी	सोनीपत, पानीपत, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र

नोट:- सबसे कम फल व सब्जियों का उत्पादन महेंद्रगढ़ में होता है।

- फूलों की मंडी व प्रथम एग्री बिजनेस स्कूल – गुरुग्राम।
- एशिया की दूसरी सबसे बड़ी अनाज मंडी लाडवा कुरुक्षेत्र।

अनुसंधान

- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान – करनाल में (1955) इससे पहले बेंगलुरु में सन् 1923 में स्थापित की गई।
- केंद्रीय मिट्टी लवणता – करनाल सन् 1969
- गेहूँ अनुसंधान संस्थान – करनाल में सन् 1978
- राष्ट्रीय पशु आनुवांशिक संस्थान – करनाल सन् 1984 में
- राष्ट्रीय पशु आनुवांशिक संस्थान ब्यूरो – करनाल सन् 1985 में

- केंद्रीय भैंस अनुसंधान केंद्र - हिसार में सन् 1985
- केंद्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र - हिसार सन् 1986
- राष्ट्रीय समन्वित पोस्ट मैनेजमेंट शोध केंद्र - फरीदाबाद सन् 1988
- राष्ट्रीय मस्तिष्क शोध केंद्र - मानेसर गुरुग्राम 14 नवंबर 1997 को
- कैंसर संस्थान व राष्ट्रीय हृदय अनुसंधान - बाढ़सा झज्जर 2013
- आलू प्रौद्योगिकी केंद्र - शामगढ़ (करनाल)

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा में मुख्य रूप से चावल की खेती किन जिलों में होती है।
(a) करनाल-कुरुक्षेत्र (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) पंचकूला-अंबाला (d) उत्तर-पूर्व (a)

2. हरियाणा का कौनसा जिला भारत का अग्रणी मशरूम उत्पादक है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) सिरसा (b) अम्बाला (c) भिवानी (d) सोनीपत (d)

3. हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सोनीपत के गन्नौर में ..... विकसित कर रहा है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट (IIHM)
(b) होटल प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थान
(c) स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए एकीकृत संस्थान
(d) एकीकृत स्वास्थ्य और चिकित्सा के लिए संस्थान (a)

4. हरियाणा सरकार द्वारा उद्यानिकी को बढ़ावा देने के लिए झज्जर जिले के सोंधी गाँव में स्थापित उत्कृष्टता केन्द्र में ..... का उपयोग किया जाता है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) नहरों का पानी (b) नदियों का पानी
(c) ट्रीटेड सीवेज पानी (d) वर्षा का पानी (c)

5. हरियाणा सरकार ने सिंचाई के लिए 1 लाख नए .... का लक्ष्य निर्धारित किया है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) नहरें (b) सौर जल पंप
(c) विद्युत मोटर (d) पाइप (b)

6. हरियाणा में किस फसल का सर्वाधिक उत्पादन होता है- (Aganbari Superwiser 30.04.2017)
(a) चावल (b) गन्ना (c) मक्का (d) गेहूँ (d)

7. हरियाणा में किस फल का सर्वाधिक उत्पादन होता है- (Aganbari Superwiser 30.04.2017)
(a) केला (b) सेब (c) सन्तरा (d) आम (d)

8. हरियाणा सरकार के द्वारा गेहूँ पर निम्न में से कौन सा कर समाप्त किया गया? (HSSC CLERK)
(a) विक्रय कर (b) उत्पाद शुल्क
(c) वैट (d) ये सभी (c)

9. जननायक चौधरी देवीलाल अवॉर्ड किस क्षेत्र के लिए दिया जाता है? (HSSC CLERK)
(a) अधिकतम कृषि उत्पादन के लिए
(b) हरियाणवी साहित्य में प्रमुख अंशदान के लिए
(c) सूचना प्रौद्योगिकी में नवोन्मुखी विकास के लिए
(d) शहरी विकास में मुख्य योगदान के लिए (a)

10. हरियाणा सरकार ने अपना पहला खाद्य बैंक आरंभ किया? (HSSC CLERK (E))
(a) भिवानी (b) रेवाड़ी (c) अम्बाला (d) गुरुग्राम (d)

11. निम्न में से आषाढ़ी या रबी की फसल कौनसी है? (H.P.(M))
(a) गेहूँ (b) चना (c) सरसों (d) ये सभी (d)

12. हरियाणा में आम की बागवानी किस जिले में नहीं होती? (Shift Attendant)
(a) यमुनानगर (b) कुरुक्षेत्र (c) करनाल (d) महेन्द्रगढ़ (d)

13. खुम्बी फसल के उत्पादन में हरियाणा का कौनसा जिला अग्रणी है? (Shift Attendant)
(a) हिसार (b) सोनीपत (c) अम्बाला (d) करनाल (b)

14. पहली कृषि संगणना हुई-
(a) 1970-71 में (b) 1985-86 में
(c) 1995-96 में (d) 1981-82 में (a)

15. हरियाणा की जलवायु किस फसल के लिए विशेष रूप से अच्छी है- (PGT Pol. Science)
(a) चावल (b) गेहूँ (c) मक्का (d) बाजरा (b)

16. 'गुलाब के फूल' की पैदावार एशिया में सबसे अधिक कहाँ होती है-
(a) चंडीगढ़ (b) गुरुग्राम
(c) नई दिल्ली (d) फरीदाबाद (a)

17. जिला महेन्द्रगढ़ का किस चीज के उत्पादन में हरियाणा राज्य में प्रथम स्थान है- (PGT Pol. Science)
(a) चावल (b) बर्तनों (c) सरसों (d) साइकिलों (c)

18. बासमती चावल उत्पादन के लिए सुप्रसिद्ध हरियाणा का कौन-सा जिला 'धान का कटोरा' से जाना जाता है- (Fine Art)
(a) सिरसा (b) करनाल (c) पंचकूला (d) जींद (b)

19. ...... के उत्थान में हरियाणा प्रदेश मुख्य भागीदार था- (PGT)
(a) हरित क्रांति (b) सफेद क्रांति
(c) गेहूँ क्रांति (d) उपरोक्त में से कोई नहीं (a)

20. केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (CSSRI) हरियाणा के किस शहर में स्थित है? (PGT BIOLOGY)
(a) यमुनानगर (b) नूँह (c) करनाल (d) कुरुक्षेत्र (c)

21. हरियाणा की कितनी भूमि कृषि योग्य है- (PGT BIOLOGY)
(a) 80% (b) 86% (c) 95% (d) 70% (b)

22. हरियाणा में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है- (HSSC J.E. CIVIL)
(a) हिसार (b) कैथल (c) झज्जर (d) गुरुग्राम (a)

23. सिरसा की मंजियाना परियोजना किस मिशन के तहत आती है- (HSSC CLERK)
(a) बागवानी (b) मत्स्यपालन
(c) मुर्गीपालन (d) पशुपालन (a)

24. हरियाणा में नीलोखेड़ी के अतिरिक्त निम्नलिखित में से किस स्थान पर पॉल्ट्री का प्रशिक्षण दिया जाता है? (HSSC CLERK)
(a) अम्बाला (b) करनाल (c) हिसार (d) कैथल (b)

25. हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, पंचकूला की स्थापना कब की गई? (HSSC CLERK)
(a) 1 नवंबर, 1966 (b) 8 सितंबर, 2015
(c) 5 अगस्त, 2009 (d) 20 अगस्त, 2010 (a)

26. कान्फेड की स्थापना कब की गई- (HSSC CLERK)
(a) 1 अगस्त, 2004 (b) 8 सितंबर, 2015
(c) 12 अगस्त, 2004 (d) 1 नवंबर, 1966 (d)

27. इजराइल के सहयोग से किस स्थान पर एकीकृत मधुमक्खी पालन केंद्र की स्थापना की गई है? (HSSC CLERK)
(a) जगाधारी (b) घरौंडा (c) शाहबाद (d) गन्नौर (c)
28. हरियाणा में रजनीगन्धा के फूलों का प्रमुख उत्पादक जिला कौनसा है?
(a) फरीदाबाद (b) यमुनानगर
(c) पंचकूला (d) भिवानी (a)
29. राज्य के किस जिले में आँवले का उत्पादन होता है? (HSSC CLERK)
(a) सोनीपत (b) कुरुक्षेत्र
(c) सिरसा (d) यमुनानगर (c)
30. हरियाणा सरकार ने, फसल-विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए, तथा 2022 तक सर्वोत्कृष्ट फसल विविधीकरण को प्राप्त करने के लिए .... को बढ़ावा देने की योजना बनाई है।
(a) ताड़ की खेती (b) नारियल की खेती
(c) बागवानी (d) कपास की खेती (c)
31. भारत में निम्न में से कौन-सी रबी की फसल है। (HSSC CLERK)
(a) चावल (b) जौ (c) मक्का (d) ज्वार (b)
32. हरियाणा की वाणिज्य फसल कौन-सी है। (HSSC CLERK)
(a) आलू (b) गन्ना
(c) कपास (d) सूरजमुखी (b)
33. हरियाणा में पैदा की जाने वाली तीन मुख्य खरीफ फसलें हैं- (HSSC CLERK)
(a) धान, गन्ना, कपास (b) बाजरा, सूरजमुखी, सरसों
(c) बाजरा, गेहूँ, दाले (d) मिर्च, गेहूँ, ज्वार (a)
34. आम के उपवनों का अस्तित्व निम्नलिखित में से किस नगर के साथ अपना नाम जोड़ता है? (S.I. Paper)
(a) बैंगलोर (b) अंबाला (c) अमरनाथ (d) चेन्नई (b)
35. कुल खाद्यान्न उत्पादन में निम्नलिखित में से कौन-सी फसल हरियाणा में प्रथम स्थान रखती है? (Haryana Police)
(a) धान (b) गेहूँ (c) मक्का (d) दालें (b)
36. किस के उत्पादन में हरियाणा का प्रथम स्थान है।
(a) मसालों (b) मेवे (c) गोभी (d) मशरूम (d)
37. अंबाला .... के लिए प्रसिद्ध हैं। (Group-D)
(a) तरबूज (b) आम (c) कटहल (d) सेब (b)
38. हरियाणा की मुख्य खरीफ फसल है। (Lab Attendent)
(a) चावल (b) गेहूँ (c) रागी (d) ज्वार (a)
39. कौनसी हरियाणा की मुख्य फसल नहीं है?
(a) गेहूँ (b) चावल (c) चाय (d) गन्ना (c)
40. हरियाणा में किस स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय फल एवं सब्जी मंडी विकसित की जा रही है? (Junior Engineer)
(a) लोहारु (भिवानी) (b) डबवाली (सिरसा)
(c) कालका (पंचकूला) (d) गन्नौर (सोनीपत) (d)
41. केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (CSSRI), करनाल की स्थापना हुई- (PGT Pol. Science)
(a) 1985 (b) 1988 (c) 1978 (d) 1969 (d)
42. पश्चिमी क्षेत्र का कृषि जलवायु क्षेत्र अनुसंधान केंद्र कहाँ स्थित है? (HSSC Clerk)
(a) हिसार (b) पानीपत (c) अंबाला (d) बावल (a)
43. हरियाणा में कृषि उत्पादन भारत के जीडीपी के लगभग कितने प्रतिशत योगदान करता है? (Sanitary Inspector 25.11.2017)
(a) 45% (b) 14% (c) 55% (d) 41% (b)
44. हरियाणा सेंटर ऑफ एक्सेलेंस फॉर वेजिटेबल, हरियाणा के किस जिले में है? (Sanitary Inspector 25.11.2017)
(a) घरौण्डा, करनाल (b) गोहाना, अम्बाला
(c) बल्लभगढ़, फरीदाबाद (d) सेमल, पलवल (a)
45. बासमती चावल के उत्पादन में प्रसिद्ध होने के कारण, हरियाणा के किस जिले को 'धान का कटोरा' कहा जाता है?
(a) सिरसा (b) करनाल
(c) पंचकूला (d) जींद (b)
46. हरियाणा में सर्वाधिक क्षेत्र में किस मसाले की खेती की जाती है?
(a) धनिया (b) हल्दी
(c) लहसुन (d) मिर्च (d)
47. हरियाणा में किसानों के लाभार्थ हेतु कृषक उपहार योजना कब शुरू की गई? (HSSC CLERK)
(a) 1 अप्रैल, 2005 (b) 2 अक्टूबर, 2000
(c) 15 दिसंबर, 2002 (d) 15 सितंबर 2007 (d)
48. हरियाणा का पहला अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक कहाँ खोला गया है? (HSSC CLERK)
(a) पानीपत (b) रोहतक (c) करनाल (d) जींद (a)
49. हरियाणा की पहली बागवानी यूनिवर्सिटी कहाँ पर स्थापित की गई है? (HSSC CLERK)
(a) करनाल (b) रोहतक
(c) जींद (d) कुरुक्षेत्र (a)
50. हरियाणा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वार्षिक वाणिज्यिक तथा फलोद्यानी फसलों के लिए कृषकों द्वारा भुगतान की जाने वाली एकसमान प्रीमियम राशि कितनी है? (Inspector)
(a) 2% (b) 1.5% (c) 5% (d) कोई नहीं (c)
51. हरियाणा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सभी रबी फसलों के लिए कृषकों द्वारा भुगतान की जाने वाली एकसमान प्रीमियम राशि कितनी है? (Inspector 24.11.2017)
(a) 5% (b) 1.5% (c) 2% (d) कोई नहीं (b)
52. हरियाणा को 9वें ग्लोबल कृषि नेतृत्व पुरस्कारों, में .... के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। (Steno 13.11.2017)
(a) सर्वोत्तम सिंचाई राज्य
(b) सर्वोत्तम सीढ़ीदार खेती राज्य
(c) सर्वोत्तम बागवानी राज्य
(d) सर्वोत्तम पेरिकल्चर राज्य (c)
53. हरियाणा में भिवानी जिले में सरसों की सबसे ज्यादा पैदावार होती है। किस जिले का दूसरा स्थान है? (Agriculture Inspt.)
(a) करनाल (b) रोहतक
(c) फरीदाबाद (d) महेंद्रगढ़ (d)
54. हरियाणा में कौन-सा जिला सरसों की पैदावार में प्रथम स्थान पर है? (Agriculture Inspt.)
(a) फरीदाबाद (b) अम्बाला
(c) भिवानी (d) गुरुग्राम (c)
55. हरियाणा के अधिकतम क्षेत्र में इनमें से कौन-सा खरीफ फसल बोया जाता है? (Auditor (Local Audit Department, Haryana))
(a) मक्का (b) धान (c) सूरजमुखी (d) गेहूँ (b)
56. हरियाणा को .... श्रेणी में वर्ष 2014-15 का कृषि कर्मण पुरस्कार मिला। (Local Audit Department, Haryana)
(a) मक्का (b) गन्ना (c) गेहूँ (d) धान (d)
57. हरियाणा में किस प्रकार की फसलें उगाई जाती है- (Extension)
(a) रबी और जायद (b) खरीफ और जायद
(c) रबी और खरीफ (d) जायद और धान (c)

हरियाणा के उत्कृष्टता केन्द्र एवं मण्डी

- बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र–शिवाक, भिवानी
- मसाला मण्डी–सिरसा, सोनीपत
- ऑर्गेनिक मण्डी–गुरुग्राम
- ग्लोबल फूल मण्डी–गुरुग्राम
- सेब मण्डी–पिंजौर (पंचकूला)
- अन्तर्राष्ट्रीय बागवानी मण्डी–पंचकूला
- अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र–भूना, फतेहबाद
- पुष्प उत्कृष्टता केन्द्र–मुनीमपुर, झज्जर
- एकीकृत बागवानी केन्द्र–सुन्दह, नारनौल
- वर्टिकल फार्मिंग उत्कृष्टता केन्द्र–हांसी
- पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट उत्कृष्टता केन्द्र–पंचकूला
- प्याज उत्कृष्टता केन्द्र–पिनगंवा (नूंह)
- सरसों उत्कृष्टता केन्द्र–रेवाड़ी
- लीची उत्कृष्टता केंद्र–अंबाला
- स्ट्रॉबेरी उत्कृष्टता केंद्र–सिरसा
- खजूर उत्कृष्टता केंद्र–हिसार
- एक्वा पार्क उत्कृष्टता केंद्र–सिरसा और भिवानी
- सब-मार्केट स्थापित–अबु-शहर

पशुपालन 2020

हरियाणा की पशुधन गणना 2020

- हरियाणा में पशुधन गणना की शुरुआत सन् 1969 में हुई थी।
- पशुधन गणना 5 वर्ष बाद होती है।
- 20वीं पशु जनगणना 2019 में हुई थी।
- हरियाणा में सबसे ज्यादा भैंस हिसार जिले में पाई जाती है।
- भैंसों की कुल संख्या – 4,26,486
- सबसे कम भैंसों की संख्या पंचकूला – 57,242
- गाय सबसे अधिक सिरसा जिले में पाई जाती है।
- बकरी सबसे ज्यादा सिरसा जिले में पाई जाती है।
- भेड़ सबसे ज्यादा भिवानी जिले में पाई जाती है।
- भेड़ प्रजनन केंद्र हिसार में स्थित है।
- घोड़े सबसे ज्यादा गुरुग्राम में पाए जाते हैं।
- कुत्ते सबसे ज्यादा गुरुग्राम में पाए जाते हैं।
- सूअर सबसे ज्यादा सोनीपत में पाए जाते हैं।
- खच्चर सबसे ज्यादा झज्जर में पाए जाते है।
- सबसे ज्यादा हाथी यमुनानगर में पाए जाते हैं।
- हरियाणा में हाथी प्रजनन केंद्र यमुनानगर में स्थित है।
- ऊँट सबसे ज्यादा सिरसा जिले में पाए जाते हैं।
- हरियाणा में ऊँट प्रजनन केंद्र सिरसा में स्थित है।

अभ्यास प्रश्न

1. निम्न में से कौन-सी योजना स्वामीनाथमन रिपोर्ट की अनुशंसा पर आधारित है? (HSSC CLERK)
   (a) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना
   (b) शिक्षा सेतु कार्ड योजना
   (c) पशुधन बीमा योजना
   (d) ये सभी (c)
2. राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान की स्थापना करनाल में कब की गई? (Food and Supply Series C)
   (a) 1950 (b) 1955 (c) 1960 (d) 1996 (b)
3. गौ संरक्षण के लिए कठोर कानून किस वर्ष बनाया गया? (Steno (N) 13.11.2017)
   (a) 2012 में (b) 2015 में (c) 2010 में (d) 2011 में (b)
4. हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कॉ-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड की स्थापना किस वर्ष हुई? (Tehsil Welfare (N))
   (a) 1977 (b) 1981
   (c) 1970 (d) इनमें से कोई नहीं (a)
5. भारत के पशु प्रजनन में हरियाणा .... स्थान पर है। (Tracer)
   (a) तीसरा (b) पहला (c) दूसरा (d) पाँचवाँ (c)
6. कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर नगर में कुक्कुट रोग जाँच प्रयोगशाला कब स्थापित किया गया? (Wild Forest Guard)
   (a) 1980-81 (b) 1984-85 (c) 1988-89 (d) 1995-96 (c)
7. भिवानी जिले में सघन पशु विकास परियोजना किस वर्ष आरंभ की गई थी? (Wild Forest Guard)
   (a) 1966 (b) 1970 (c) 1972 (d) 1978 (c)
8. हरियाणा प्रदेश में वर्तमान समय में कितने वीर्य बैंक केन्द्र स्थापित हैं? (Wild Forest Guard)
   (a) 4 (b) 6 (c) 7 (d) 8 (d)
9. हरियाणा में निम्नलिखित में से किस स्थान पर सहकारी दूध संयंत्र खुला है? (Wild Forest Guard)
   (a) अम्बाला (b) भिवानी
   (c) जीन्द (d) उपर्युक्त सभी (d)
10. हरियाणा में नीलोखेड़ी के अतिरिक्त निम्नलिखित में से किस स्थान पर पोल्ट्री का प्रशिक्षण दिया जाता है? (Wild Forest Guard)
    (a) अम्बाला (b) करनाल (c) हिसार (d) कैथल (b)
11. भैंस की सबसे अधिक आबादी कहाँ पाई गई। (HSSC Clerk)
    (a) भिवानी (b) कैथल (c) पानीपत (d) हिसार (d)
12. हरियाणा सेंटर ऑफ एक्सेलेंस फॉर वेजिटेबल, हरियाणा के किस जिले में स्थित है? (Sanitary Inspector (E) 25.11.2017)
    (a) घरौण्डा, करनाल (b) गोहाना, अम्बाला
    (c) बल्लभगढ़, फरीदाबाद (d) सेमल, पलवल (a)

13. हरियाणा में कृषि उत्पादन भारत के जीडीपी के लगभग कितने प्रतिशत योगदान करता है? (Sanitary Inspector (E) 25.11.2017)
(a) 45% (b) 14% (c) 55% (d) 41% (b)

14. राष्ट्रीय जंतु आनुवंशिकी संसाधन ब्यूरो .... में स्थित है। (Haryana Police)
(a) कुरुक्षेत्र (b) करनाल (c) मेवात (d) रेवाड़ी (b)

15. हरियाणा भारत में पशुपालन में .... के बाद आता है। (GROUP-D)
(a) कर्नाटक (b) पंजाब (c) गुजरात (d) तमिलनाडु (b)

16. पूर्वराष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने हरियाणा गौ वंश संरक्षण और गौसंवर्धन बिल को .... में अनुमति दी। (GROUP-D)
(a) 6 जनवरी, 2014 (b) 18 मई, 2014
(c) 24 अप्रैल, 2015 (d) 12 नवंबर, 2015 (d)

17. हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कॉ-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के उत्पाद बाजार में किस ब्रांड नाम से बिकते हैं? (Junior Engineer)
(a) गोवर्धन (b) गायत्री (c) विटा (d) इनमें से कोई नहीं (c)

18. किस दुधारू पशु को हरियाणा में काला सोना कहा जाता है? (Junior Engineer)
(a) नील गाय (b) मुर्रा भैंस
(c) काले रंग की गाय (d) बकरी (b)

19. हरियाणा की भैंस की कौनसी नस्ल सबसे अच्छी मानी जाती है? (Accountant (MC))
(a) मुर्रा (b) तुर्रा
(c) चस्पा (d) इनमें से कोई नहीं (a)

20. झज्जर में आधुनिक सजावटी मछली है- (Food and Supply Series 21)
(a) देश में इस प्रकार की पहली परियोजना होगी
(b) CIFRI को सूचित की जाएगी।
(c) बैरकपुर के बाद CIFRI की दूसरी इकाई होगी।
(d) हैदराबाद के बाद दूसरी मछली हैचरी होगी। (a)

21. हरियाणा का 'काला सोना' किसे कहते हैं। (HAU Clerk)
(a) मुर्रा भैंस (b) देसी गाय (c) मुर्रा भेड़ (d) इनमें से कोई नहीं (a)

22. पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय का दायित्व किस पर है- (HAU Clerk)
(a) श्री रामबिलास शर्मा (b) जय प्रकाश दलाल
(c) श्रीमती कविता जैन (d) श्री नरबीर सिंह (b)

23. लाल जंगली मुर्गी हरियाणा के किस स्थान पर पाई जाती है। (Haryana-POlice Constalbe-07.08.2021 (E))
(a) करनाल (b) पानीपत (c) अम्बाला (d) पंचकूला (d)

24. हरियाणा में स्थित लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के उप-कुलपति कौन हैं। (Haryana Police 02.10.2021 (Evening))
(a) हरभजन सिंह (b) डॉ. विनोद कुमार वर्मा
(c) राणा प्रताप सिंह (d) अरबिंदो सिंह (b)

25. हरियाणा के किस जिले में लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान स्थित है। (Haryana Police 31.10.2021 (Eve.))
(a) हिसार (b) जींद (c) करनाल (d) पानीपत (a)

26. इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (आई.सी.ए.आर.) नेशनल रिसर्च सेंटर ऑफ इक्वाइन्स (एन.आर.सी.ई.) हरियाणा के किस जिले में स्थित है। (Haryana Police 31.10.2021 (Eve.))
(a) हिसार (b) अंबाला (c) करनाल (d) भिवानी (a)

27. हरियाणा में किस जिले में आई.सी.ए.आर.- राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान (एन.डी.आर.आई.) स्थित है। (Haryana Police 01.10.2021 (Morning))
(a) हिसार में (b) रोहतक में (c) करनाल में (d) दिल्ली में (c)

28. विशेष पशुधन बीमा योजना (SCSP) का उद्देश्य .... को लाभ प्रदान करना है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) घुमंतु/खानाबदोश परिवार वर्तमान में हरियाणा में असंगठित क्षेत्र के तहत काम कर रहे हैं।
(b) सूअर पालन में लगे परिवार
(c) अनुसूचित वर्ग से संबंधित परिवार जो पशुधन के पालन में लगे हुए हैं।
(d) पशु पालन में शामिल परिवार (c)

29. निम्नलिखित में से कौन हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में घोषित पशु संजीवनी सेवा की विशेषता नहीं है? (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) पशुधन के लिए गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा एवं सेवाएँ और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ
(b) पशु चिकित्सा सेवाएँ मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिकों के माध्यम से प्रदान किया जाना।
(c) मोबाइल क्लीनिक 24 × 7 उपलब्ध होंगे।
(d) उपचार और दवाओं के लिए एक मामूली शुल्क का भुगतान किया जाना (d)

30. .... जिले के जहाजगढ़ गाँव में लगने वाला वार्षिक पशु मेला, हरियाणा के खरीदारों और विक्रेताओं का सबसे बड़ा जमघट है। मेले का मुख्य आकर्षण भारत के भैंसों की सबसे प्रसिद्ध नस्ल है, मुर्रा है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) रेवाड़ी (b) भिवानी (c) झज्जर (d) सोनीपत (c)

31. अगस्त, 2017 में, हरियाणा सरकार ने स्थानीय पंचायतों को प्रति गाय .... की एक बार सहायता की घोषणा की जो भटके मवेशियों को आश्रय प्रदान करने के लिए पट्टे पर गौचारण भूमि लेंगे। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) ₹ 3000 (b) ₹ 5000 (c) ₹ 2000 (d) ₹ 6000 (b)

32. .... की मंजूरी मिलने के बाद ही, राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य या पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र के किसी भी क्षेत्र में इमारतों का निर्माण किया जा सकता है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) राज्य वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति
(b) राज्य वन्यजीव बोर्ड
(c) राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति
(d) राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (b)

33. केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान .... में है। (HSSC ITI Instructor 2020)
(a) यमुनानगर (b) सिरसा (c) रेवाड़ी (d) हिसार (d)

34. स्वामी दयानंद सरस्वती ने रेवाड़ी पहुँचने पर सर्वप्रथम क्या प्रारंभ किया? (Water Pump Operator)
(a) धर्मशाला (b) गौशाला
(c) दयानंद मठ का निर्माण (d) मन्दिर का निर्माण (b)

35. हरियाणा राष्ट्रीय घोड़ा अनुसंधान संस्थान हिसार में किस वर्ष स्थापित किया गया था? (HSSC Clerk)
(a) 1988 (b) 1982 (c) 1985 (d) 1986 (d)

36. एशिया का सबसे बड़ा पशुपालन केंद्र हरियाणा में कहाँ स्थित है- (MPHW 29.01.17)
(a) हिसार (b) अंबाला (c) भिवानी (d) कोई नहीं (a)

37. हरियाणा सरकार ने किस तारीख को पशुधन बीमा योजना शुरू की? (HSSC CLERK 13.11.2016 (Morning))
(a) 29 जुलाई, 2016 (b) 1 अगस्त, 2016
(c) 31 मार्च, 2016 (d) इनमें से काई नहीं (a)

38. सबसे बड़ा पशुधन फॉर्म हरियाणा के किस नगर में स्थित है? (HSSC CLERK 13.11.2016 (Morning))
(a) करनाल (b) पानीपत (c) सोनीपत (d) हिसार (d)

39. हरियाणा सरकार ने पशुधन बीमा योजना की शुरुआत की- (HSSC CLERK)
(a) भिवानी में (b) झज्जर में (c) रेवाड़ी में (d) रोहतक में (b)

40. हाल ही में पशुधन बीमा योजना की शुरुआत तत्कालीन हरियाणा सरकार के किस मंत्री ने की? (HSSC CLERK (20.11.2016 Monring)
(a) विपुल गोयल (b) मनीष ग्रोवर
(c) ओपी धनखड़ (d) बनवारी लाल (c)

41. जुलाई, 2016 को हरियाणा सरकार द्वारा प्रारंभ पशुधन बीमा योजना का/के उद्देश्य निम्न में से क्या है/हैं? (HSSC CLERK (27.11.2016 Morning)
(a) यह योजना अनुसूचित जाति के पशुपालकों के लिए निशुल्क है।
(b) गाय, भैंस, सांड और ऊंटों के लिए 100 रुपये के प्रीमियम पर बीमा प्रदान किया जाएगा।
(c) भेड़, बकरी और सुअरों के लिए 25 रुपये के प्रीमियम पर तीन वर्ष की अवधि के लिए बीमा प्रदान किया जाएगा।
(d) ये सभी (d)

42. हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने पशुधन बीमा योजना के अंतर्गत .... मवेशियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है? (HSSC CLERK (04.12.2016) Morning)
(a) एक लाख (b) दो लाख (c) तीन लाख (d) चार लाख (a)

43. हरियाणा में भैंस की कौनसी नस्ल प्रसिद्ध है? (HSSC CLERK (04.12.2016) Evening)
(a) जाफराबादी (b) मुर्रा (c) सूरती (d) इनमें से कोई नहीं (b)

(a) 4,277 वर्ग किमी. (b) 4,810 वर्ग किमी.
(c) 4,636 वर्ग किमी. (d) 4,032 वर्ग किमी.
9. सिरसा को किस नाम से जाना जाता है?
(a) साहित्यिक नगरी (b) सन्तों की नगरी
(c) वन नगरी (d) ये सभी
10. निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(a) चोरमार का युद्ध सिरसा में हुआ था।
(b) सिरसा का गौपालन में प्रथम स्थान है
(c) सिरसा के पास सबसे अधिक रक्तदान करने का विश्व रिकॉर्ड है
(d) उपरोक्त सभी
11. कौनसा जिला हरियाणा में कपास के बीज का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(a) पंचकुला (b) करनाल
(c) सिरसा (d) कुरुक्षेत्र
12. हरियाणा हरिकेन के उपनाम से किसे जाना जाता है?
(a) कपिल देव (b) नवाब मंसूर अली खान पटौदी
(c) नीरज चोपड़ा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
13. लीलाधर दुखी स्मारक सरस्वती संग्रहालय की स्थापना कहाँ की गई है?
(a) हिसार (b) सिरसा (c) जीन्द (d) सोनीपत
14. हाँसी एवं रानिया (सिरसा) से किसकी मूर्तियाँ मिली हैं?
(a) शिव की मूर्तियाँ (b) विष्णु की मूर्तियाँ
(c) जैन मूर्तियाँ (d) बुद्ध की मूर्तियाँ
15. जननायक जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव, 2019 में .... सीटें जीतीं।
(a) 12 (b) 10 (c) 11 (d) 15
16. 15 नवंबर, 2019 को, हरियाणा मंत्रिमंडल में उद्योग और वाणिज्य मंत्री कौन थे?
(a) श्री दुष्यंत चौटाला (b) श्री मनोहर लाल खट्टर
(c) श्री अनिल विज (d) कप्तान अभिमन्यु
17. हरियाणा के निम्न मुख्यमंत्रियों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए:
1. बंसीलाल 2. बी.डी.गुप्ता
3. देवीलाल 4. भजनलाल
(a) 4, 3, 2, 1 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 2, 1, 3 (d) 4, 1, 3, 2
18. निम्नलिखित में से हरियाणा के किस राजनीतिज्ञ ने भारत के 6 वें उप-प्रधानमंत्री के रूप में काम किया हैं?
(a) बंसीलाल (b) सर छोटू राम
(c) चौधरी देवी लाल (d) ओमप्रकाश चौटाला
19. डॉ. गोपीचंद भार्गव की कर्मभूमि थी।
(a) रेवाड़ी (b) सिरसा
(c) लाहौर (d) उपर्युक्त सभी
20. सिरसा की मंजियाना परियोजना किस मिशन के तहत आती है-
(a) बागवानी (b) मत्स्यपालन
(c) मुर्गीपालन (d) पशुपालन
21. राज्य के किस जिले में आँवले का उत्पादन होता है?
(a) सोनीपत (b) कुरुक्षेत्र
(c) सिरसा (d) यमुनानगर
22. सिरसा जिले में कौन-सी मिट्टी पाई जाती है?
(a) पीली मिट्टी (b) भूरी मिट्टी
(c) लाल मिट्टी (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. (b)	2. (a)	3. (c)	4. (c)	5. (c)	6. (c)	7. (a)	8. (a)	9. (d)	10. (d)
11. (c)	12. (a)	13. (b)	14. (c)	15. (b)	16. (a)	17. (b)	18. (c)	19. (b)	20. (a)

कुरुक्षेत्र

- स्थिति - हरियाणा के उत्तरी भाग में
- स्थापना - 23 जनवरी,1973
- मुख्यालय - कुरुक्षेत्र
- क्षेत्रफल - 1530 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - अंबाला
- तहसील - थानेसर, पेहोवा, शाहबाद, लाडवा
- उप-तहसील - लाडवा, इस्माइलाबाद, बबैन
- खंड - लाडवा, पेहोवा, शाहबाद, थानेसर, बबैन, पीपली, इस्माइलाबाद
- आरक्षित सीट - शाहबाद
- कुल जनसंख्या - 9,64,655 (2011)
- साक्षरता दर - 76.7% (2011)
- लिंग अनुपात - 888/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 630 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

➤ प्राचीन नाम / उपनाम - धर्म नगरी, सिटी ऑफ पावर्स, श्री कंठ जनपद

- राजा कुरु के नाम पर इस स्थान का नाम 'कुरुक्षेत्र' पड़ा।
- कुरुक्षेत्र को वैदिक सभ्यता का पालना कहा जाता है
- आईन - ए - अकबरी के अनुसार थानेसर का नाम स्थानेश्वर था और इसके निकट सरोवर का नाम कुरुक्षेत्र था।
- थानेसर को मुगलों का द्वीप भी कहा जाता है।
- कुरुक्षेत्र में कुल 360 धार्मिक स्थल हैं।
- थानेसर श्रीकंठ जनपद की राजधानी थी। शक्तिशाली वर्धन वंश का उदय यहीं हुआ था। जिसमें दो प्रतापी राजाओं प्रभाकर एवं हर्षवर्धन का वर्णन मिलता है।
- महमूद गजनवी ने थानेसर पर सन 1014 ई. में आक्रमण किया था और यहाँ से चक्र स्वामी महाराज की मूर्ति अपने साथ ले गया था।
- महाभारत का प्रसिद्ध युद्ध 900 ई. पू. कुरुक्षेत्र में लड़ा गया था। यह युद्ध 18 दिन चला था।

➤ कुरुक्षेत्र के टीले -

- कर्ण का टीला
- कर्ण का टीला (मिर्जापुर का टीला)
- भगवानपुर का टीला
- दौलतपुर का टीला

➤ संग्रहालय-

- श्री कृष्ण संग्रहालय कुरुक्षेत्र- सन् 1987 में इस संग्रहालय की स्थापना की गई थी।
- गुलजारीलाल नंदा संग्रहालय कुरुक्षेत्र- कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 'श्रीकंठ संग्रहालय' के तत्वाधान में सदाचार स्थल पर स्थापित 'श्री गुलजारीलाल नंदा संग्रहालय' हरियाणा का पहला व्यक्तित्व संग्रहालय है, जो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा को समर्पित है।
- थानेसर संग्रहालय - थानेसर

➤ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय -

- इस विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 1956 में हुई थी।
- यह विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के किनारे स्थित है।
- इसकी नींव भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने रखी थी।
- इसकी शुरुआत केवल संस्कृत विभाग के साथ हुई थी।

➤ कुरुक्षेत्र के मेले एवं उत्सव -

- सूर्य ग्रहण स्नान - कुरुक्षेत्र जिले में सूर्य ग्रहण के दिन श्रद्धालु एकत्रित होते हैं और स्नान कर धर्मानुष्ठान आयोजित करते हैं।
- पेहोवा का मेला - यह मेला पेहोवा नामक गांव में मार्च महीने में सोमवती अमावस को लगता है।
- मारकंडा का मेला- कुरुक्षेत्र के शाहाबाद नामक स्थान पर यह मेला लगता है। इस स्थान को मारकंडेय ऋषि का प्राचीन आश्रम माना जाता है।

➤ बैसाखी का मेला -

- महावीर जयंती उत्सव -
- कुरुक्षेत्र के मंदिर -
- सर्वेश्वर महादेव मंदिर
- देवीकूप (महाकाली मंदिर)
- स्थानेश्वर महादेव मंदिर
- लक्ष्मी नारायण मंदिर
- नारायण मंदिर
- दुःख भजनेश्वर मंदिर
- बिरला मंदिर
- अदिति का मंदिर
- तिरुपति बालाजी मंदिर

➤ धार्मिक स्थल -

- ब्रह्म सरोवर - कुरुक्षेत्र
- बाणगंगा - कुरुक्षेत्र
- कमलनाथतीर्थ - कुरुक्षेत्र
- चंद्रकूप - कुरुक्षेत्र
- आपगा तीर्थ - कुरुक्षेत्र
- सन्निहित तीर्थ -कुरुक्षेत्र
- ज्योतिसर सरोवर - कुरुक्षेत्र
- कालेश्वर तीर्थ - कुरुक्षेत्र
- कुबेर तीर्थ - कुरुक्षेत्र
- प्राची तीर्थ - कुरुक्षेत्र
- बाबा काली कमली वाले का डेरा - कुरुक्षेत्र
- गीता भवन - कुरुक्षेत्र
- ऋषि -
- दधीचि - कुरुक्षेत्र
- वशिष्ट - पेहोवा - कुरुक्षेत्र
- विश्वामित्र - पेहोवा - कुरुक्षेत्र
- ययाति - पेहोवा - कुरुक्षेत्र

➤ शेख चिल्ली का मकबरा - थानेसर - यह मकबरा सूफी संत शेख चिल्ली का है शेख चिल्ली मुगल सम्राट शाहजहाँ के शासनकाल में थानेसर आए थे। शेख चिल्ली की मृत्यु थानेसर में ही हो गई और उन्हें यहीं पर दफना दिया गया। इस मकबरे को हरियाणा का ताजमहल भी कहा जाता है। शेख चिल्ली दारा शिकोह के धर्मगुरु थे।

- कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा -
- गुरुद्वारा पहली पातशाही - कुरुक्षेत्र - सिखों के पहले गुरु गुरुनानक देव जी के कुरुक्षेत्र आगमन की स्मृति में इसका निर्माण किया गया है।
- गुरुद्वारा छठी पातशाही - कुरुक्षेत्र-
- गुरुद्वारा नौवीं पातशाही - कुरुक्षेत्र - सिक्खों के नोवें गुरु तेग बहादुर की स्मृति में
- गुरुद्वारा दसवीं पातशाही- सिक्खों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के आगमन पर निर्माण करवाया गया।
- राजघाट गुरुद्वारा - कुरुक्षेत्र
- आयुष विश्वविद्यालय - कुरुक्षेत्र
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) - कुरुक्षेत्र
- छिलछिला वन्य जीव अभयारण्य - कुरुक्षेत्र
- मगरमच्छ प्रजनन केंद्र - भोर सैदान - कुरुक्षेत्र
- आकाशवाणी केंद्र कुरुक्षेत्र - 24 जून, 1991
- रानी रामपाल का संबंध शाहाबाद, कुरुक्षेत्र से है।
- सबसे ज्यादा Tourist Complex -
  (i) अनजाना पत्रिका (पेहोवा)
  (ii) नीलकंठ (थानेसर)
  (iii) पैराकिट (पीपली)
- एकमात्र हरियाणा का कुरुक्षेत्र जिला होते हुए भी विधानसभा सीट नहीं है।
- थानेसर - हर्षवर्धन की राजधानी
- सबसे पुराना गुरुकुल - 1954
- अटल बिहारी वाजपेयी की अस्थियाँ ब्रह्मसरोवर (पेहोवा) में प्रवाहित की गयी।
- कुरुक्षेत्र को हॉकी का गढ़ कहा जाता है।
- बलदेव - India Hockey Coach (शाहबाद)
- रानी रामपाल - India Hockey Women Captain (शाहबाद)
- संदीप सिंह - Hockey India Player (शाहबाद) खेल मंत्री
- संदीप सिंह की जीवनी पर फिल्म - (सुरमा) दिलजीत दोसांझ
- पहला आरोग्य हर्बल पार्क - आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए
- सबसे पहली अनाज मंडी - लाडवा (सन् 1868)
- पहली डिजिटल स्क्रीन - कुरुक्षेत्र (मतदाता जागरूकता के लिए)
- चीनी मिल - शाहबाद (सन् 1983-84)

अभ्यास प्रश्न

1. कुरुक्षेत्र जिले की स्थापना कब हुई थी?
(a) 22 जनवरी 1978 (b) 23 जनवरी 1973
(c) 22 फरवरी 1972 (d) 24 मार्च 1975
2. युद्ध भूमि धर्म की भूमि के नाम से सम्बन्धित है।
(a) पानीपत (b) कुरुक्षेत्र
(c) मेवात (d) कारगिल
3. कौन-सा कथन सही है?
(a) कुरुक्षेत्र सरस्वती व दृषद्वती नदियों के मध्य स्थित था
(b) कुरुक्षेत्र का नाम राजा कुरु के नाम पर पड़ा था
(c) कुरुक्षेत्र को 'वैदिक सभ्यता का पालना' भी कहा जाता था
(d) उपरोक्त सभी
4. कौन-सी नदी कुरुक्षेत्र जिले में बहती है?
(a) मारकण्डा (b) घग्घर (c) आपगा (d) ये सभी
5. भद्रकाली शक्तिपीठ किस स्थान पर स्थित है?
(a) जीन्द (b) नारनौल (c) कुरुक्षेत्र (d) हिसार
6. ...... के लाडवा में एशिया की दूसरी सबसे बड़ी अनाज मण्डी स्थित है।
(a) भिवानी (b) कुरुक्षेत्र (c) नारनौल (d) मेवात
7. कौन-सा जिला सिटी ऑफ पार्क के नाम से प्रसिद्ध है?
(a) कुरुक्षेत्र (b) मेवात
(c) यमुनानगर (d) सोनीपत
8. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की स्थापना कब की गई?
(a) वर्ष 1955 (b) वर्ष 1956
(c) वर्ष 1957 (d) वर्ष 1958
9. कुरुक्षेत्र महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किस माह में किया जाता है?
(a) दिसम्बर (b) मार्च (c) नवम्बर (d) मई
10. प्रथम भारतीय अन्तरिक्ष यात्री कल्पना चावला की स्मृति में कल्पना चावला मेमोरियम कहाँ बनाया गया है?
(a) जीन्द (b) कुरुक्षेत्र
(c) सिरसा (d) मेवात
11. पंजाब के साथ सबसे छोटी सीमा कौनसा जिला बनाता है-
(a) सिरसा (b) कुरुक्षेत्र (c) पंचकुला (d) जींद
12. किसे फ्लिकर सिंह के नाम से जाना जाता है-
(a) सरदार संदीप सिंह (b) रानी रामपाल
(c) सविता पूनिया (d) उपर्युक्त सभी
13. किसे 'हूणहरिणकेशरी' कहा जाता है-
(a) हर्षवर्धन (b) आदित्यवर्धन
(c) प्रभाकरवर्धन (d) पुष्यभूति
14. राजा हर्षवर्धन ने प्रसिद्ध नाटक कौनसा लिखा था।
(a) भरतांजलि (b) नारायणीयम
(c) नागानन्द (d) इनमें से कोई नहीं
15. निम्न में से किसे मुगलों का द्वीप कहा जाता है-
(a) हिसार (b) थानेसर
(c) कुरुक्षेत्र (d) गुरुग्राम
16. हरियाणा की सांस्कृतिक राजधानी कौनसी है-
(a) रोहतक (b) कुरुक्षेत्र
(c) पंचकुला (d) जींद

उत्तरमाला

1. (b)	2. (b)	3. (d)	4. (d)	5. (c)	6. (b)	7. (a)	8. (b)	9. (a)	10. (b)
11. (b)	12. (a)	13. (c)	14. (c)	15. (b)	16. (b)				

फरीदाबाद

- स्थिति - हरियाणा के दक्षिणी - पूर्वी भाग में
- स्थापना - 2 अगस्त, 1979 (HSSC), (15 अगस्त, 1979)
- मुख्यालय - फरीदाबाद
- क्षेत्रफल - 741 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - फरीदाबाद
- तहसील - फरीदाबाद, बल्लभगढ़, बड़खल
- उप-तहसील - तिगाँव, मोहना
- खंड - फरीदाबाद, बल्लभगढ़, तिगांव, बड़ोली
- कुल जनसंख्या - 18,09,733 (2011)
- साक्षरता दर - 83.0% (2011)
- लिंग अनुपात - 873/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 2442 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - औद्योगिक नगरी, डॉ राजेंद्र प्रसाद के सपनों का शहर
- फरीदाबाद शहर की स्थापना प्रसिद्ध सूफी संत 'फरीद बाबा' ने 1607 ई. में की थी।
- राज्य के हिसार और फरीदाबाद जिले में पर्यावरण न्यायालय की स्थापना की गई है।
- फरीदाबाद जिले के गाँव तिगाँव को अमर शहीदों का गाँव कहा जाता है।
- फरीदाबाद का सीही गाँव संत सूरदास का जन्म स्थान हैं ये अकबर के समकालीन थे।
- प्रमुख उद्योग -
- कागज उद्योग
- सूती कपड़ा उद्योग
- कृषि यंत्र उद्योग
- चमड़ा उद्योग
- प्लास्टिक उद्योग
- बाटा शू कंपनी
- राजदूत मोटरसाइकिल
- एस्कॉर्ट ट्रैक्टर एवं केल्विनेटर रेफ्रीजरेटर उद्योग
- ऑटो टायर और ट्यूब
- इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग
- हल्के इंजीनियरिंग उद्योग
- सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला - फरीदाबाद
- सर्वाधिक घनत्व वाला जिला - फरीदाबाद
- राजा नाहर सिंह का किला - बल्लभगढ़
- इसे राजा बल्लू के पुत्र किशन सिंह ने पूरा कराया।
- बड़खल झील - दिल्ली - मथुरा राजमार्ग फरीदाबाद के पश्चिम में फैली विशाल चट्टानी क्षेत्र के मध्य स्थित पर्यटन स्थल। इसे परियोजना का निर्माण वर्ष 1947 से सिंचाई परियोजना के अंतर्गत किया गया है।
- अरावली का गोल्फ मैदान - फरीदाबाद - इसका डिजाइन अमेरिका के स्टीफन गोल्फ मैदान की भांति बनाया गया है। (अभिनव लोहान का संबंध फरीदाबाद से है)
- धौज झील - यह झील फरीदाबाद में स्थित है।
- नाहर सिंह स्टेडियम - बल्लभगढ़
- सूरजकुंड - इस स्थान पर प्राकृतिक सुंदरता से आकर्षित होकर तोमर वंश के राजा सूरजमल ने यहाँ सूर्य मंदिर का निर्माण करवाया। यहाँ पर 1987 से प्रत्येक वर्ष सूरजकुंड का मेला मनाया जा रहा है।
- YMCA यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी - फरीदाबाद ऋचा शर्मा और सोनू निगम का संबंध फरीदाबाद से है।
- हरियाणा सरकार ने बल्लभगढ़ का नाम बदलकर बलरामगढ़ कर दिया गया है।
- 1857 की क्रांति में राजा नाहर सिंह ने बल्लभगढ़ से नेतृत्व किया था। 6 दिसंबर,1857 को नाहर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया तथा 9 जनवरी, 1858 को दिल्ली के चांदनी चौक में फाँसी दे दी गई।
- फरीदाबाद के मेले -
- बलदेव छठ का मेला - यह मेला फरीदाबाद जिले बल्लभगढ़ में भादो शुक्ल पक्ष नवमी और दशमी को लगता है। यह मेला बल्लभगढ़ में बलदेव की जन्म तिथि के रूप में लगता है।
- जन्माष्टमी का मेला - यह मेला धतिर नामक स्थान पर भादो में कृष्ण पक्ष अष्टमी को लगता है।
- कालका का मेला - फरीदाबाद जिले में मोहना में चैत्र शुक्ल पक्ष की अष्टमी को माता कालका की पूजा होती है और इसी के उपलक्ष्य में यहाँ माता कालका के नाम से एक मेले का आयोजन किया जाता है।
- गोगा पीर का मेला - यह मेला बहबलपुर में भादो शुक्ल पक्ष नवमी को गोगा पीर की याद में आयोजित किया जाता है।
- बाबा उदास नाथ का मेला - फरीदाबाद के अलावलपुर में फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या को सिद्ध बाबा की समाधि पर यह मेला लगता है।
- फुल डोर का मेला - यह मेला बाबा बखशीनाथ की याद में आयोजित किया जाता है।
- कार्तिक सांस्कृतिक मेला - सूरजकुंड मेले की तरह ही बल्लभगढ़ में इस मेले को हरियाणा के पर्यटन विभाग ने विकसित किया है।
- कनूवा का मेला - यह मेला गागेता में भादो कृष्ण पक्ष एकादशी के दिन लगता है।
- कान्हा गौशाला का मेला - यह मेला बहीन नामक स्थान पर फाल्गुन पंचमी को दादा रावत की याद में लगता है। दादा कान्हा रावत पाल के सरदार थे। औरंगजेब ने जबरदस्ती उन्हें मुसलमान बनाना चाहा और जिंदा गढ़वा दिया। उसी स्थान पर बनी गौशाला में इस मेले का आयोजन होता है।
- शिव चौदस का मेला - यह मेला मैटोली नामक स्थान पर शिवरात्रि के उपलक्ष्य में लगता है।

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा के फरीदाबाद जिले का गठन कब किया गया?
(a) 15 अगस्त, 1950 (b) 15 अगस्त, 1979
(c) 15 अगस्त, 1960 (d) 15 अगस्त, 1980
2. फरीदाबाद शहर की स्थापना किसने की थी?
(a) जहाँगीर (b) मलिक महमूद खान
(c) शेख फरीद (d) राजा नाहर सिंह
3. हरियाणा के सबसे कम क्षेत्रफल वाले जिले फरीदाबाद का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 741 वर्ग किमी. (b) 804 वर्ग किमी.
(c) 778 वर्ग किमी. (d) 917 वर्ग किमी.
4. फरीदाबाद में कौन-सी फैक्ट्री स्थित है?
(a) रबड़ (b) ट्रैक्टर (c) रेफ्रीजरेटर (d) ये सभी
5. कौन-सा कथन सही है?
(a) फरीदाबाद एक औद्योगिक शहर है।
(b) फरीदाबाद के गाँव तिगाँव को अमर शहीदों का गाँव कहा जाता है।
(c) फरीदाबाद में पर्यावरण न्यायालय स्थित है
(d) उपरोक्त सभी
6. फरीदाबाद के सम्बन्ध में निम्न में से क्या सही है?
(a) सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला
(b) सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला जिला
(c) सर्वाधिक महिलाओं की जनसंख्या वाला जिला
(d) उपरोक्त सभी
7. हरियाणा राज्य का पहला 20 लाख जनसंख्या वाला शहर कौन-सा है?
(a) गुरुग्राम (b) झज्जर (c) रोहतक (d) फरीदाबाद
8. सूरसागर कौन-से कवि की रचना है?
(a) सूरदास (b) नन्ददास (c) कृष्णदास (d) कुम्भसागर
9. बल्लभगढ़ का अन्तिम राजा जिसने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में वीरता का परिचय दिया?
(a) विजय सिंह (b) नाहर सिंह (c) प्रतापसिंह (d) मेहरसिंह
10. सूरजकुण्ड अन्तर्राष्ट्रीय कला मेला एक रंग-बिरंगा पारम्परिक भारत का कला उत्सव प्रत्येक वर्ष माह में लगता है।
(a) जनवरी (b) फरवरी (c) मार्च (d) अप्रैल
11. 'शिल्पियों का कुम्भ' हरियाणा के किस मेले को कहा जाता है?
(a) भीमेश्वरी मेला (b) सूर्यग्रहण मेला
(c) सूरजकुण्ड क्राफ्ट मेला (d) सोमवती अमावस्या मेला
12. सम्पूर्ण भारत में शिल्पी व कलाकार हरियाणा के किस मेले में भाग लेते हैं?
(a) सूरजकुण्ड क्राफ्ट मेला (b) कुरुक्षेत्र सूर्यग्रहण मेला
(c) बलरामगढ़ कार्तिक मेला (d) कलेसर मेला
13. सूरजकुण्ड का अन्तर्राष्ट्रीय कला मेला किस जिले में लगता है?
(a) गुरुग्राम (b) फरीदाबाद
(c) रेवाड़ी (d) सोनीपत
14. सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेला हरियाणा राज्य के .... जिले में स्थापित किया गया है।
(a) अंबाला (b) फरीदाबाद (c) गुरुग्राम (d) हिसार
15. हर साल फरवरी के महीने में फरीदाबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का नाम किस प्राचीन जलाशय के नाम पर रखा गया है?
(a) धनूर (b) दमदमा (c) सुखना (d) सूरजकुंड
16. अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का आयोजन किस महीने में होता है?
(a) दिसंबर (b) फरवरी (c) जुलाई (d) जून
17. हरियाणा के किस स्थान पर रास नृत्य किया जाता है?
(a) फरीदाबाद (b) बल्लभगढ़
(c) गुरुग्राम (d) ये सभी
18. किस स्थान पर राजा नाहर सिंह का किला स्थित है?
(a) महेन्द्रगढ़ में (b) रोहतक में
(c) यमुनानगर में (d) बल्लभगढ़ में
19. राजा नाहर सिंह किले का निर्माण किसने आरम्भ करवाया था?
(a) राजा बलराम सिंह (b) राजा नाहर सिंह
(c) राजा जयसिंह (d) राजा माधोसिंह

उत्तरमाला

1. (b)	2. (c)	3. (a)	4. (d)	5. (d)	6. (d)	7. (d)	8. (a)	9. (b)	10. (b)
11. (c)	12. (a)	13. (b)	14. (b)	15. (d)	16. (b)	17. (d)	18. (d)	19. (a)	

कैथल

- स्थिति - हरियाणा के मध्य उत्तर में
- स्थापना - 1 नवंबर, 1989
- मुख्यालय - कैथल
- क्षेत्रफल - 2317 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - करनाल मंडल
- तहसील - कैथल, गुहला, कलायत, फतेहपुर, पुंडरी
- उप-तहसील - कैथल, गुहला, कलायत, फतेहपुर, पुंडरी
- [illegible] कलायत, सीवान, बांड
- आरक्षित सीट - गुहला
- कुल जनसंख्या - 10,74,304 (2011)
- साक्षरता दर - 70.6% (2011)
- लिंग अनुपात - 881/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 464 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - कपिल स्थल, कपिल मुनि की नगरी, हरियाणा की छोटी काशी, गुरुद्वारों का शहर
- कैथल को हनुमान की जन्मस्थली माना जाता है।

- कैथल का प्राचीन नाम कपिल स्थल है जिसका अर्थ होता है - वानरों का आवास स्थान
- कैथल के मंदिर - हनुमान मंदिर, अम्बकेश्वर मंदिर, ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, गीता भवन मंदिर, अंजलि टीला, कुट्टी शिव मंदिर व देवजी का मंदिर (गुफा वाला मंदिर)

➤ गुरुद्वारे -
- गुरुद्वारा नीम साहिब
- गुरुद्वारा गुरु नानक देव जी
- गुरुद्वारा टोपियों वाला
- श्री मंजी साहिब

➤ रजिया सुल्तान का मकबरा - कैथल (1240) - रजिया सुल्तान इल्तुतमिश की पुत्री थी। दिल्ली सल्तनत की प्रथम महिला शासिका थी। इसकी हत्या इसी के सरदारों ने कैथल में कर दी थी। इसका मकबरा कैथल में है।

➤ बाबा शाह कलाम की मजार - कैथल
- कैथल के फरल गाँव में प्रसिद्ध फल्गु का मेला लगता है।
- सरस्वती आरक्षित क्षेत्र - कैथल - 1988
- इसे सोनसर जंगल भी कहा जाता है।
- उदय सिंह कैथल रियासत के अंतिम शासक थे।
- संतोष सिंह कैथल रियासत के अंतिम शासक के दरबारी कवि थे।
- पुंडरी (कैथल) - ऋषि पुंडरिक की तपोस्थली होने के कारण इस स्थान का नाम पुंडरी पड़ा। पुंडरीक तीर्थ के पावन तट पर नवीकृत नवग्रह कुंड का निर्माण करवा कर 28 मई, 1987 को इसे जनता को समर्पित कर दिया।
- लव-कुश तीर्थ - मुंदड़ी (कैथल)
- देहाती मेला कैथल में लगता है।
- नवग्रह कुंड - कैथल

➤ कैथल के चारों ओर आठ दरवाजे हैं :-
1. सिवान गेट
2. माता गेट
3. चन्दना गेट
4. प्रताप गेट
5. क्योड़क गेट
6. डोगरा गेट
7. कोठी गेट
8. रेलवे गेट

- राधा कृष्ण सनातन धर्म कॉलेज कैथल का सबसे पुराना कॉलेज है जो सन् 1954 में स्थापित किया गया था।
- कपिल ऋषि का संबंध कलायत (कैथल) से है।
- संस्कृत विश्वविद्यालय - मुंदड़ी कैथल
- ममता सौदा पर्वतारोही का संबंध कैथल जिले से है -
- 26 जनवरी, 2019 को इंडोनेशिया पहाड़ियों की कोरेस्टेंसंज चोटी पर चढ़ाई की।
- लव कुंभ की नगरी कैथल को कहा जाता है।
- नवग्रह कुंड के कारण कैथल को छोटा काशी कहा जाता है।
- स्टेडियम - इंडोर स्टेडियम कैथल
- उदय सिंह का किला कैथल में स्थित है।
- मोहन सिंह मंढार ने 1530 में बाबर के विरुद्ध विद्रोह किया था।
- राज्य की प्रथम महिला सांगी - सरदारी बेगम (कलायत) कैथल
- प्रदेश का पहला पशु विज्ञान केंद्र कैथल में खोला जाएगा।
- चौशाला (कैथल) गाँव की पंचायत ने घूंघट के विरुद्ध अभियान चलाने वाली राज्य की पहली पंचायत है।

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा के कैथल जिले का गठन कब किया गया था?
(a) 2 जुलाई, 1985 (b) 1 नवम्बर, 1989
(c) 4 फरवरी, 1991 (d) 2 अप्रैल, 1992

2. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कैथल की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(a) दुर्योधन (b) कर्ण (c) श्रीकृष्ण (d) युधिष्ठिर

3. कैथल का संस्कृत नाम क्या था?
(a) कपिलवस्तु (b) कपिस्थल
(c) कपिलस्थ (d) कपिल नगरी

4. कैथल जिले का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 2,310 वर्ग कि.मी. (b) 2,317 वर्ग कि.मी.
(c) 2,327 वर्ग कि.मी. (d) 2,340 वर्ग कि.मी.

5. कैथल को कहा जाता है-
(a) गुरुद्वारों का नगर (b) छोटी काशी
(c) a और b दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

6. टोपियों वाला गुरुद्वारा कहाँ स्थित है, जिसमें गुरुग्रन्थ साहिब और रामायण एक साथ पढ़े जाते हैं?
(a) कैथल (b) रोहतक (c) भिवानी (d) कुरुक्षेत्र

7. कौनसा जिले अम्बाला प्रशासनिक डिविजन के अन्तर्गत आते हैं?
(HSSC Marketing Assitant 20.08.2021)
(a) पानीपत (b) सोनीपत (c) कैथल (d) पंचकूला

8. थेह पोलर का प्राचीनतम स्थल हरियाणा में कहाँ स्थित है?
(HSSC Gram Sachiv, 10.01.2021)
(a) पानीपत (b) फरीदाबाद (c) करनाल (d) कैथल

9. वर्ष 1933-34 में एच.एल. श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती नदी के किनारे स्थित किस स्थान की खुदाई करवाई गई। वह कौन-सा स्थान है?
(a) राजा कर्ण का किला (b) थेह पोलर
(c) मिताथल (भिवानी) (d) सीसवाल (हिसार)

10. सूची-I (हरियाणा की पुलिस रेंज) को सूची-II (जिले) के साथ सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनें। (HSSC Commando Wing, 2021)

सूची-I	सूची-II
(A) अम्बाला	1. कैथल
(B) हिसार	2. रेवाड़ी
(C) करनाल	3. हाँसी
(D) दक्षिणी रेंज	4. यमुनानगर

कूट:

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	2	4	1	3
(b)	2	3	4	1
(c)	4	3	1	2
(d)	3	4	2	1

11. लहसुन के प्रमाण निम्नलिखित में से किस हड़प्पाकालीन स्थल से प्राप्त हुए हैं?
(a) बनावली (b) बालू
(c) कुणाल (d) दौलपुर
12. बाबर के शासनकाल के दौरान हरियाणा के किस स्थान पर विद्रोह हुआ था?
(a) कैथल (b) हिसार (c) मेवात (d) उपर्युक्त सभी
13. सुमेलित कीजिए-

सूची-I आर्य समाज के संस्थापक क्षेत्र	सूची-II स्थापना वर्ष
(A) भिवानी	1. 1900
(B) कैथल	2. 1896
(C) बल्लभगढ़	3. 1891
(D) झज्जर	4. 1890

कूट:

	(A)	(B)	(C)	(D)
(a)	4	1	2	3
(b)	3	2	1	4
(c)	1	4	3	2
(d)	2	4	3	1

14. कैथल विद्रोह का नेतृत्व किसने नहीं किया था?
(a) साहिब कौर (b) सूरज कौर (c) बीबी कौर (d) गुलाब सिंह
15. राजा अजीत सिंह .... रियासत के शासक थे।
(Lower Division Clerk (Field Cadre) Afternoon)
(a) लाडवा (b) भिवानी (c) कैथल (d) बनावली
16. किस विद्रोह को दबाने के लिए अंग्रेजों ने शहर के चारों ओर सात चौकियाँ स्थापित की?
(a) लाडवा का विद्रोह (b) कैथल का विद्रोह
(c) जीन्द का विद्रोह (d) किसानों का विद्रोह
17. सरस्वती वन्यजीव अभयारण्य, हरियाणा के .... शहर में है। (HSSC ITI Instructor, 2020)
(a) मेवात (b) कैथल (c) पेहोवा (d) थानेसर
18. ग्यारह रुद्री शिव मन्दिर का मूल निर्माण किसने करवाया था?
(a) महाराजा युधिष्ठिर (b) अर्जुन
(c) दुर्योधन (d) इनमें से कोई नहीं
19. कौनसा मन्दिर कैथल में स्थित है?
(a) बुद्ध केदारेश्वर मन्दिर (b) अम्बकेश्वर महादेव मन्दिर
(c) राधेश्याम मन्दिर (d) उपरोक्त सभी
20. हरियाणा के कैथल नगर में डोगरा गेट के समीप निम्नलिखित में से कौनसा गुरुद्वारा स्थित है?
(HSSC Clerk Paper 11.12.2016)
(a) गुरुद्वारा नीम साहिब (b) गुरुद्वारा नौवीं पातशाही
(c) रागधार गुरुद्वारा (d) गुरुद्वारा छठी पातशाही
21. गुरुद्वारा मंजी साहिब कहाँ स्थित है? (PGT-2016)
(a) कैथल (b) झज्जर (c) फतेहाबाद (d) रेवाड़ी
22. टोपियों वाला गुरुद्वारा हरियाणा में कहाँ पर स्थित है?
(a) कुरुक्षेत्र (b) कैथल
(c) सोनीपत (d) महेन्द्रगढ़
23. कोयल पर्यटन स्थल हरियाणा में कहाँ पर स्थित है?
(a) कैथल (b) रोहतक
(c) सोनीपत (d) अम्बाला

उत्तरमाला

1. (b)	2. (d)	3. (b)	4. (b)	5. (c)	6. (a)	7. (c)	8. (d)	9. (b)	10. (c)
11. (b)	12. (d)	13. (a)	14. (c)	15. (a)	16. (b)	17. (b)	18. (a)	19. (d)	20. (a)
21. (a)	22. (b)	23. (a)							

रेवाड़ी

- स्थिति - हरियाणा के दक्षिण भाग में
- स्थापना - 1 नवंबर,1989
- मुख्यालय - रेवाड़ी
- क्षेत्रफल - 1594 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - गुरुग्राम मंडल
- तहसील - रेवाड़ी, कोसली, बावल
- उप-तहसील - धारूहेड़ा, पाल्हावास, नाहड़, मनेठी
- खंड - रेवाड़ी, नाहड़, बावल, खोल, जाटूसाना
- आरक्षित सीट - बावल
- कुल जनसंख्या - 9,00,332 (2011)
- साक्षरता दर - 82.2% (2011)
- लिंग अनुपात - 898/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 565 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - रेवत बाड़ी, वीर सिटी, पीतल नगरी, अहीर वाल का लंदन, पीतल नगरी।
- बलराम के ससुर रेवत नामक राजा ने अपनी पुत्री रेवती के नाम पर इस नगर का नाम रेवतबाड़ी रखा जो बाद में रेवाड़ी बन गया।
- इब्राहिम बारह हजारी की मस्जिद रेवाड़ी में स्थित है।
- घंटेश्वर मंदिर रेवाड़ी में स्थित है।
- रेवाड़ी के पर्यटन स्थल -
- सैंड पाइपर पर्यटन स्थल
- रामपुर महल
- रानी की ड्योढ़ी
- इंदिरा गाँधी विवि. - मीरपुर रेवाड़ी में स्थित है।
- नाहर वन्यजीव अभयारण्य - रेवाड़ी
  यहाँ पर लोमड़ी, सियार, काला हिरण आदि रहते हैं। इस अभयारण्य को जून 2009 में संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया गया था।
- उद्योग - चमड़े के जूते, बर्तन (ताँबा, पीतल) हीरो होंडा, मोटरसाइकिल

- पंडित प्रहलाद शर्मा ने ज्योतिष नामक समाचार पत्र सन् 1928 में रेवाड़ी से निकाला।
- सन् 1857 की क्रांति का नेतृत्व रेवाड़ी के राव तुला राम, राव कृष्ण गोपाल और इनके भाई रावगोपाल ने किया।
- बावल रेवाड़ी में विधानसभा की आरक्षित सीट है।
- राव वीरेंद्र सिंह का संबंध रेवाड़ी से है, ये हरियाणा के पहले गैर - कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। उनकी पार्टी हरियाणा विशाल पार्टी थी।
- संतोष यादव का संबंध रेवाड़ी से है। ये भारत की एकमात्र महिला हैं जिन्होंने माउंट एवरेस्ट पर दो बार विजय प्राप्त की है।
- हरियाणा में पहली ट्रेन सन् 1873 में दिल्ली से रेवाड़ी तक चली थी।
- CNG DEMO ट्रेन भारत में पहली बार रेवाड़ी से रोहतक के बीच 13 जनवरी, 2015 को चली थी।
- सौर ऊर्जा ट्रेन भारत में पहली बार दिल्ली से रेवाड़ी के बीच चली।
- मोर एवं चिंकारा प्रजनन केंद्र - झाबुआ, रेवाड़ी
- आर्य समाज की शाखा स्वामी दयानंद सरस्वती
- रेवाड़ी में स्थित लाल मस्जिद का निर्माण अकबर के शासनकाल में हुआ था।
- हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र (RRC) बावल (रेवाड़ी) में स्थित है।
- राव तेज सिंह का तालाब रेवाड़ी में स्थित है।
- सर शादी लाल का संबंध रेवाड़ी से है, जो पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के प्रथम न्यायाधीश थे।
- जंगल बबलर पर्यटन स्थल धारूहेड़ा (रेवाड़ी) में स्थित है।
- स्लेटी पत्थर सबसे ज्यादा पाया जाता है - कुंड (रेवाड़ी)
- प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक कल्लन खाँ का संबंध रेवाड़ी से है।

अभ्यास प्रश्न

1. पीतल नगरी रेवाड़ी की स्थापना कब की गई थी?
(a) 1 नवम्बर, 1989 (b) 4 दिसम्बर, 1990
(c) 2 जून, 1992 (d) 3 अगस्त, 1994

2. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रेवाड़ी शहर की स्थापना किस काल में की गई थी?
(a) रामायण काल (b) वैदिक काल
(c) बुद्ध काल (d) महाभारत काल

3. हरियाणा के रेवाड़ी का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 1,540 वर्ग कि.मी. (b) 1,550 वर्ग कि.मी.
(c) 1,594 वर्ग कि.मी. (d) 1,640 वर्ग कि.मी.

4. रेवाड़ी जिले से सम्बन्धित है?
(a) बाबा सूरजगिरि का मेला (b) बाग वाला तालाब
(c) रामपुरा का महल (d) ये सभी

5. हरियाणा का रेवाड़ी जिला भारत में किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है? (HSSC 2019, PGT 2016)
(a) पीतल के बर्तन उद्योग (b) हीरो होंडा मोटरसाइकिल उद्योग
(c) तिल्ली जूती उद्योग (d) ये सभी

6. रेवाड़ी को किस नाम से जाना जाता है?
(a) वीर नगरी (b) पीतल नगरी (ब्रास सिटी)
(c) a और b दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

7. हरियाणा का सबसे बड़ा एवं पुराना रेलवे स्टेशन किस शहर का है?
(a) कैथल (b) रेवाड़ी (c) पानीपत (d) फतेहाबाद

8. हरियाणा के किस जिले में स्लेट-पत्थर पाए जाते हैं?
(a) यमुनानगर (b) रेवाड़ी (c) कैथल (d) अम्बाला

9. रेवाड़ी में 'रिजांग ला स्मारक' का निर्माण किस वर्ष किया गया?
(a) वर्ष 1950 (b) वर्ष 1965
(c) वर्ष 1958 (d) वर्ष 1962

10. रेवाड़ी में लाल मस्जिद का निर्माण किस मुगल शासक के शासनकाल में हुआ?
(a) अकबर (b) शाहजहाँ (c) हुमायूँ (d) कोई नहीं

11. सन्तोष यादव .... सबसे कम आयु की महिला हैं। (HSSC Fitter 09.08.2021)
(a) एक राज्य की मुख्यमंत्री बनने वाली
(b) दो बार माउण्ट एवरेस्ट चढ़ने वाली
(c) ओलम्पिक में स्वर्ण पदक लाने वाली
(d) पैरा ओलम्पिक में स्वर्ण पदक लाने वाली

12. सैंडपाइपर पर्यटन स्थल हरियाणा में कहाँ पर स्थित है?
(a) रोहतक (b) रेवाड़ी (c) महेन्द्रगढ़ (d) कोई नहीं

13. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के प्रथम भारतीय न्यायाधीश कौन बनें थे?
(a) न्यायमूर्ति मेहर सिंह (b) सर शादी लाल
(c) न्यायमूर्ति रामलाल (d) रविशंकर झा

14. किस मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है?
(a) पं. भगवत दयाल शर्मा (b) राव बिरेन्द्र सिंह
(c) श्री हुकम सिंह (d) b तथा c दोनों

15. .... हरियाणा राज्य की पहली क्षेत्रीय पार्टी थी, जिसका गठन हरियाणा राज्य के गठन के छह माह के भीतर किया गया था। (Computer Instructor 2020 (Afternoon))
(a) हरियाणा विशाल पार्टी (b) भारतीय राष्ट्रीय लोक दल
(c) हरियाणा जनहित कांग्रेस (d) हरियाणा रिपब्लिकन पार्टी

16. इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय .... में स्थित है। (HSSC ITI Instructior 2020)
(a) करनाल (b) हिसार
(c) रेवाड़ी (d) अम्बाला

उत्तरमाला

1. (a)	2. (d)	3. (c)	4. (d)	5. (d)	6. (c)	7. (b)	8. (b)	9. (d)	10. (a)
11. (b)	12. (b)	13. (b)	14. (b)	15. (a)	16. (c)				

पानीपत

- स्थिति - हरियाणा के मध्य-पूर्व में
- स्थापना - 1 नवंबर, 1989 को
- पुनर्गठन -1 जनवरी, 1992
- मुख्यालय - पानीपत
- क्षेत्रफल - 1268 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - करनाल
- तहसील - पानीपत, समालखा, इसराना, बापौली, मतलौडा
- उप-तहसील- मतलौडा
- खंड - पानीपत, इसराना, मतलौडा, समालखा, बापौली
- आरक्षित सीट - इसराना
- कुल जनसंख्या - 12,05,437 (2011)
- साक्षरता दर - 77.5% (2011)
- लिंग अनुपात - 864/1000 (2011
- जनसंख्या घनत्व - 951 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - पाण्डवप्रस्थ, वानप्रस्थ, बुनकरों का शहर, पेट्रो केमिकल हब
- पाणिनी ऋषि के नाम पर पानीपत जिले का नामकरण हुआ।
- पर्यटन स्थल -
- स्काईलार्क पर्यटन स्थल
- काला अम्ब पर्यटन स्थल
- सलारगंज पर्यटन स्थल (सलारगंज गेट)
- अमोनिया प्लांट पानीपत में स्थित है।
- भारत का पहला कृत्रिम रबड़ संयंत्र - पानीपत
- तेल शोधक कारखाना - इसकी स्थापना 1980 में करनाल के बाहोली में की गई थी। पानीपत के गठन होने तथा बाहोली पानीपत जिले का भाग होने के कारण इसका नाम पानीपत तेल शोधक कारखाना कर दिया गया।
- भारतीय सेना के 70% कंबल पानीपत में तैयार किए जाते हैं।
- पानीपत तापीय विद्युत केंद्र - आसनकला गाँव (पानीपत)
- स्थापना - 1 नवंबर,1979
- क्षमता - 1367-8 MW
- पानीपत संग्रहालय - पानीपत
इसकी स्थापना युद्ध स्मारक द्वारा सन् 2002 में की गई, इसमें पानीपत की तीनों लड़ाईयाँ के अवशेष रखे गए हैं।
- आध्यात्मिक संग्रहालय - पानीपत
- इसकी स्थापना 1984 में की गई।
- सन् 1857 की क्रांति के समय पानीपत का नेतृत्व - इमाम अली कलंदर ने किया।
- इसराना विधानसभा सीट आरक्षित सीट पानीपत में आती है।
- अल्ताफ हुसैन अली का संबंध पानीपत से है :-
- जन्म - सन् 1837
- गुरु- मिर्जा गालिब
- प्रमुख रचनाएँ - यादगारें गालिब, सफरनामा
- मृत्यु - 1914
- मकबरा - पानीपत
- उर्दू का पहला घोषणा-पत्र जारी किया, मुकद्दम-ऐ-शेरो शायरी तिरिया के मजुमम, मजलिस उल्लिनसा
- बू अली शाह कलंदर की दरगाह - पानीपत
- हाली की दरगाह - पानीपत
- सैय्यद रोशन अलीशाह दरगाह - पानीपत
- शेख अनामउल्ला की मजार - पानीपत
- गौस अलीशाह की मजार - पानीपत
- जामा मस्जिद - पानीपत
- काबुली बाग मस्जिद - पानीपत (हरियाणा में मुगलों की पहली मस्जिद)
- कबीर - इल - औलिया हजरत शेख जलालुद्दीन की दरगाह - पानीपत
- पानीपत का प्रथम युद्ध - 21, अप्रैल, 1526
- इब्राहिम लोदी और बाबर के मध्य हुआ। जिसमें इब्राहिम लोदी मारा गया और बाबर ने भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी। इब्राहिम लोदी का मकबरा पानीपत में है।
- पानीपत का दूसरा युद्ध - 5 नवंबर, 1556
- अकबर (बैरम खाँ) और रेवाड़ी के शासक हेमू (हेमचंद्र) के मध्य हुआ।
- इस युद्ध में हेमू की हार हुई।
- हेमू नमक व्यापारी था।
- हेमू का मकबरा पानीपत में है।
- हेमू 14वाँ और अंतिम विक्रमादित्य था।
- पानीपत का तीसरा युद्ध - 14 जनवरी, 1761
- काला अम्ब नामक स्थान पर
- अहमदशाह अब्दाली और मराठों के सरदार सदाशिव राव भाऊ के मध्य हुआ, जिसमें मराठों की हार हुई।
- देवी तालाब का शिव मंदिर - पानीपत के तीसरे युद्ध के बाद मराठा सरदार मंगला रघुनाथ ने बनवाया।
- सिद्ध शिव शनिधाम पानीपत - पानीपत
- दिगंबर जैन मंदिर - पानीपत
- पानीपत और हिसार ऊन उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
- पानीपत का पंचरंगा आचार, डिब्बाबंद सूखी सब्जियाँ व बासमती चावल विश्व के अनेक देशों में निर्यात किए जाते हैं।
- पानीपत के मेले - दुर्गा अष्टमी मेला, कलंदर की मजार का मेला, पाथरी माता मेला
- नया प्लास्टिक पार्क पानीपत में स्थित है।
- पानीपत जेल - हरियाणा की एकमात्र Eco Friendly Jail. पानीपत जेल - 230 K.W. Solar plant के कारण प्रसिद्ध उद्घाटन - मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर
- हरियाणा का सबसे बड़ा पुल - पानीपत (7 km)
- सलार गंज गेट - पानीपत (कैज नवाब सादिक द्वारा अपने दोस्त नवाब साहिब की याद में बनाया)
- नवाब साहिब हैदराबाद के नवाब थे।

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा का वह जिला जो 1 जनवरी, 1992 को पुनः पृथक् जिला बनाया गया था। वह कौन-सा जिला है?
(a) रोहतक (b) हिसार (c) पानीपत (d) कुरुक्षेत्र
2. पानीपत का प्राचीन नाम है?
(a) पाण्डुप्रस्थ (b) पनप्रस्थ
(c) वानप्रस्थ (d) ये सभी
3. पानीपत जिले में किस कम्पनी का पेट्रोलियम परिसर स्थित है?
(a) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन
(b) इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन
(c) रिलायन्स इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
(d) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन
4. ऊन उद्योग के लिए कौन-सा जिला प्रसिद्ध है?
(a) फरीदाबाद (b) पानीपत
(c) करनाल (d) सोनीपत
5. हरियाणा का कौन-सा शहर 'बुनकरों का शहर' कहलाता है?
(a) महेन्द्रगढ़ (b) फतेहाबाद
(c) करनाल (d) पानीपत
6. कब पानीपत में नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की स्थापना की गई थी?
(a) 28 जुलाई, 1972 (b) 23 अगस्त, 1974
(c) 12 जनवरी, 1978 (d) 5 मई, 1970
7. यूरिया संयत्र कौन-से जिले में स्थित है?
(a) सोनीपत (b) महेन्द्रगढ़ (c) पानीपत (d) कोई नहीं
8. हरियाणा का पहला अन्नपूर्णा वस्त्र एवं अनाज बैंक कहाँ पर स्थित है।
(a) सोनीपत (b) पानीपत (c) फतेहाबाद (d) करनाल
9. कौन-सा कथन सही है?
(a) पानीपत में देश का पहला कृत्रिम रबड़ संयन्त्र स्थापित है
(b) बासमती चावल दूसरे देशों में निर्यात
(c) पानीपत में कैप्टिव विद्युत संयन्त्र स्थित है
(d) उपरोक्त सभी
10. 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान कब शुरू किया गया था?
(a) 22 जनवरी 2015 (b) 2 अक्टूबर 2018
(c) 11 सितंबर 2020 (d) इनमें से कोई नहीं
11. ऑपरेशन मुस्कान कब शुरू किया गया था?
(a) 2012 (b) 2013 (c) 2015 (d) कोई नहीं
12. 'सूचना का अधिकार अधिनियम' किस वर्ष में लागू किया हुआ था?
(a) 15 जून 2005 (b) 20 अप्रैल 2008
(c) 19 मार्च 2005 (d) 15 जून 2006
13. निर्मल तंवर हरियाणा के किस जिले से संबंधित हैं?
(a) अंबाला (b) फरीदाबाद (c) गुरुग्राम (d) पानीपत
14. स्काई लार्क पर्यटन स्थल हरियाणा में कहाँ पर स्थित है-
(a) पानीपत (b) जींद (c) सोनीपत (d) रोहतक
15. काबुली बाग मस्जिद का निर्माण कब किया गया था?
(a) 1517 (b) 1526 (c) 1532 (d) 1539
16. काबुली बाग मस्जिद कहाँ पर स्थित है?
(a) सोनीपत (b) भिवानी (c) पानीपत (d) अम्बाला
17. सही कथन का चयन करें-
1. दुजाना रियासत के काजी सैयद हफीजुद्दीन द्वारा झज्जर जिले में काजी की मस्जिद का निर्माण करवाया गया था।
2. रोहतक की प्रसिद्ध जामा मस्जिद का निर्माण 1531 ई. में मुगल शासक हुमायूँ के शासनकाल में हुआ था।
3. पानीपत की मुख्य मस्जिद को जामा मस्जिद कहते हैं।
4. हुमायूँ मस्जिद फतेहाबाद में स्थित है।
(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) ये सभी
18. अल्ताफ हुसैन हाली का मकबरा कहाँ स्थित है?
(a) सोनीपत (b) भिवानी (c) पानीपत (d) रोहतक
19. इब्राहिम लोदी का मकबरा कहाँ स्थित है।
(a) पिंजौर (b) गुरुग्राम (c) रेवाड़ी (d) पानीपत

उत्तरमाला

1. (c)	2. (d)	3. (b)	4. (b)	5. (d)	6. (b)	7. (c)	8. (b)	9. (d)	10. (a)
11. (c)	12. (a)	13. (d)	14. (a)	15. (b)	16. (c)	17. (d)	18. (c)	19. (d)	

यमुनानगर

- स्थिति - हरियाणा के उत्तर-पूर्व में
- स्थापना - 1 नवंबर, 1989
- मुख्यालय - यमुनानगर
- क्षेत्रफल - 1756 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - अम्बाला
- तहसील - जगाधरी, बिलासपुर, रादौर, छछरौली
- उप-तहसील - साढौरा, मुस्तफाबाद, खिज्राबाद
- खंड - बिलासपुर, छछरौली, जगाधरी, खिज्राबाद, रादौर, साढौरा, मुस्तफाबाद
- आरक्षित सीट - साढौरा
- कुल जनसंख्या - 12,14,205 (2011)
- साक्षरता दर - 78.9% (2011)
- लिंग अनुपात - 877/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 687 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

प्राचीन नाम / उपनाम - पेपर सिटी
- यमुनानगर का पुराना नाम अब्दुल्लापुर है।
- हरियाणा का चेरापूंजी छछरौली को कहा जाता है। यहाँ पर सबसे ज्यादा वर्षा रिकॉर्ड की गई है।
- प्रमुख मंदिर -
- बिट्ठा मंदिर - यमुनानगर
- भगवान परशुराम सर्व धर्म मंदिर - जगाधरी
- आदि बद्रीनाथ मंदिर - काठगढ़ (जगाधरी)
- पंचमुखी हनुमान मंदिर - जगाधरी
- गुरुद्वारा कपाल मोचन - बिलासपुर
- श्री कलेश्वर मंदिर - यमुनानगर
- हाथी पुनर्वास केंद्र यमुनानगर के बनसंतोर में स्थित है।
- चनेरी का स्तूप जगाधरी में स्थित है। इसका विवरण चीन के यात्री ह्वेनसांग की सी.यू.की. से प्राप्त हुआ है। यह हर्षवर्धन के शासनकाल का स्तूप है।
- कलेसर राष्ट्रीय उद्यान - (यमुनानगर) - इसे 2003 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापित किया गया और इसको लाल जंगली मुर्गे और जंगली बिल्ली के लिए जाना जाता है। इसमें साल के वृक्ष पाए जाते हैं। कलेसर राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल - 4682.32 हेक्टेयर है, यह सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।
- नर नारायण गुफा यमुनानगर में स्थित है।
- बिलासपुर का पुराना नाम व्यासपुर है जो महर्षि वेदव्यास के नाम पर पड़ा है।
- यमुनानगर और जगाधरी को जुड़वा शहर कहा जाता है।
- वेद व्यास की तपोस्थली बिलासपुर थी।
- सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर में स्थित है, इसकी स्थापना सन् 1933 में की गई। यह मिल हरियाणा की सबसे बड़ी शुगर मिल है।
- रेलवे कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप की स्थापना सन् 1952 में जगाधरी (यमुनानगर) में की गई।
- भारत स्टार्च केमिकल लिमिटेड की स्थापना 1938 में यमुनानगर में की गई।
- हरियाणा डिस्टलरी (1969) में स्थापना की गई।
- चौधरी देवी लाल प्राकृतिक पार्क यमुनानगर के चुहड़पुर में स्थित है।
- BILT (बिलासपुर इंडस्ट्री लिमिटेड टेक्नोलॉजी) - यमुनानगर
- संग्रहालय - गुरु गोबिंद सिंह मार्शल आर्ट संग्रहालय - कपाल मोचन यमुनानगर
- हरियाणा में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन यमुनानगर जिले में होता है।
- बल्लारपुर पेपर मिल यमुनानगर - सन् 1929 में मैसर्स पंजाब पल्प एंड पेपर मील अब्दुल्लापुर के नाम से हुई।
- टिम्बर मार्केट - यमुनानगर में स्थित है।
- हथनी कुंड को मछुवारों का स्वर्ग कहा जाता है।
- अगस्त्य ऋषि का संबंध कपाल मोचन (यमुनानगर) से है।
- हरियाणा का सिख कैपिटल लोहागढ़ (यमुनानगर) है।
- यमुनानगर के किले -
- छछरौली का किला
- बुड़िया का किला
- साढौरा का किला
- कलेसर वन्य जीव अभयारण्य यमुनानगर में है। यहाँ पर सांभर, चीतल, भौंकने वाले हिरण निवास करते हैं।
- मुस्तफाबाद का नाम बदलकर हरियाणा सरकार ने सरस्वती नगर रखा है।
- यमुनानगर के मेले - कपाल मोचन मेला, पंचमुखी मेला
- दीनबंधु छोटूराम तापीय विद्युत परियोजना यमुनानगर में स्थित है। इसकी स्थापना 14 अप्रैल, 2008 को की गई थी।
- उत्पादन क्षमता - 600 MW
- पश्चिमी यमुना नहर विद्युत परियोजना - यह हथनी कुंड एवं दादूपुर के पास स्थित है।
- कूणिन्द (करनाल से भी प्राप्त हुए) कालीन सिक्के जगाधरी यमुनानगर से प्राप्त हुए हैं।
- टोपरा अभिलेख - यह अशोककालीन स्तंभ है। इसे फिरोजशाह तुगलक ने यहाँ से निकलवा कर दिल्ली के किले में स्थापित करवा दिया था।
- सन् 1857 की क्रांति के समय छछरौली के शासक शोभा सिंह ने अंग्रेजों का साथ दिया था।
- छछरौली का विद्रोह सन् 1818 ई. में हुआ इसका नेतृत्व जोधा सिंह ने किया।
- विल्ट फुटबॉल स्टेडियम यमुनानगर में है।
- सुनील दत्त का संबंध यमुनानगर से है।
- दीपिका ठाकुर का संबंध यमुनानगर से है। ये महिला हॉकी टीम की उप कप्तान रह चुकी हैं।
- पूरे भारत में गोला बारूद के बक्से की 60% आपूर्ति यमुनानगर करता है।
- हथिनीकुंड, कलेसर, ताजेवाला, ग्रे पेलिकन यमुनानगर के पर्यटन स्थल हैं।
- बीरबल रंग महल (बुड़िया ग्राम) यमुनानगर में स्थित है।
- एशिया की सबसे बड़ी प्लाईवुड मार्केट - यमुना नगर
- उत्तर भारत की सबसे पुरानी रेलवे वर्कशॉप (1865)
- सरस्वती नदी पुनर्जीवन के लिए - दर्शन लाल जैन (हाल ही में पदम भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया।)
- सबसे बड़ा अशोक चक्र - टोपरा कलां यमुनानगर (30 फीट)

अभ्यास प्रश्न

1. यमुनानगर जिले की स्थापना कब की गई थी?
(a) 4 जनवरी, 1988 (b) 1 नवम्बर, 1989
(c) 2 अगस्त, 1990 (d) 15 जुलाई, 1991

2. शिवालिक की पहाड़ियों की तलहटी में बसा यमुनानगर, हरियाणा के किस भाग में अवस्थित है?
(a) उत्तर-पूर्व में (b) पूर्व में
(c) पश्चिम में (d) दक्षिण में

3. महाभारत काल में यमुनानगर के जगाधरी को क्या कहा जाता था?
(a) योगेन्द्र (b) योगेन्द्री
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

4. हरियाणा के किस शहर का प्राचीन नाम अब्दुल्लापुर था?
(a) यमुनानगर (b) रेवाड़ी
(c) कैथल (d) चरखी-दादरी

5. हरियाणा के यमुनानगर जिले का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 1,756 वर्ग किमी. (b) 1,860 वर्ग किमी.
(c) 1,656 वर्ग किमी. (d) इनमें से कोई नहीं
6. हरियाणा के यमुनानगर जिले में कौन-सी मृदा पाई जाती है?
(a) लाल (b) दोमट
(c) (a) और (b) दोनों (d) लैटेराइट
7. निम्न में से कौन-सा उद्योग यमुनानगर जिले में अवस्थित है?
(a) चीनी उद्योग (b) गोला-बारूद उद्योग
(c) कागज उद्योग (d) ये सभी
8. निम्न में से कौन-सा पर्यटन स्थल यमुनानगर में स्थित है?
(a) चिट्टा मन्दिर (b) चनेटी का स्तूप
(c) बीरबल का रंगमहल (d) ये सभी
9. एशिया की सबसे बड़ी सरस्वती चीनी मिल कहाँ स्थित है?
(a) रोहतक में (b) पानीपत में
(c) यमुनानगर में (d) फरीदाबाद में
10. हरियाणा के यमुनानगर को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(a) कपड़े का शहर (b) इस्पात का शहर
(c) ताँबे का शहर (d) कागज का शहर
11. यमुनानगर के किस कस्बे में 500 वर्ष पुराना एक दिगम्बर जैन मन्दिर अवस्थित है?
(a) बूड़िया (b) मुस्तफाबाद
(c) सढौरा (d) इनमें से कोई नहीं
12. निम्न में से कौन यमुनानगर के सढौरा में अवस्थित है?
(a) गागरवाला मन्दिर (b) मनोकामना मन्दिर
(c) तोरावाला मन्दिर (d) ये सभी
13. निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए सही कथनों का चयन कीजिए-
1. यमुनानगर में फल तथा सब्जी का अधिक मात्रा में उत्पादन होता है।
2. यमुनानगर में टिम्बर मार्केट की स्थापना वर्ष 1947 में हुई थी।
3. यमुनानगर की जगाधरी भारत में पीतल के बर्तन बनाने का प्रमुख केन्द्र है।
4. यमुनानगर में डिस्टिलरी की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी।
कूट-
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 2 और 4 (d) ये सभी
14. हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग वर्ष .... में स्थापित किया गया।
(a) 1980 (b) 1990 (c) 2000 (d) 2001
15. निम्नलिखित में से किस राज्य ने प्राण वायु देवता पेंशन योजना (PVDPS) आरंभ की-
(a) महाराष्ट्र (b) हरियाणा
(c) सिक्किम (d) इनमें से कोई नहीं
16. 'संजीवनी परियोजना' हरियाणा में कब लॉन्च की गयी?
(a) 24 मई, 2021 (b) 26 जनवरी, 2021
(c) 14 मई, 2021 (d) 15 अगस्त, 2021
17. सूर्यकुण्ड तीर्थ कहाँ अवस्थित है?
(a) महेन्द्रगढ़ (b) जीन्द (c) पलवल (d) यमुनानगर
18. श्रीकालेश्वर महादेव मठ कहाँ स्थित है?
(a) अम्बाला (b) पानीपत (c) यमुनानगर (d) सोनीपत
19. निम्न में से किस स्थल के उत्खनन से शिव-पार्वती व काली की मूर्तियाँ तथा राजा मान्धाता की मोहर प्राप्त हुई है?
(a) श्री कालेश्वर महादेव मठ (b) कपालमोचन
(c) तोशाम के पंचतीर्थ (d) पुष्कर तीर्थ
20. निम्न में से कौन-सा तीर्थ शस्त्र घाट के नाम से भी प्रसिद्ध है?
(a) गुरुद्वारा कपालमोचन (b) सूर्यकुण्ड
(c) जामनी (d) बराह
21. निम्नलिखित में से कौन, हरियाणा के यमुना नगर जिले में स्थित हर्बल प्रकृति उद्यान है?
(a) चौधरी देवीलाल रुद्राक्ष वाटिका
(b) शतावर वाटिका हर्बल पार्क
(c) चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल हर्बल पार्क
(d) कपूर वाटिका हर्बल पार्क
22. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान हरियाणा में स्थित नहीं है?
(a) सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान (b) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
(c) कालेसर राष्ट्रीय उद्यान (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(c)	4.	(a)	5.	(a)	6.	(c)	7.	(d)	8.	(d)	9.	(c)	10.	(d)
11.	(a)	12.	(d)	13.	(d)	14.	(b)	15.	(b)	16.	(a)	17.	(d)	18.	(c)	19.	(a)	20.	(a)
21.	(a)	22.	(b)																

पंचकुला

- स्थिति - हरियाणा के उत्तर में
- स्थापना - 15 अगस्त, 1995
- मुख्यालय - पंचकुला
- क्षेत्रफल - 898 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - अम्बाला
- तहसील - पंचकुला, कालका, रायपुर रानी
- उप-तहसील - मोरनी, बरवाला, रायपुर रानी
- खंड - पिंजौर, मोरनी, रायपुर रानी
- कुल जनसंख्या - 5,61,263 (2011)
- साक्षरता दर - 83.4% (2011)
- लिंग अनुपात - 873/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 625 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

हरियाणा का सामान्य ज्ञान

- प्राचीन नाम / उपनाम – पेरिस ऑफ हरियाणा
- पंचकुला का नाम पाँच झरनों के कारण पड़ा।
- उत्तर भारत का खजुराहो का मंदिर भीमा देवी मंदिर को कहते हैं, जो पिंजौर में स्थित है।
- उत्तर भारत का नंदनवन यादवेंद्र गार्डन (पिंजौर) को कहते हैं।
- निर्माता – नवाब फिदई खान कोका
- कालका देवी मंदिर, मनसा देवी मंदिर पंचकुला में स्थित है।
- पर्यटन स्थल – मोरनी हिल्स, यादवेंद्र गार्डन, रेड बिशप पर्यटन स्थल
- पंचकुला के किले – रामगढ़ का किला, रानीपुर का किला
- वन्य जीव अभयारण्य –
- बीर शिकारगढ़ वन्य जीव अभयारण्य
- खौल-ही-रैतान वन्य जीव अभयारण्य
- प्रजनन केंद्र –
- गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र – पिंजौर (पंचकुला)
- काला तीतर प्रजनन केंद्र – मोरनी (पंचकुला)
- रैड जंगल फाउल प्रजनन केंद्र – पिंजौर (पंचकुला)
- फीसैंट प्रजनन केंद्र – पिंजौर (पंचकुला)
- चिड़िया प्रजनन केंद्र – मोरनी (पंचकुला)
- न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला – पंचकुला और चरखी दादरी
- काली माई का मेला कालका में चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी को लगता है।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर का संग्रहालय – पंचकुला
- टिक्कर ताल झील पंचकुला में स्थित है।
- गुरुद्वारे –
- नाडा साहिब गुरुद्वारा
- यादवेंद्र गार्डन (मुगल गार्डन) – इसका निर्माण 17वीं शताब्दी में फिदई खां ने करवाया था।
- एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन पंचकुला में है।
- हरियाणा की राजधानी को छूने वाला पंचकुला एकमात्र जिला है।
- ट्राईसीटी – चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला
- सर्वाधिक वन क्षेत्र तथा वन क्षेत्र प्रतिशतता वाला जिला पंचकुला है।
- मोरनी पहाड़ियों में स्थित करोह (1514 मीटर ऊँचाई) हरियाणा की सबसे ऊँची चोटी है।
- HMT की फैक्ट्री पिंजौर – पंचकुला में स्थित है।
- यहाँ पर सेब मंडी विकसित होगी।
- मुख्यालय –
- सिंचाई विभाग का मुख्यालय
- HSSC (हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग)
- HPSC (हरियाणा लोक सेवा आयोग)
- हरियाणा साहित्य अकादमी
- उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (UHBVN)
- महिला पुलिस थाने का उद्घाटन रक्षाबंधन के दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 29 अगस्त, 2015 को पंचकुला में मनसा देवी मंदिर कॉम्प्लेक्स में किया।
- हरियाणा की प्रथम भारत रत्न प्राप्त महिला – अरुणा आसफ गांगुली कालका (पंचकुला)
- आपातकालीन मोटरसाइकिल एंबुलेंस सेवा की शुरुआत पंचकुला में की गई है, इस सेवा को आरोग्य नाम दिया गया है।
- देवी लाल स्टेडियम पंचकुला और गुरुग्राम में स्थित है।
- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता जो पंचकुला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते हैं।
- पहली बार राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस – 1 जुलाई
- हरियाणा की प्रशासनिक राजधानी
- कालका से शिमला Toy Train चलती है।
- हरियाणा की पहली सेब मंडी (2017 में)
- अरुणा आसिफ अली – हीरोइन (1942)

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा के पंचकुला जिले की स्थापना कब की गई थी?
   (a) 4 जनवरी, 1985 (b) 8 जुलाई, 1990
   (c) 15 अगस्त, 1995 (d) 4 दिसम्बर, 1998
2. पंचकुला जिले का क्षेत्रफल कितना है?
   (a) 898 वर्ग कि.मी. (b) 817 वर्ग कि.मी.
   (c) 1072 वर्ग कि.मी. (d) 906 वर्ग कि.मी.
3. हरियाणा के निम्नलिखित में से किस जिले की सीमाएँ उत्तर प्रदेश से नहीं लगी हैं? (हरियाणा पंचायत ऑफिसर, 2017)
   (a) पंचकुला (b) यमुनानगर (c) करनाल (d) पानीपत
4. पंचकुला में किस प्रकार की मृदा पाई जाती है? (वन विभाग, 2017)
   (a) लाल (b) पीली (c) दोमट (d) रेतीली
5. टिक्कर ताल झील, राज्य के किस जिले में स्थित है?
   (a) फतेहाबाद (b) पंचकुला (c) जीन्द (d) करनाल
6. किस उपनाम से पंचकुला को जाना जाता है?
   (a) नैनो सिटी (b) पाँच सिंचाई नहरों का शहर
   (c) (a) और (b) दोनों (d) मेगा सिटी
7. निम्नलिखित में से किसे ट्राई सिटी की संज्ञा दी जाती है? (PGT 2016)
   (a) मोहाली (b) चण्डीगढ़ (c) पंचकुला (d) ये सभी
8. पंचकुला जिले में किस प्रकार के वन पाए जाते हैं?
   (a) उष्णकटिबंधीय वन (b) शुष्क पर्णपाती वन
   (c) a और b दोनों (d) इनमें से कोई नहीं
9. यादवेन्द्र गार्डन, जिसे उत्तरी भारत का नन्दन वन कहा जाता है, हरियाणा के किस जिले में स्थित है?
   (a) पंचकुला (b) झज्जर (c) फतेहाबाद (d) भिवानी
10. पंचकुला प्रसिद्ध है–
   (a) घड़ियों के लिए (b) बर्तनों के लिए
   (c) इलेक्ट्रॉनिक सामान के लिए (d) धूप के चश्मों के लिए
11. केन्द्रशासित प्रदेश चण्डीगढ़ का सैटेलाइट शहर कौन-सा है?
   (a) गुरुग्राम (b) अम्बाला
   (c) पंचकुला (d) इनमें से कोई नहीं
12. हरियाणा लोकसेवा आयोग कहाँ स्थित है? (HSSC 2019)
   (a) सोनीपत (b) पानीपत
   (c) करनाल (d) पंचकुला

13. भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की ग्राण्ड ओल्ड लेडी किसे कहा गया है? (Junior Engineer (Civil)
(a) मदर टेरेसा (b) अमृत कौर
(c) पुतली बाई (d) अरुणा आसफ अली
14. हरियाणा में सुर सम्मान पुरस्कार .... के क्षेत्र में दिया जाता है। (02.12.21, Asst. Manager (E)
(a) सिनेमा (b) कृषि (c) खेल (d) साहित्य
15. हरियाणा में उत्तम रेफरी/अम्पायर/निर्णायक हेतु वार्षिक पुरस्कार प्रतिवर्ष .... अवॉर्ड नाम से दिया जाता है। (04.12.21, Asst. Manager (M)
(a) विक्रमादित्य (b) भीम (c) अर्जुन (d) पद्मश्री
16. हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार दिया जाता है? (25.12.21, ITI Plastic Optr)
(a) कुंवर मोहिन्दर सिंह बेदी पुरस्कार
(b) गुरु विरजानन्द आचार्य सम्मान
(c) जनकवि मेहर सिंह पुरस्कार
(d) इनमें से कोई नहीं
17. किस अकादमी ने 'शब्द बूंद' नामक पुस्तक (पत्रिका) का विमोचन किया? (25.12.21, ITI Instructor)
(a) हरियाणा उर्दू अकादमी
(b) हरियाणा साहित्य अकादमी
(c) हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी
(d) इनमें से कोई नहीं
18. 'हरियाणा साहित्य रत्न पुरस्कार' में कितनी राशि प्रदान की जाती है? (HSSC ITI Revenue, 12 Dec. 2021)
(a) 2 लाख (b) 3 लाख (c) 4 लाख (d) 2.5 लाख
19. पहला हरियाणा साहित्य संगम किस शहर में शुरू हुआ है? (HSSC ITI Revenue, 12 Dec. 2021)
(a) फरीदाबाद (b) पंचकुला (c) गुरुग्राम (d) करनाल
20. 'बाल उड़ान' हरियाणा साहित्य अकादमी श्रेष्ठ कृति पुरस्कार, कहानी पुरस्कार और 2020 के लिए हिन्दी और हरियाणवी भाषाओं में पाण्डुलिपि अनुदान का विजेता है, किसके द्वारा लिखी गई है?
(a) महेन्द्र सिंह सागर (b) बलजीत सिंह
(c) डॉ. अशोक कुमार (d) विजय विभोर
21. 'यादों का झरोखा' हरियाणा साहित्य अकादमी श्रेष्ठ कृति पुरस्कार, कहानी पुरस्कार और 2020 के लिए हिन्दी और हरियाणवी भाषाओं में पाण्डुलिपि अनुदान का विजेता है, किसने लिखी है? (HSSC ITI Instructor, Dec 2021 Code-B)
(a) महेन्द्र सिंह सागर (b) डॉ. जय भगवान शर्मा
(c) डॉ. अशोक कुमार (d) डॉ. शर्मिला
22. निम्नलिखित में से कौन 2021 में 'पद्म भूषण' प्राप्तकर्ता हैं? (HTET PGT Paper 18.12.21)
(a) जय भगवान गोयल (b) वीरेन्द्र सिंह
(c) तरलोचन सिंह (d) मुकेश सिंह

उत्तरमाला

1. (c)	2. (a)	3. (a)	4. (a)	5. (a)	6. (c)	7. (d)	8. (c)	9. (a)	10. (c)
11. (c)	12. (d)	13. (d)	14. (d)	15. (a)	16. (c)	17. (c)	18. (d)	19. (b)	20. (d)
21. (b)	22. (c)								

फतेहाबाद

- स्थिति - हरियाणा के पश्चिमी भाग में स्थित
- स्थापना - 15 जुलाई, 1997
- मुख्यालय - फतेहाबाद
- क्षेत्रफल - 2538 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - हिसार
- तहसील - फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना
- उप-तहसील - टोहाना, रतिया, भूना, भट्टू कलां
- खंड - फतेहाबाद, टोहाना, रतिया, भूना, भट्टू कलां, जाखल
- आरक्षित सीट - रतिया
- कुल जनसंख्या - 9,42,011 (2011)
- साक्षरता दर - 58.16% (2011)
- लिंगानुपात - 902/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 371 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - पिंक सिटी, इकदार (अष्टध्यायी पुस्तक से प्राप्त), गुलाबी नगरी
- फिरोजशाह तुगलक ने सन् 1351 को अपने पुत्र के नाम पर इस शहर को बसाया था। उसके पुत्र का नाम फतेह खान था।
- 1398 ई. में तैमूर ने सिरसा, फतेहाबाद और हिसार पर आक्रम किया था।
- परमाणु ऊर्जा परियोजना - फतेहाबाद के गोरखपुर और काजलहे गाँव के निकट 2800 MW (4×700) के नाभिकीय केंद्र की 1 जनवरी, 2014 में स्थापना हुई।
- हरियाणा में सबसे पुरानी हवेली फतेहाबाद में स्थित है।
- हरियाणा के स्वर सम्राट पंडित जसराज का जन्म फतेहाबाद के ग पीली मंदोरी में हुआ है। (HSSC हिसार) यहां पार्क भी है
- टोहाना को नहरों का शहर बोला जाता है।
- उद्यान नगरी - भील जाति के कारण
- सबसे अधिक केला उत्पादन (कोल्ड स्टोर के कारण)
- हड़प्पा सभ्यता का सबसे पुराना एवं प्राचीन स्थल - भिरड़ाना
- हरियाणा का पहला सैनेटरी पेड कारखाना फतेहाबाद में हैं।
- मीर शाह की मजार फतेहाबाद में है।
- पपीहा पर्यटन स्थल - फतेहाबाद
- चिल्ली झील - फतेहाबाद

- फतेहाबाद के गंदा गाँव का नाम हरियाणा सरकार ने बदलकर अजीत नगर कर दिया है।
- फतेहाबाद जिले की रतिया विधानसभा क्षेत्र आरक्षित क्षेत्र है।
- हरियाणा में सबसे पहले GST HELP DESK बोर्ड फतेहाबाद में लगाया गया।
- अमरूद अनुसंधान केंद्र फतेहाबाद में है।
- पपीहा पर्यटन स्थल फतेहाबाद में है।
- कुणाल प्राचीनस्थल फतेहाबाद में है, यहाँ से मानव की सबसे पुरानी बस्ती के साक्ष्य मिले हैं, राजा का मुकुट, ताँबे की अँगूठी, चपटी कुल्हाड़ी तथा मछली पकड़ने का काँटा।
- बनावली - फतेहाबाद
- इस प्राचीन शहर की खोज रविंद्र सिंह बिष्ट ने की थी।
- फतेहाबाद में सन् 1953 में प्रथम कॉटन मिल की स्थापना की गई थी।
- राज्य का प्रथम व्यक्ति जिसने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की- रामलाल (फतेहाबाद)
- सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे प्राचीन स्थल भिरड़ाना है। यहाँ से हड़प्पा सभ्यता के तीनों काल के अवशेष मिले हैं।
- हरियाणा की सबसे कम उम्र की सरपंच रेखा रानी (उर्फ सुनीता) का संबंध फतेहाबाद जिले से है (21वर्ष)
- फतेहाबाद जिले के रवि नास्तिक को नो कास्ट, नो रिलिजन, नोट गॉड सर्टिफिकेट मिला है।
- फतेहाबाद की मनीषा ने 22 मई, 2019 को माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया।
- फतेहाबाद की प्रियंका पहली महिला पायलट, गाँव - सूलीखेड़ा

अभ्यास प्रश्न

1. फतेहाबाद जिले की स्थापना कब की गई थी?
(a) 14 मार्च, 1996 (b) 15 जुलाई, 1997
(c) 31 अगस्त, 1999 (d) 4 दिसम्बर, 2000
2. फतेहाबाद में कौन-सा पुरातात्विक स्थल अवस्थित है?
(a) कुनाल का टीला (b) टोहाना का किला
(c) बनावली का टीला (d) ये सभी
3. फतेहाबाद जिले की मिट्टी किस प्रकार की है?
(a) लाल (b) दोमट (c) काली (d) जलोढ़
4. फतेहाबाद में कौनसे पर्यटन स्थल स्थित हैं-
(a) मीरशाह मजार (b) पपीहा पार्क
(c) फतेहाबाद का किला (d) ये सभी
5. फतेहाबाद में मुसलमानों द्वारा बनायी जाने वाली वस्तु कौन-सी थी?
(a) चमड़े के कुप्पे (b) मश्क
(c) तराजू के पलड़े (d) ये सभी
6. फतेहाबाद नगर को किस के नाम से बसाया गया था?
(a) फतेह खाँ (b) शाहजहाँ
(c) फिरोज खाँ (d) पुष्पभूति
7. फतेहाबाद में किस वर्ष प्रथम कॉटन मिल की स्थापना की गई थी?
(a) वर्ष 1963 (b) वर्ष 1965 (c) वर्ष 1972 (d) वर्ष 1985
8. गोरखपुर नाभिकीय विद्युत संयन्त्र किस जिले में स्थित है?
(a) भिवानी (b) कैथल (c) फतेहाबाद (d) झज्जर
9. फतेहाबाद का ऐतिहासिक नगर टोहाना को कहा जाता है-
(a) ताम्र नगरी (b) पीतल नगरी
(c) महलों का नगर (d) नहरों का नगर
10. किस जिले में 2800 मेगावाट क्षमता का नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है?
(a) फतेहाबाद (b) झज्जर (c) फरीदाबाद (d) पंचकुला
11. पपीहा पर्यटन स्थल हरियाणा में कहाँ पर स्थित है।
(a) हिसार (b) फतेहाबाद (c) सिरसा (d) जींद
12. शाहमीर की मजार कहाँ पर स्थित है?
(a) फतेहाबाद (b) करनाल (c) हिसार (d) जीन्द
13. हरियाणा के किस जिले में सबसे कम वन आवरण है?
(a) फतेहाबाद (b) फरीदाबाद (c) पलवल (d) भिवानी
14. फतेहाबाद जिले का नाम इसके नाम स्रोतीय मुख्यालय कस्बे पर पड़ा है जिसकी नींव ...... द्वारा 14वीं सदी में अपने बेटे फतेह खान के नाम पर रखी गई थी।
(a) गयासुद्दीन तुगलक (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) फिरोज शाह तुगलक (d) इनमें से कोई नहीं
15. फतेहाबाद नगर किसके नाम पर बसाया गया था?
(a) फतेह खान (b) शाहजहाँ (c) फिरोज खाँ (d) पुष्य बुटी

उत्तरमाला

1. (b)	2. (d)	3. (b)	4. (d)	5. (d)	6. (a)	7. (a)	8. (c)	9. (d)	10. (a)
11. (b)	12. (a)	13. (a)	14. (c)	15. (a)					

झज्जर

- स्थिति - हरियाणा के उत्तर-पूर्व में स्थित
- स्थापना -15 जुलाई, 1997
- मुख्यालय - झज्जर
- क्षेत्रफल - 1834 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - रोहतक
- तहसील - झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी, बादली
- उप-तहसील - साल्हावास
- खंड - झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी, मातनहेल, बादली, साल्हावास
- आरक्षित सीट - झज्जर
- कुल जनसंख्या - 9,58,405 (2011)

- साक्षरता दर - 80.8% (2011)
- लिंगानुपात - 862/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 523 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - छज्जू नगर, शहीदों का शहर.
- नामकरण - इस जिले का नाम छज्जू नामक किसान के नाम पर पड़ा।
- हरियाणा में मंदिरों का गाँव बेरी झज्जर में स्थित है।
- अमीरों का गाँव - बेरी (झज्जर)
- हरियाणा में सनातन धर्म की प्रथम शाखा सन् 1886 में झज्जर में खोली गई।
- हरियाणा में सैनेटरी उद्योग बहादुरगढ़ का प्रसिद्ध है।
- रूद्रमल मंदिर और भीमेश्वरी देवी का मंदिर बेरी गाँव झज्जर में है।
- काजी की मस्जिद दुजाना गाँव झज्जर में है।
- झज्जर के वन्य जीव अभ्यारण -
- भिंडावास वन्य जीव अभ्यारण
- खपरवास वन्य जीव अभ्यारण
- मेले -
- भीमेश्वरी माता का मेला
- बाबा गरीब दास का मेला
- अरावली सुपर तापीय विद्युत परियोजना / इंदिरा गाँधी सुपर तापीय विद्युत परियोजना -
- स्थापना - 14 अप्रैल, 2008
- क्षमता - 1500MW
- भिंडावास झील झज्जर जिले में स्थित है।
- पुरातत्व संग्रहालय - झज्जर
- स्थापना - 1965 में स्वामी ओमानंद द्वारा
- सन् 1857 की क्रांति में झज्जर का नेतृत्व अब्दुर्रहमान खान ने किया।
- पूर्व थल सेनाध्यक्ष दलबीर सुहाग का संबंध झज्जर से है।
- सबसे बड़ा पशु मेला झज्जर के जहाजगढ़ गाँव में लगता है।
- हरियाणा के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा का संबंध बेरी गाँव झज्जर से है।
- बाबा जगन्नाथ यूनिवर्सिटी झज्जर में है।
- जगत सिंह जाखड़ झज्जर से संबंध रखते हैं, ये हरियाणवी फिल्मों के सुपरहिट अभिनेता माने जाते हैं।
- पंडित श्रीराम शर्मा का संबंध झज्जर से है। 'हरियाणा तिलक' साप्ताहिक समाचार पत्र हिंदी व उर्दू में प्रकाशन किया। हरियाणा का इतिहास हरियाणा के नवरत्न
- झज्जर में डिघल गाँव का शिवालय है।
- हरियाणा का प्रथम कैंसर संस्थान बाढ़सा झज्जर में है।
- संत गरीब दास का जन्म छुड़ानी गाँव झज्जर में हुआ।
- सर्राफाबाद बहादुरगढ़ का प्राचीन नाम है।
- बुआ का तालाब - यह स्थान दो प्रेमियों के मिलने और बिछुड़ने की दास्तान का गवाह है।
- झज्जर की सुराही पूरे भारत में प्रसिद्ध है।
- बहादुरगढ़ को हरियाणा का प्रवेश द्वार कहा जाता है।
- बहादुरगढ़ में उत्तर भारत का पहला भूकंप मापी केन्द्र है।
- पंडित बस्तीराम का संबंध खेड़ी सुल्तान (झज्जर) से है।
- Tourist Complex - गोरिया
- लड़कियों की साक्षरता वृद्धि दर सबसे अधिक - मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित।
- हरियाणा का सबसे बड़ा बस स्टैंड - झज्जर
- Relaxo चप्पल - जसौडी खेड़ी (झज्जर)
- दलबीर सिंह सुहाग - आर्मी चीफ गांव (26वें)
United State द्वारा डिग्री ऑफ कमांडर की उपाधि दी गई (पहले भारतीय)
- उत्तर भारत का भूकंप मापी केंद्र - झज्जर

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा के झज्जर जिले का गठन कब किया गया था?
(a) 15 जुलाई, 1997 (b) 20 जून, 1998
(c) 5 सितम्बर, 1999 (d) 10 अक्टूबर, 2001
2. झज्जर का प्राचीन नाम क्या था।
(a) छज्जूनगर (b) नैनो सिटी (c) वनप्रस्थ (d) सोनप्रस्थ
3. भिण्डावास पक्षी अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
(a) कैथल (b) महेन्द्रगढ़ (c) झज्जर (d) करनाल
4. हरियाणा के किस जिले को शहीदों का शहर कहा जाता है?
(a) पंचकुला (b) झज्जर (c) पलवल (d) मेवात
5. बहादुरगढ़ शहर किस जिले के अन्तर्गत आता है?
(a) झज्जर (b) फरीदाबाद (c) रोहतक (d) सोनीपत
6. हरियाणा राज्य का सबसे बड़ा पशु मेला किस जिले में लगता है?
(a) झज्जर (b) मेवात (c) गुरुग्राम (d) कुरूक्षेत्र
7. धनाढ्य लोगों की नगरी कहा जाता है?
(a) बेरी कस्बा (b) बहादुरगढ़
(c) रामगढ़ (d) शराफाबाद
8. हरियाणा का सबसे बड़ा बस स्टैण्ड किस जिले में स्थित है?
(a) झज्जर (b) पानीपत (c) सोनीपत (d) कोई नहीं
9. 'हरियाणा का इतिहास' और 'नव-रत्न ऑफ हरियाणा' पुस्तकें किसने लिखी थी-
(a) तुलसीदास शर्मा 'दिनेश' (b) पं. श्रीराम शर्मा
(c) राजाराम शास्त्री (d) पं. नेकीराम शर्मा
10. हरियाणा तिलक साप्ताहिक पत्रिका के सम्पादक कौन थे?
(a) नेकीराम शर्मा (b) श्रीराम शर्मा
(c) बलदेव सिंह (d) सर छोटूराम
11. डीघल का शिवालय कहाँ स्थित है?
(a) झज्जर (b) गुरुग्राम (c) पुण्डरीक (d) करनाल
12. सबसे बड़े कैंसर संस्थान का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाँ किया था।
(a) हिसार (b) झज्जर (c) भिवानी (d) सोनीपत
13. भारत सरकार द्वारा 3 जून, 2009 को किसे पक्षी अभयारण्य घोषित किया था।
(a) कलेसर (b) अबुबरशार (c) भिंडावास (d) नाहर
14. हरियाणा सरकार ने पशुधन बीमा योजना की शुरुआत कहाँ से की थी-
(a) भिवानी में (b) झज्जर में
(c) रेवाड़ी में (d) रोहतक में

15. जुलाई, 2016 को हरियाणा सरकार द्वारा प्रारंभ पशुधन बीमा योजना का/के उद्देश्य क्या हैं?
(a) यह योजना अनुसूचित जाति के पशुपालकों के लिए निशुल्क है।
(b) गाय, भैंस, साँड और ऊँटों के लिए ₹100 के प्रीमियम पर बीमा प्रदान किया जाएगा।
(c) भेड़, बकरी और सुअरों के लिए ₹ 25 के प्रीमियम पर तीन वर्ष की अवधि के लिए बीमा प्रदान किया जाएगा।
(d) ये सभी

16. हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने पशुधन बीमा योजना के अंतर्गत कितने मवेशियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है?
(a) एक लाख (b) दो लाख
(c) तीन लाख (d) चार लाख

17. .... हरियाणा की सबसे बड़ी आर्द्र भूमि है।
(a) दमदमा (b) हथिनीकुंड
(c) भिंडावास (d) बड़खल

उत्तरमाला

1. (a)	2. (a)	3. (c)	4. (b)	5. (a)	6. (a)	7. (a)	8. (a)	9. (b)	10. (b)
11. (a)	12. (b)	13. (c)	14. (b)	15. (d)	16. (a)	17. (c)			

मेवात

- स्थिति - हरियाणा के दक्षिण भाग में स्थित है
- स्थापना - 4 अप्रैल, 2005
- मुख्यालय - नूहँ
- क्षेत्रफल - 1507 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - फरीदाबाद
- तहसील - नूँह, तावडू, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना
- उप-तहसील - नगीना
- खंड - नगीना, पुन्हाना, फिरोजपुर, झिरका
- जनसंख्या - 10,89,263 (2011)
- साक्षरता दर - 54.08% (2011)
- लिंग अनुपात - 907/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 723 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - सत्यमेव पुरम
- चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने 2 अक्टूबर, 2004 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर मेवात जिले की घोषणा की। उस समय इसका नाम सत्यमेव पुरम था।
- नोट:-जब भारत आजाद हुआ था तब महात्मा गाँधी मेवात गए थे क्योंकि मुसलमानों ने पाकिस्तान जाना शुरू कर दिया था। तब महात्मा गाँधी ने उन्हें कहा आप पाकिस्तान से ज्यादा भारत में सुरक्षित हो और सत्यमेव जयते का नारा दिया था। इसलिए जब मेवात बनने की घोषणा हुई थी तब इसका नाम सत्यमेव पुरम रखा गया था। बाद में बदलकर मेवात कर दिया गया।
- 2005 में कांग्रेस सरकार ने इस जिले का नाम बदलकर मेवात कर दिया।
- 12-12-2016 भाजपा सरकार ने इस जिले का नाम नूँह कर दिया।
- शेख मूसा की मजार मेवात जिले में है।
- सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला मेवात है (907)
- न्यूनतम साक्षरता वाला जिला भी मेवात है (54.8%)
- मेवात के मंजीरा और रतवाई नृत्य प्रसिद्ध है।
- मेवात की झीलें -
- कोटला झील
- उजीणा / संगेल झील
- चंदेली झील
- मेवात जिले का नामकरण मेवों की अधिकता के कारण पड़ा।
- सन् 1857 की क्रांति में मेवात का नेतृत्व सदरूद्दीन मेवाती ने किया।
- हरियाणा का पहला चल न्यायालय - मेवात
- दूरदर्शन का रिले स्टेशन फिरोजपुर झिरका (मेवात) में है।
- शहीद हसन खाँ मेवाती गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज - नल्हड़ (मेवात)
- तावडू का किला - तावडू मेवात
- चूहीमल तालाब - मेवात
- यूनानी कॉलेज हरियाणा में मेवात में खोला जाएगा।
- मरोड़ा गाँव का नाम बदलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखा गया है।
- भारत का पहला कंट्री क्लब - मेवात
- कंट्री क्लब गोल्फ कोर्स - पाड़ा (तावडू, मेवात)
- भारत का सबसे पिछड़ा जिला मेवात है।
- मेवात विकास बोर्ड का गठन सन् 1980 में हुआ।
- बलवन ने सन् 1265 में मेवात के सभी जंगल कटवा दिए थे।
- छुईमुई तालाब मेवात में है।
- नूँह में रावण का मेला लगता है।
- सन् 1527 में हसन खाँ मेवाती ने बाबर का विरोध किया था।
- शबनम बानो जो नूँह से है, संस्कृत की पहली मुस्लिम लेक्चरर है।
- हरियाणा का न्यूनतम G.D.P. वाला जिला भी मेवात है।
- फिरोजपुर झिरका को राजस्थान तीनों ओर से घेरे हुए हैं।
- नूँह जिले का गाँव घासेड़ा गाँधी ग्राम कहलाता है।
- हरियाणा का पहला ISO (International Standard for Organization) प्रमाणित स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय - बीवा गाँव (मेवात)

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा के नूँह (मेवात) जिले की स्थापना कब की गई थी-
(a) 15 अगस्त 2008 (b) 4 अप्रैल 2005
(c) 11 नवम्बर 1966 (d) इनमें से कोई नहीं
2. मेवात जिले का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है?
(a) नागीना (b) पुन्हाना
(c) फिरोजपुर-झिरका (d) नूँह
3. मेवात जिले के प्रमुख खनिज कौनसे हैं?
(a) मैग्नीशियम (b) अभ्रक
(c) स्लेट का पत्थर (d) क्वार्ट्ज
4. निम्न में से क्या मेवात जिले में अवस्थित है?
(a) कोटला झील (b) झूलती मिनारें
(c) तावडू का किला (d) ये सभी
5. कौन-सा कथन सही है?
(a) मेवात का पुराना नाम सत्यमेवपुरम् था।
(b) देश का पहला चल न्यायालय मेवात में स्थापित किया गया था।
(c) देश का पहला कण्ट्री क्लब मेवात में है।
(d) उपरोक्त सभी
6. अरावली पर्वत श्रृंखला में 300 एकड़ का एक क्लासिक गोल्फ रिसोर्ट है, यह राज्य के किस जिले में स्थित है?
(a) मेवात (b) पानीपत (c) यमुनानगर (d) फतेहाबाद
7. हरियाणा के मेवात जिले में स्थित चूहीमल तालाब का निर्माण किसने कराया था?
(a) सेठ चूहीमल (b) सेठ रामकृष्ण डालमिया
(c) महात्मा गाँधी (d) इनमें से कोई नहीं
8. तावडू का किला हरियाणा के किस जिले में स्थित है?
(a) रोहतक (b) जींद (c) नूँह (d) पानीपत
9. शेख मूसा की मजार किस जिले में स्थित है?
(a) नूँह (मेवात) (b) महेन्द्रगढ़
(c) यमुनानगर (d) कैथल
10. मेवात जिले का कौनसा नृत्य प्रचलित है?
(a) रतवाई नृत्य (b) फाग नृत्य
(c) गणगौर नृत्य (d) बीन-बाँसुरी नृत्य
11. हरियाणा में वाद्य यन्त्रों का प्रयोग किस काल से प्रचलन में था?
(a) सैन्धव काल (b) वैदिक काल
(c) मौर्य काल (d) गुप्त काल
12. मंजीरे के निर्माण में किस धातु का प्रयोग किया जाता है?
(a) पीतल (b) जस्ता (c) ताँबा (d) ये सभी
13. मंजीरा लोकनृत्य में कौन-सा उपकरण बजाया जाता है-
(a) नगाड़ा (b) डफली (c) मंजीरा (d) ये सभी
14. पंडित जसराज हिंदुस्तानी संगीत के .... घराने से संबंध रखते हैं।
(a) मेवाती (b) किराना (c) ग्वालियर (d) अजमेर
15. तावडू का किला हरियाणा के किस जिले में स्थित है?
(a) झज्जर (b) महेन्द्रगढ़ (c) बल्लभगढ़ (d) नूँह
16. कोटला झील कहाँ पर स्थित है-
(a) मेवात (b) पलवल (c) रेवाड़ी (d) महेन्द्रगढ़
17. हरियाणा राज्य का निम्न सम्पूर्ण क्षेत्र हरा-भरा है, सिवाय-
(a) मेवात के (b) पानीपत के
(c) सोनीपत के (d) रोहतक के
18. बाबर के शासन काल में हरियाणा के किन स्थानों पर विद्रोह हुआ था-
(a) कैथल (b) हिसार (c) मेवात (d) उपर्युक्त सभी
19. किस जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक पुरुष महिला लिंगानुपात है?
(a) नूँह (b) गुरुग्राम (c) अम्बाला (d) कुरुक्षेत्र
20. हरियाणा के किस स्थान को पीरों-फकीरों की धरती कहते हैं?
(a) पानीपत (b) तावडू (c) कैथल (d) जींद

उत्तरमाला

1. (b)	2. (d)	3. (c)	4. (d)	5. (d)	6. (a)	7. (a)	8. (c)	9. (a)	10. (a)
11. (b)	12. (d)	13. (d)	14. (a)	15. (d)	16. (a)	17. (a)	18. (d)	19. (a)	20. (b)

पलवल

- स्थिति - हरियाणा के दक्षिण पूर्व भाग में स्थित है।
- स्थापना - 15 अगस्त, 2008
- मुख्यालय - पलवल
- क्षेत्रफल - 1359 वर्ग किलोमीटर
- मंडल - फरीदाबाद
- तहसील - पलवल, हथीन, होडल
- उप-तहसील - हसनपुर, बहीन
- खंड - पलवल, होडल, हसनपुर, हथीन, पृथला
- आरक्षित सीट - होडल
- कुल जनसंख्या - 10,42,708 (2011)
- साक्षरता दर - 69.32% (2011)
- लिंगानुपात - 880/1000
- जनसंख्या घनत्व - 767 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- प्राचीन नाम / उपनाम - उपवाला, अपलवा, कॉटन सिटी
- पर्यटक स्थल - धार्मिक पर्यटन स्थल है।
- सुनील लांबा नौसेना अध्यक्ष का जन्म पलवल में हुआ।
- राय बहादुर लाला मुरलीधर का संबंध पलवल से है। ये हरियाणा के प्रथम जेल सत्याग्रही थे। ये ही हरियाणा में कांग्रेस की पहली शाखा सन् 1886 में अंबाला में लेकर आये।
- तीज वाला मंदिर पलवल जिले में स्थित है।

- पंचवटी मंदिर पलवल जिले में स्थित है।
- किशोरी महल – होडल (पलवल)
- बारखंबा छतरी – होडल पलवल
- भादिया का किला भी पलवल में स्थित है।
- यमुना नदी पलवल के हसनपुर नामक स्थान से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करती है।
- 10 अप्रैल, 1919 को पलवल के रेलवे स्टेशन पर महात्मा गाँधी को भारत में पहली बार गिरफ्तार किया गया।
- सन् 1857 की क्रांति में पलवल का नेतृत्व गफूर-अली ने किया।
- होडल पलवल की विधानसभा की आरक्षित सीट है।
- दाऊजी का मंदिर पलवल में स्थित है।
- पलवल में द्रोपदी घाट स्थित है।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम – पलवल
- कौशल विकास विश्वविद्यालय – पलवल (दुधौला)
- नया नाम – विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय
- महात्मा गाँधी आश्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सन् 1938 में बनवाया।
- चौधरी काशीराम जी की हवेली पलवल में है।
- रक्षाबंधन का मेला पलवल जिले में लगता है।
- लिंगानुपात में हरियाणा का नंबर गाँव – कोडल 1391/1000
- यक्ष – यक्षिणियों की मूर्तियाँ पलवल से मिली हैं।

अभ्यास प्रश्न

1. पलवल जिला कब बना था?
(a) वर्ष 2006 में (b) वर्ष 2007 में
(c) वर्ष 2008 में (d) वर्ष 2010 में
2. पलवल के किस क्षेत्र का सम्बन्ध महाभारत काल की ओडो जाति से है?
(a) होडल (b) हथीन
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं
3. आइने-ए-अकबरी में पलवल का क्या नाम है?
(a) पलवल (b) अपलवा (c) पलुवल (d) पलवा
4. शाह आयोग की अनुशंसा के अनुसार कौन-सा जिला हरियाणा राज्य का हिस्सा नहीं था?
(a) गुरुग्राम (b) रोहतक (c) हिसार (d) पलवल
5. पलवल में किस वर्ष सुभाषचन्द्र बोस ने महात्मा गाँधी आश्रम की नींव रखी थी?
(a) वर्ष 1935 में (b) वर्ष 1937 में
(c) वर्ष 1938 में (d) वर्ष 1939 में
6. पलवल जिले की प्रमुख फसल कौन-सी है?
(a) गेहूँ (b) गन्ना (c) बाजरा (d) ये सभी
7. हरियाणा के किस जिले से हाथियों के अस्थिपंजर और कलात्मक वस्तुएँ प्राप्त हुई हैं?
(a) पलवल (b) मेवात (c) फरीदाबाद (d) हिसार
8. 'पंचवटी' नामक तीर्थस्थल हरियाणा में कहाँ स्थित है?
(a) पलवल में (b) अंबाला में (c) हथीन में (d) बल्लभगढ़ में
9. पलवल में प्रसिद्ध मन्दिर कौन-सा है?
(a) बिड़ला मन्दिर (b) राधेश्याम मन्दिर
(c) पंचवटी मन्दिर (d) माधोबाला मन्दिर
10. श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का स्थायी परिसर कहाँ है?
(a) पलवल (b) चरखी दादरी
(c) यमुनानगर (d) नूँह
11. कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग फरीदाबाद से बल्लभगढ़, पलवल, मथुरा और आगरा को जाता है?
(a) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 4 (b) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3
(c) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 (d) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2
12. हरियाणा के KMP एक्सप्रेसवे में 'K' ....
(a) कैथल (b) करनाल (c) कुरुक्षेत्र (d) कुंडली
13. महात्मा गाँधी को हरियाणा के किस रेलवे स्टेशन पर पहली बार गिरफ्तार किया गया था?
(a) पलवल (b) पंचकुला (c) कालका (d) अमृतसर
14. सिटी ऑफ कॉटन के उपनाम से जाना जाता है-
(a) सिरसा (b) पलवल
(c) फतेहाबाद (d) हिसार

उत्तरमाला

1. (c)	2. (a)	3. (b)	4. (d)	5. (c)	6. (d)	7. (a)	8. (a)	9. (c)	10. (a)
11. (d)	12. (d)	13. (a)	14. (b)						

चरखी दादरी

- स्थिति – हरियाणा के दक्षिण भाग में स्थित है।
- स्थापना – 1 दिसंबर, 2016 (16 नवंबर 2016)
- मुख्यालय – दादरी
- क्षेत्रफल – 1370.11 वर्ग किलोमीटर
- मंडल – रोहतक
- तहसील – चरखी दादरी, बाढड़ा

➤ प्राचीन नाम / उपनाम –
- इस नगर के नाम की उपाधि दादुर शब्द से मानी जाती है। दादुर का अर्थ होता है, मेंढक। पूर्व समय में यहाँ एक झील होती थी जिसमें मेंढकों की अधिकता के कारण नगर का नाम दादरी पड़ गया।
- ऐसा भी कहा जाता है कि इस नगर की स्थापना पृथ्वीराज के पु बिल्हव राज ने की थी।

- श्री राम कृष्ण गुप्ता ने 1958 में चरखी गाँव के नाम को जुड़वा कर इसका नामकरण चरखी दादरी करवा दिया।
- उत्तर भारत का सबसे बड़ा सीमेंट उद्योग चरखी दादरी में स्थित है जिसकी यहाँ के सेठ रामकिशन डालमिया ने सन् 1938 में स्थापना की थी। इस उद्योग की स्थापना के लिए डालमिया ने जर्मनी का सहयोग लिया था। बाद में 1981 में इस सीमेंट फैक्ट्री का अधिग्रहण सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने कर लिया।

➤ विमान दुर्घटना -

- 12 नवंबर 1996 को यहाँ विमान दुर्घटना हुई थी। दो विमान जो कजाकिस्तान एयरलाइंस व सोथीया बोइंग थे। इस विमान दुर्घटना में 349 यात्री मारे गए थे।
- पर्यटन स्थल - रेस्ट हाउस मंदिर, हनुमान मंदिर, रंगीला हनुमान मंदिर,

➤ प्रसिद्ध व्यक्ति-

- चंद्रावती, गीता फोगाट, बबीता फोगाट, विनेश फोगाट, महावीर फोगाट, हुकुम सिंह, श्री उमेद सिंह, हीरा लाल चिनारिया।
- भारत में एकमात्र स्थान कलियाणा गाँव (चरखी दादरी) है जहाँ हिलना पत्थर पाया जाता है।

➤ चरखी दादरी और रोहतक दो ऐसे जिले हैं जिसकी सीमा किसी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के साथ नहीं लगती।

- श्याम सरोवर - चरखी दादरी
- पीर मुबारक शाह की दरगाह - चरखी दादरी
- कपूर की पहाड़ियाँ - चरखी दादरी
- डेरगों पर्यटन स्थल - चरखी दादरी
- 1857 में नेतृत्व - बहादुर जंग ने।
- इमलौटा मंदिर
- रंगीला हनुमान मंदिर
- गुरु नानक जी सभा
- रेस्ट हाउस मंदिर
- 14वीं शताब्दी में राजपूत राजा बिल्हाण सिंह राजपूत ने बसाया।

➤ चरखी दादरी हरियाणा का 22वाँ जिला भिवानी से अलग होकर बना और इसमें महेंद्रगढ़ के 22 गाँव जोड़े गए। अगर ऑप्शन में भिवानी ना आए तब हमें महेंद्रगढ़ के साथ जाना पड़ेगा।

अभ्यास प्रश्न

1. चरखी-दादरी जिला .... में बना। [HSSC 2016, 2019]
(a) दिसम्बर, 2014 (b) दिसम्बर, 2016
(c) दिसम्बर, 2013 (d) दिसम्बर, 2015
2. कौन-सा जिला हरियाणा का 22वाँ जिला घोषित किया गया है?
(a) नूँह (b) चरखी-दादरी (c) पलवल (d) कोई नहीं
3. किस नगर को पृथ्वीराज चौहान के छोटे पुत्र बिल्वराज चौहान ने बसाया था?
(a) चरखी-दादरी (b) सिरसा (c) हिसार (d) जीन्द
4. किस नगर के नाम की उत्पत्ति दादुर नाम के संस्कृत शब्द से हुई थी?
(a) अंबाला (b) जीन्द (c) चरखी-दादरी (d) भिवानी
5. चरखी-दादरी में किस वर्ष सेठ रामकृष्ण डालमिया ने एक सीमेण्ट फैक्ट्री की स्थापना की थी?
(a) वर्ष 1938 में (b) वर्ष 1939 में
(c) वर्ष 1942 में (d) वर्ष 1945 में
6. हरियाणा के किस भू-आवेष्ठित जिले के कलियाणा गाँव में भारत का एकमात्र हिलना पत्थर पाया जाता है?
(a) पलवल (b) चरखी-दादी (c) मेवात (d) भिवानी

उत्तरमाला

1. (b)	2. (b)	3. (a)	4. (c)	5. (a)	6. (b)				

चंडीगढ़

- स्थापना - 1 नवंबर 1966
- क्षेत्रफल - 114 वर्ग किलोमीटर (34वाँ रैंक भारत में)
- कुल जनसंख्या - 10,55,450 (2011)
- साक्षरता दर - 86.43% (2011)
- लिंग अनुपात - 818/1000 (2011)
- जनसंख्या घनत्व - 9252 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
- चंडीगढ़ की संरचना -
- सिर - कैपिटल परिसर
- दिल - सिटी सेंटर
- फेफड़े - लेजर वैली
- संचार प्रणाली - सड़कों का नेटवर्क
- विसरा - इंडस्ट्रीयल एरिया
- चंडीगढ़ का राजकीय पेड़ - आम का पेड़
- चंडीगढ़ का राजकीय स्मारक चिह्न - ओपन हैंड (खुला हाथ)
- चंडीगढ़ का राजकीय पक्षी - ग्रे हॉर्नबिल
- चंडीगढ़ का राजकीय नृत्य - भंगड़ा गिद्दा
- चंडीगढ़ का राजकीय पशु - भारतीय ग्रे नेवला
- चंडीगढ़ का राजकीय पुष्प - ढाक
- प्रमुख भाषा - हिंदी, पंजाबी
- कुल सैक्टर - 56
- ट्राईसिटी - चंडीगढ़, मोहाली, पंचकुला
- लोकसभा सीट - 1 (किरण खेर चुनी गई)
- नगर निगम मेयर- आसा कुमारी जसवाल
- चंडीगढ़ का नाम चण्डी मंदिर (शक्ति का गढ़)नाम पर पड़ा था
- चंडीगढ़ की मुख्य भाषा हिंदी व पंजाबी है।
- पंजाब का राज्यपाल ही चंडीगढ़ का प्रशासक होता है।

- चंडीगढ़ का डिजाइन वास्तुकार ली कॉर्बूसियर ने किया था। इनका संबंध फ्रांस से था।
- चण्डीगढ़ को बसाया जाना, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था।
- चंडीगढ़ का प्लान सन् 1950 में अल्बर्ट मेयर व पोलैंड के वास्तुकार मैथ्यू नवीकी थी। जिसकी मृत्यु के बाद कॉर्बूसियर ने कार्य भार संभाला।
- चंडीगढ़ एक केंद्र शासित प्रदेश और पंजाब व हरियाणा की संयुक्त राजधानी है।
- राजीव गाँधी चंडीगढ़ टेक्नोलॉजी पार्क का उद्घाटन 25 सितंबर 2005 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने किया।
- रॉक गार्डन चंडीगढ़ नेक चंद्र सैनी द्वारा रॉक गार्डन की स्थापना 1957 ई. में की गई। 1976 में इसका सरकार ने अधिग्रहण कर लिया।
- रोज गार्डन – रोज गार्डन एशिया का सबसे बड़ा रोज गार्डन है। इसे जाकिर हुसैन के नाम से भी जाना जाता है
- जापानी उद्यान व गणेश फ्रग्रेंस गार्डन भी चंडीगढ़ में स्थित है।
- पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में स्थित है।
- चण्डीगढ़ का प्रशासन पंजाब का राज्यपाल ही संभालता है

➤ खुला हाथ स्मारक –

- इसका डिजाइन ली. कार कॉर्बूसियर ने तैयार किया था। 14 मी. ऊँचा तथा 50 टन वजनी है।

➤ चंडीगढ़ गोल्फ क्लब –

- इस क्लब की स्थापना सन् 1962 में की गई।

➤ स्टेडियम –

- हॉकी स्टेडियम, चंडीगढ़ क्रिकेट स्टेडियम, कैरम स्टेडियम, मोहाली स्टेडियम
- चंडीगढ़ गोल्फ क्लब

➤ पर्यटन स्थल –

- बटरफ्लाई पार्क, लेसर बैली, शांतिकुंज राजेंद्र पार्क, बॉटेनिकल गार्डन
- छठबिर चिड़ियाघर – जीरकपुर (मोहाली)
- सुखना झील – चंडीगढ़ (1958)

➤ प्रमुख व्यक्तित्व –

- कपिल देव – हरियाणा का हरिकेन
- इनकी कप्तानी में भारत ने 1983 में क्रिकेट वर्ल्डकप जीता था।
- युवराज सिंह – भारतीय क्रिकेटर
- जीव मिल्खा सिंह – भारत के प्रथम प्रोफेशनल गोल्फर।
- नीरजा भनोट – प्रथम मरणोपरांत अशोक चक्र प्राप्त करने वाली महिला।
- चंडीगढ़ 2007 में भारत में सर्वप्रथम तम्बाकू व गुटखा पर रोक लगाई गई।

हरियाणा में कांग्रेस

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन ब्रिटिश सेवानिवृत्त अधिकारी ए ओ ह्युम एवं राष्ट्रवादी नेताओं के प्रयासों से 1885 ई. में हुआ।
- इसका पहले नाम इंडियन नेशनल यूनियन था। दादा भाई नौरोजी ने इस संस्था का नाम कांग्रेस रखा।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन दिसंबर 1885 में मुंबई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुआ।
- व्योमेश चंद्र बनर्जी कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे।
- इस अधिवेशन में कुल 72 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इन 72 सदस्यों में हरियाणा की तरफ से एकमात्र व्यक्ति राय बहादुर लाला मुरलीधर थे।
- कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन में झज्जर से पंडित दीनदयाल शर्मा तथा रोहतक से बाबू बालमुकुंद गुप्त ने भाग लिया था।
- पंजाब केसरी लाला लाजपत राय सन् 1888 में कांग्रेस के इलाहाबाद अधिवेशन में हिसार से प्रतिनिधि बनकर गए।
- सन् 1886 में राय बहादुर लाला मुरलीधर के प्रयासों से हरियाणा के अंबाला में कांग्रेस की पहली शाखा खोली गई।
- सन् 1887 में लाला लाजपत राय के प्रयास से हिसार और रोहतक में कांग्रेस की एक शाखा खोली गयी।
  1907 में कांग्रेस पूरे हरियाणा में फैल गयी।
- 12 अक्टूबर 1888 को रोहतक में कांग्रेस की पहली सार्वजनिक सभा हुई जिसकी अध्यक्षता तुर्रा बाज खान ने की थी।

हरियाणा के उद्योग

➤ पंचकुला

पंचकुला के पिंजोर में एचएमटी की फैक्ट्री स्थित है।

➤ गुरुग्राम

गुरुग्राम का औषधि उद्योग पूरे भारत में प्रसिद्ध है इसलिए गुरुग्राम को मेडी सिटी कहा जाता है।

- मोटर वाहन उद्योग
- इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग गुरुग्राम में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का भी उत्पादन किया जाता है
- मारुति उद्योग
- सॉफ्टवेयर उद्योग सॉफ्टवेयर निर्यात में गुरुग्राम का पूरे भारत में तीसरा स्थान है।
- गुरुग्राम, मानेसर, बावल क्षेत्र ऑटोमोबाइल उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

➤ चरखी दादरी

सीमेंट उद्योग – सीमेंट फैक्ट्री चरखी दादरी का निर्माण सन् 1939 में सेठ रामकृष्ण डालमिया ने जर्मनी के इंजीनियरों के सहयोग से किया था। इसे 1981 में सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने अधिकृत कर लिया।

➤ यमुनानगर

टिंबर मार्केट 100 वर्षों से भी पुरानी यह लकड़ी मंडी सन् 1947 से पूर्व अब्दुल्लापुर के नाम से प्रसिद्ध थी। यह मंडी लगभग 100 एकड़ भूमि पर फैली है।

- भारत स्टार्च केमिकल लिमिटेड–इस उद्योग की स्थापना यमुनानगर में सन् 1939 में की गई।
- यमुना गैसेस व केमिकल लिमिटेड- इस कंपनी की स्थापना सन् 1973 में की गई। इस समय इसका नाम यमुना गैसेस केमिकल लिमिटेड कर दिया गया।

- रेलवे कैरिज वैगन वर्कशॉप- जगाधरी
यमुनानगर जिले में इस वर्कशॉप की स्थापना सन् 1952 में 3 कोचिंग स्टॉक यूनिटों तथा 9 गुड्स स्टॉक यूनिटों की प्रतिदिन मरम्मत सुविधाओं के साथ की गई थी। भारतीय रेलवे की यही एकमात्र वर्कशॉप है जहाँ पर शताब्दी एक्सप्रेस की मरम्मत की जाती है।
- गोला बारूद उद्योग- भारतीय सेना के लिए गोला बारूद के बक्से हरियाणा के यमुनानगर में बनते हैं।
- बल्लारपुर पेपर मिल
इस मिल की स्थापना 1929 में मेंबर्स पंजाब पल्प एंड पेपर मिल अब्दुल्लापुर लिमिटेड के नाम से हुई थी।
- सरस्वती शुगर मिल - इस मिल की स्थापना सन् 1938 में लाहौर में की गई थी।
- यमुनानगर में गन्ने का सर्वाधिक उत्पादन होता है

➤ झज्जर
- सैनेटरी उद्योग
हरियाणा में सैनेटरी उद्योग बहादुर गढ़ का प्रसिद्ध है।
पारले जी बिस्कुट, सूर्या पाइप एंड लाइट, क्लास स्टेशनरी, रेडियो व साइकिल के पुर्जे और चिकित्सा उपकरण आदि बहादुरगढ़ में बनते हैं।

➤ अंबाला
- सीमेंट उद्योग - सूरजपुर में सीमेंट फैक्ट्री स्थित हैं- भूपेंद्र सीमेंट फैक्ट्री
- इलेक्ट्रॉनिक्स

अभ्यास प्रश्न

1. हरियाणा राज्य की नई औद्योगिक नीति, 2011 में औद्योगिक टाउनशिप खोलने की घोषणा की गई थी-
(a) यमुनानगर तथा करनाल में (b) रेवाड़ी तथा पलवल में
(c) सोनीपत तथा जीन्द में (d) फरीदाबाद तथा खरखौदा में (d)
2. राज्य की नई औद्योगिक नीति, 2011 में किस जिले में परमाणु प्लाण्ट लगाने की योजना बनाई गई है?
(a) फरीदाबाद (b) गुरुग्राम (c) पलवल (d) जीन्द (a)
3. हरियाणा का कौन-सा जिला भारतीय सेना हेतु गोला-बारूद रखने के बक्सों की 60% आपूर्ति करता है?
(a) यमुनानगर (b) पानीपत (c) रेवाड़ी (d) करनाल (a)
4. धारूहेड़ा तथा बावल औद्योगिक स्थल स्थित हैं-
(a) सोनीपत (b) पानीपत (c) रेवाड़ी (d) पलवल (c)
5. साइकिल उद्योग के प्रमुख केन्द्र हैं-
(a) सोनीपत, फरीदाबाद, पलवल व जीन्द
(b) गुरुग्राम, यमुनानगर व करनाल
(c) करनाल, रोहतक, पानीपत व हिसार
(d) उपरोक्त सभी (a)
6. हरियाणा के किस शहर को 'बुनकरों का शहर' कहा जाता है?
(a) पानीपत (b) सोनीपत
(c) पलवल (d) यमुनानगर (a)
7. निर्यातकों की सहायता हेतु राज्य में कहाँ-कहाँ कण्टेनर स्टेशन बनाए गए हैं?
(a) पलवल तथा गुरुग्राम (b) फरीदाबाद तथा हिसार
(c) पानीपत तथा रेवाड़ी (d) करनाल तथा पंचकुला (c)
8. हरियाणा के किस जिले से भारतीय सेना हेतु 75% कम्बलों की आपूर्ति की जाती है?
(a) रेवाड़ी (b) फरीदाबाद (c) पानीपत (d) जीन्द (c)
9. सूरजपुर किस उद्योग हेतु प्रसिद्ध है?
(a) सीमेण्ट उद्योग (b) कृषि यन्त्र उद्योग
(c) चमड़ा उद्योग (d) सैनेटरी उद्योग (a)
10. इंजीनियरिंग उद्योग हेतु प्रसिद्ध जिला है?
(a) फरीदाबाद (b) यमुनानगर
(c) जीन्द (d) भिवानी (a)
11. राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में क्षेत्रवार हिस्सेदारी व्यवस्थित करें-
(a) तृतीयक-द्वितीयक-प्राथमिक (b) द्वितीयक-प्राथमिक-तृतीयक
(c) द्वितीयक-तृतीयक-प्राथमिक (d) प्राथमिक-द्वितीयक-तृतीयक (a)
12. राज्य के किस जिले में मार्च, 2016 में हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट आयोजित की गई?
(a) गुरुग्राम (b) अम्बाला (c) यमुनानगर (d) जीन्द (a)
13. इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट कहाँ स्थापित है?
(a) सोनीपत (b) अम्बाला (c) पानीपत (d) रोहतक (d)
14. केन्द्र सरकार द्वारा हरियाणा के किस स्थान पर ऑटोमोबाइल अनुसन्धान एवं विकास संस्थान की स्थापना की गई है?
(a) मानेसर (b) गुरुग्राम (c) पानीपत (d) इनमें से कोई नहीं (a)
15. निम्न में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?
(a) मारुति उद्योग-गुरुग्राम
(b) इंजीनियरिंग उद्योग-फरीदाबाद
(c) सिलाई मशीन उद्योग-जीन्द
(d) गोला-बारूद उद्योग-यमुनानगर (c)
16. उदारीकरण के पश्चात् जारी की गई औद्योगिक नीतियों में कौन-सी एक सही नहीं है?
(a) राज्य औद्योगिक नीति, 1992 (b) राज्य औद्योगिक नीति, 1997
(c) राज्य औद्योगिक नीति, 1999 (d) राज्य औद्योगिक नीति, 1995 (d)
17. वर्ष 2014-15 के दौरान राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में द्वितीयक क्षेत्र का योगदान था-
(a) 26.9% (b) 30.4% (c) 40.4% (d) 21.2% (a)
18. राज्य में ऑटोमोबाइल्स के केन्द्र हैं-
(a) सोनीपत (b) गुरुग्राम
(c) सोनीपत एवं गुरुग्राम (d) इनमें से कोई नहीं (c)
19. निम्न में से किस ज़िले में मुख्य रूप से कृषि आधारित उद्योगों का विकास हुआ है?
(a) फरीदाबाद (b) जीन्द (c) गुरुग्राम (d) कैथल (a)
20. हरियाणा में साइन्टिफिक अप्रैटस सिटी स्थित है-
(a) अम्बाला (b) पलवल (c) रोहतक (d) सोनीपत (a)
21. किन दो शहरों का विकास शुगर सिटी के रूप में हुआ है?
(a) पलवल व रोहतक (b) अम्बाला व सोनीपत
(c) गुरुग्राम व फरीदाबाद (d) यमुनानगर व करनाल (a)

22. निम्नलिखित में से कौन-सा/से हरियाणा में उभरता/उभरते औद्योगिक नगर है/हैं ?
(a) बावल (b) धारूहेड़ा (c) कुण्डली (d) ये सभी (d)

23. हरियाणा में 'भिवानी टेक्सटाइल मिल' की स्थापना कब हुई थी ?
(a) वर्ष 1930 में (b) वर्ष 1937 में
(c) वर्ष 1942 में (d) वर्ष 1950 में (b)

24. हरियाणा का कौन-सा जिला औद्योगिक रूप से पिछड़ा जिला है ?
(a) पानीपत (b) महेन्द्रगढ़ (c) भिवानी (d) सोनीपत (b)

25. नई औद्योगिक नीति, 2011 में राज्य में कितने नए विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाने की बात की गई थी ?
(a) 20 (b) 25 (c) 15 (d) 12 (a)

26. सिलाई मशीन उद्योग निम्न में से कहाँ का प्रमुख उद्योग है ?
(a) अम्बाला (b) कैथल (c) फरीदाबाद (d) महेन्द्रगढ़ (a)

27. चौधरी देवीलाल आदर्श औद्योगिक नगरी की स्थापना की जा रही है-
(a) गुरुग्राम जिले के मानेसर में (b) फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ में
(c) यमुनानगर में (d) पलवल में (a)

28. राज्य के किन जिलों में ऊन उद्योगों का विकास हुआ है ?
(a) हिसार व पानीपत (b) गुरुग्राम व फरीदाबाद
(c) अम्बाला व सिरसा (d) जीन्द व करनाल (a)

29. राज्य में इलेक्ट्रॉनिक नगर नामक कॉम्पलेक्स की स्थापना कहाँ की जा रही है ?
(a) गुरुग्राम (b) फरीदाबाद (c) पानीपत (d) करनाल (a)

30. जिला कुरुक्षेत्र की शाहबाद, सहकारी चीनी मिल की स्थापना कब की गई थी ?
(a) वर्ष 1976-77 (b) वर्ष 1984-85
(c) वर्ष 1991-92 (d) वर्ष 1994-95 (b)

31. बल्लभगढ़ में गुडईयर कम्पनी द्वारा किस वस्तु का निर्माण किया जा रहा है ?
(a) टायर (b) कार (c) सिलाई मशीन (d) सीमेन्ट (a)

32. जिला सोनीपत का एटलस साइकिल उद्योग विश्व के कितने प्रमुख साइकिल निर्माण प्रतिष्ठानों में से एक है ?
(a) तीन (b) पाँच (c) सात (d) नौ (a)

33. हरियाणा में कृषि यन्त्र मुख्यतः निर्मित किए जाते हैं ?
(a) रेवाड़ी (b) बहादुरगढ़
(c) गुरुग्राम (d) फरीदाबाद (d)

34. एच एम टी फैक्ट्री अम्बाला जिले के किस स्थान पर स्थित है ?
(a) पिंजौर (b) कालका (c) नारायणगढ़ (d) मोरनी (a)

35. हरियाणा के गुरुग्राम में निम्न में से किसकी स्थापना हुई है या की जा रही है ?
(a) साइबर सिटी (b) मेडिसिटी
(c) बायोटेक पार्क (d) ये सभी (d)

36. निम्नलिखित में से फरीदाबाद में किस उद्योग का विकास नहीं हुआ है ?
(a) मारुति उद्योग (b) ट्रैक्टर उद्योग
(c) राजदूत मोटरसाइकिल उद्योग (d) रेफ्रिजरेटर उद्योग (a)

37. हरियाणा में औद्योगिक विकास के कारणों में निम्नलिखित में कौन-सा एक कारक नहीं है ?
(a) सरकार द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहन
(b) उदार औद्योगिक नीति
(c) दिल्ली से नजदीकी
(d) पर्याप्त खनिज संसाधनों की उपलब्धता (d)

38. गुरुग्राम में उद्योगों के विकास से सम्बन्धित निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(a) कृषि उपकरण, पावरलूम व टेक्सटाइल यहाँ के प्रमुख उद्योग हैं।
(b) यहाँ सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना की जा रही है।
(c) यहाँ इलेक्ट्रॉनिक नगर नामक एक कॉम्पलेक्स की स्थापना की जा रही है।
(d) यहाँ पर हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड का सहायक औद्योगिक केन्द्र स्थित है। (d)

39. निम्नलिखित उद्योगों में कौन-सा उद्योग पानीपत में स्थित नहीं है ?
(a) नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड (b) तेलशोधक कारखाना
(c) कैप्टिव विद्युत संयंत्रण (d) टिम्बर मार्केट (d)

40. हरियाणा राज्य लघु उद्योग और निर्यात निगम की स्थापना की गई थी-
(a) 19 जुलाई, 1967 (b) 19 जुलाई, 1968
(c) 19 जुलाई, 1969 (d) 19 जुलाई, 1970 (a)

41. जगाधरी शहर निम्न में से किस लिए प्रसिद्ध है ?
(a) हवाई अड्डा (b) पशु रोग निदान संस्थान
(c) राष्ट्रीय दुग्ध अनुसन्धान संस्थान (d) रेल कार्यशाला (d)

42. हरियाणा विशेष आर्थिक (SEZ) क्षेत्र एक्ट कब से लागू हुआ था ?
(a) वर्ष 2006 (b) वर्ष 2008
(c) वर्ष 2009 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं (a)

43. हरियाणा में नई औद्योगिक नीति कब घोषित की गई ?
(a) 6 जून, 2005 (b) 8 जून, 2005
(c) 6 जून, 2003 (d) 8 जून, 2003 (a)

44. हरियाणा डिस्टलरी की स्थापना कहाँ की गई है ?
(a) पानीपत (b) महेन्द्रगढ़ (c) यमुनानगर (d) पंचकुला (c)

45. हरियाणा के किस स्थान में मारुति कार निर्माण उद्योग स्थापित है ?
(a) गुरुग्राम (b) अम्बाला (c) फरीदाबाद (d) हिसार (a)

46. रेवाड़ी जिले से सम्बद्ध कौन-सा कथन गलत है ?
(a) यह दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है।
(b) यह नगर पीतल बर्तन उद्योग के लिए देशभर में प्रसिद्ध है।
(c) यहाँ का तिल्ला जूती उद्योग देशभर में प्रसिद्ध है।
(d) यहाँ के जूतों पर कढ़ाई के लिए जूतों को देश के भिन्न-भिन्न भागों में भेजा जाता है। [illegible]

47. रेवाड़ी जिले का कौन-सा उद्योग सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्ध है ?
(a) तिल्ला जूती उद्योग
(b) पीतल बर्तन उद्योग
(c) हीरो तथा होण्डा मोटरसाइकिल फैक्ट्री
(d) उपरोक्त सभी (d)

48. हरियाणा में क्षेत्रवार वृद्धि व्यवस्थित करें-
(a) सेवा-कृषि-उद्योग (b) उद्योग-सेवा-कृषि
(c) कृषि-उद्योग-सेवा (d) सेवा-उद्योग-कृषि (a)

49. हरियाणा के किस जिले में सात इण्डस्ट्रियल स्टेट हैं ?
(a) फरीदाबाद (b) पानीपत (c) गुरुग्राम (d) भिवानी (c)

50. जिला फरीदाबाद में निम्नलिखित में से कौन-सी फैक्टरी है ?
(a) ट्रैक्टर (b) रेफ्रिजरेटर (c) रबड़ टायर (d) ये सभी (d)

51. केन्द्र सरकार द्वारा कहाँ ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए एक अनुसन्धान एवं विकास संस्थान स्थापित किया जा रहा है ?
(a) गढ़ी हरसरू (b) मानेसर
(c) राई (d) कुण्डली (b)

52. कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा कहाँ फूड पार्क स्थापित किए गए हैं ?
(a) नरवाना (b) साहा (c) डबवाली (d) ये सभी (d)

53. पानीपत के बाहौली क्षेत्र में किसका कारखाना स्थापित किया गया है ?
(a) उर्वरक कारखाना (b) चीनी कारखाना
(c) सीमेण्ट कारखाना (d) तेलशोधक कारखाना (d)

54. निम्न में से कौन-सा संस्थान कुण्डली में स्थापित किया जा रहा है ?
(a) पेट्रो-केमिकल अनुसंन्धान
(b) राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी तथा प्रबन्धन संस्थान
(c) राष्ट्रीय बॉक्सिंग संस्थान
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं (b)

55. निम्न में से किस स्थान पर फूड पार्क स्थापित नहीं किया जा रहा है ?
(a) नरवाना (जीन्द) (b) राई (सोनीपत)
(c) हाँसी (हिसार) (d) साहा (अम्बाला) (c)

56. राज्य में रत्न आभूषण पार्क कहाँ विकसित किया जा रहा है ?
(a) गढ़ी हरसरु (b) सुल्तानपुर
(c) बहादुरगढ़ (d) फर्रुखनगर (a)

57. हरियाणा के किस जिले में हाई-टेक टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित किया जा रहा है ?
(a) पलवल (b) गुरुग्राम (c) फरीदाबाद (d) मेवात (b)

58. राज्य के पानीपत जिले में किस कम्पनी का पेट्रोलियम परिसर स्थित है ?
(a) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन
(b) इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन
(c) रिलायंस इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
(d) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (b)

59. जीन्द जिले में साइकिल बनाने के अतिरिक्त अन्य किस वस्तु का कारखाना स्थित है ?
(a) बर्तन बनाने का कारखाना (b) कपड़ों का कारखाना
(c) चीनी बनाने का कारखाना (d) नमक बनाने का कारखाना (c)

60. ताँबा तथा पीतल के बर्तनों के निर्माण हेतु प्रसिद्ध जिला है-
(a) पानीपत (b) रेवाड़ी (c) पलवल (d) करनाल (b)

61. कृषि यन्त्रों का निर्माण मुख्य रूप से किस जिले में होता है ?
(a) फरीदाबाद (b) गुरुग्राम (c) पलवल (d) जीन्द (a)

62. हरियाणा का कौन-सा जिला देश के वैज्ञानिक उपकरणों का अकेले 20% निर्यात करता है ?
(a) गुरुग्राम (b) फरीदाबाद (c) अम्बाला (d) भिवानी (c)

63. निम्न में से कहाँ शाहबाद सहकारी चीनी मिल स्थापित है ?
(a) जीन्द (b) कुरुक्षेत्र (c) कैथल (d) हिसार (b)

64. भिवानी में स्थित टेक्सटाइल मिल में तैयार किया गया कपड़ा और धागा निम्नलिखित में से किन देशों से निर्यात किया जाता है ?
(a) अरब देशों को (b) फ्रांस को
(c) इटली को (d) ये सभी (a)

65. करनाल जिले में निर्मित किस वस्तु का विदेशों में भी निर्यात किया जाता है ?
(a) लिबर्टी जूतों का (b) पेण्ट का
(c) लकड़ी के फर्नीचर का (d) स्टील के फर्नीचर का (a)

66. जिला हिसार में लकड़ी का विकल्प तैयार करने वाला 'न्यूवुड लकड़ी उद्योग' कहाँ पर स्थापित है ?
(a) फतेहाबाद उप-मण्डल में (b) टोहाना उप-मण्डल में
(c) हाँसी उप-मण्डल में (d) भिवानी उप-मण्डल में (b)

67. हरियाणा के किस जिले में अमोनिया प्लाण्ट स्थापित है ?
(a) पानीपत (b) गुरुग्राम (c) कैथल (d) करनाल (a)

68. भारत स्टार्च केमिकल लिमिटेड की स्थापना यमुनानगर में कब हुई थी ?
(a) वर्ष 1929 में (b) वर्ष 1932 में
(c) वर्ष 1938 में (d) वर्ष 1948 में (c)

69. यमुनानगर की टिम्बर मार्केट (मण्डी) वर्ष 1947 से पूर्व किस नाम से प्रसिद्ध थी ?
(a) अब्दुल्लापुर मण्डी (b) सादापुर मण्डी
(c) यमुनानगर मण्डी (d) यमुनापुर मण्डी (a)

70. संगमरमर मुख्यत: हरियाणा के किस जिले में पाया जाता है ?
(a) नारनौल (b) सिरसा (c) गुरुग्राम (d) पंचकूला (a)

71. हरियाणा के किस जिले में हीरो तथा होण्डा मोटरसाइकिल की फैक्ट्री है ?
(a) महेन्द्रगढ़ (b) सिरसा (c) रेवाड़ी (d) फरीदाबाद (c)

72. कौन-सा जिला दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित धारूहेड़ा में कई उद्योग विकसित होने से इण्डस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स के रूप में उभर रहा है ?
(a) कैथल (b) जीन्द (c) महेन्द्रगढ़ (d) रेवाड़ी (d)

73. हरियाणा में सेनेटरी उद्योग किस स्थान पर विकसित हुआ है ?
(a) बहादुरगढ़ (b) कुण्डली (c) समालखा (d) होडल (a)

74. हरियाणा औद्योगिक एवं निवेश नीति, 2011 कब से प्रभावी-
(a) 1 जनवरी, 2011 (b) 26 जनवरी, 2011
(c) 15 अगस्त, 2011 (d) इनमें से कोई नहीं (a)

75. हरियाणा ब्रुअरीज, बी एम टी औद्योगिक इकाई स्थित है-
(a) गन्नौर (सोनीपत) (b) मुरथल (रोहतक)
(c) धारूहेड़ा (रेवाड़ी) (d) बावल (हिसार) (a)

76. निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक स्थल दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है ?
(a) मुरथल (b) गन्नौर (c) धारूहेड़ा (d) ये सभी (c)

77. रेल कार्यशाला एवं कई अन्य उद्योगों हेतु प्रसिद्ध जगाधरी शहर हरियाणा के किस जिले में स्थित है ?
(a) रोहतक (b) यमुनानगर (c) फरीदाबाद (d) रेवाड़ी (b)

78. गन्नौर, कुण्डली एवं राई किस जिले के प्रमुख औद्योगिक स्थल हैं ?
(a) सोनीपत (b) कैथल (c) फरीदाबाद (d) गुरुग्राम (a)

79. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है ?
(a) साइण्टिफिक अप्रैटस सिटी, अम्बाला
(b) पेपर सिटी, यमुनानगर
(c) साइबर सिटी फरीदाबाद
(d) शुगर सिटी, पलवल व रोहतक (c)

80. राजदूत मोटरसाइकिल बनाने की फैक्ट्री हरियाणा के किस जिले में स्थापित है ?
(a) फरीदाबाद (b) पानीपत (c) रोहतक (d) करनाल (a)

81. हरियाणा के किस जिले में साइबर सिटी, साइबर पार्क मेडिसिटी और बायोटेक पार्क विकसित किए जा रहे हैं ?
(a) अम्बाला (b) रोहतक
(c) पलवल (d) गुरुग्राम (d)

महत्त्वपूर्ण तथ्य

- हरियाणा का यमुनानगर जिला कागज और प्लाईवुड उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
- हरियाणा का अंबाला जिला वैज्ञानिक उपकरणों के लिए प्रसिद्ध है। इसलिए अंबाला को वैज्ञानिक नगरी कहते हैं।
- चीनी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध एशिया की सबसे बड़ी सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर में स्थित है।
- सोनीपत का एटलस साइकिल उद्योग पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारतीय उपमहाद्वीप में एटलस ही एकमात्र ऐसी कंपनी है जिसे साइकिल निर्माण की तकनीकी जानकारी निर्यात करने का श्रेय है।
- लिबर्टी जूता उद्योग करनाल का प्रसिद्ध है।
- ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम में स्थित हैं।
- हरियाणा डिस्टलरी उद्योग की स्थापना सन 1969 में यमुनानगर में की गई।
- गुरुग्राम का सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत में तीसरा स्थान है।
- हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम के सोहना व मानेसर को नए औद्योगिक नगर क्षेत्र का विकास करने जा रही है। इस संदर्भ में हरियाणा सरकार तथा चाइना फॉर्चून लैंड डेवलेपमेंट के बीच हस्ताक्षर हुए हैं।
- हरियाणा भारतवर्ष में सर्वाधिक ट्रैक्टरों का उत्पादन करता है।
- फरीदाबाद और अंबाला इंजीनियरिंग उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
- चमड़े की सफाई हरियाणा के जींद जिले में होती है।
- बाटा चप्पल और मोटरसाइकिल उद्योग के लिए फरीदाबाद प्रसिद्ध है।
- हरियाणा में तेल शोधक कारखाना पानीपत के बाहोली गाँव में स्थित है।
- हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम की स्थापना 8 मार्च 1967 को की गई इसका मुख्यालय पंचकुला में स्थित है।
- पंचकुला में एचएमटी फैक्ट्री पिंजौर में स्थित है।
- पारले जी बिस्कुट और सूर्य बल्ब उद्योग बहादुरगढ़ स्थित है।
- तांबा एवं पीतल बर्तनों के निर्माण के लिए रेवाड़ी जिला प्रसिद्ध है।

हरियाणा में महात्मा गाँधी

- हरियाणा में महात्मा गाँधी क्यों आए?
  उत्तर: रौलेट एक्ट का विरोध करने 1919
- असहयोग आंदोलन को बढ़ावा देने 1920 -22 हरियाणा में असहयोग आंदोलन कब से कब तक चला सन् 1920 से 22
  नोट-भारत में असहयोग आंदोलन 1920 से 1922 तक
- रौलेट एक्ट- काला कानून होता था जिसमें इंसान को शक के आधार पर गिरफ्तार कर लिया जाता था और उसे ना वकील ना अपील और दलील देने का अधिकार था। महात्मा गाँधी ने कहा हम 6 अप्रैल को रौलेट एक्ट के विरोध में पूरे भारत में हड़ताल करेंगे।
- 10 अप्रैल 1919 को गाँधी हरियाणा के पलवल पहुँचते हैं और यहीं पर इनकी पहली बार गिरफ्तारी होती है।
- नोट : भारत में भी पहली गिरफ्तारी इनकी 10 अप्रैल 1919 को पलवल से ही हुई थी 30 जुलाई 1919 को महात्मा गाँधी हिसार से गिरफ्तार हुए थे 22 अक्टूबर 1920 को महात्मा गाँधी अंबाला कांफ्रेंस के दौरान भिवानी आए थे जिसमें गाँधी जी मुख्य अतिथि थे यहीं पर गाँधी जी ने पहली बार अंग्रेजों के लिए शैतान शब्द का प्रयोग किया था।
- 1921 को महात्मा गाँधी जी रोहतक आए थे और यहीं पर गऊ कर्ण तलाब के पास इन्होंने भाषण दिया था असहयोग आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए भाषण दिया था।
- नोट: गऊ कर्ण तलाब - रोहतक 1921 में महात्मा गाँधी अंबाला भी आए थे और वहीं पर इन्होंने कहा था -
- ''यहीं मेरे द्वारा किया गया अंतिम भ्रमण है और मैं उम्मीद करता हूं कि भविष्य में इस जगह पर आना पड़े''।
- 2 दिसंबर 1947 को भारत की आजादी के बाद महात्मा गाँधी रोहतक आए थे और 9 दिसंबर 1947 को मेवात तथा पानीपत आए थे।
- नोट- यहाँ पर सबसे ज्यादा मुसलमान रहते हैं मेवात के मुसलमानों ने पाकिस्तान जाना शुरू कर दिया तो महात्मा गाँधी ने आह्वान किया कि आप पाकिस्तान से ज्यादा भारत में ज्यादा सुरक्षित हो तो गाँधी जी के कहने पर बहुत से मुसलमान मेवात रुक गए महात्मा गाँधी ने मेवात में एक नारा दिया था सत्यमेव जयते इसी नारे के बदौलत मेवात का नाम सत्यमेवपुरम पड़ा था बाद में इसका नाम मेवात तथा वर्तमान में मेवात का नाम नूँह है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25

1. हरियाणा अर्थव्यवस्था एवं परिप्रेक्ष्य

- अर्थ तथा साख्यिकीय कार्य विभाग, हरियाणा सकल घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) के अनुमान तैयार करता है। वर्ष 2024-25 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, प्रचलित कीमतों पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 12,13,951.04 करोड़ रूपये होने का अनुमान है जो वर्ष 2023-24 की 11.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2024-25 में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष 2024-25 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12) कीमतों पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,77,033.25 करोड़ रूपये होने का अनुमान है।
- राज्य के सकल राज्य मूल्य वर्धन (जी.एस.वी.ए.) में स्थिर (2011-12) कीमतों पर दोनों वर्षों 2023-24 और 2024-25 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। उद्योग क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2024-25 में 7.6 प्रतिशत की कुल वृद्धि हुई।
- सकल राज्य मूल्य वर्धन में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी वर्ष 2024-25 में 51.2 प्रतिशत तक मजबूत हुई जिसके परिणामस्वरूप कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्रों (15.9 प्रतिशत) की हिस्सेदारी घट गई है। सकल राज्य मूल्य वर्धन में वर्ष 2024-25 के दौरान उद्योग क्षेत्र का योगदान 32.9 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

वर्ष 2024-25 में राज्य अर्थव्यवस्था की क्षेत्रवार संरचना स्थिर (2011-12 कीमतों पर)



- राज्य की प्रति व्यक्ति आय जो वर्ष 2023-24 में 6.5 प्रतिशत दर्ज की गई थी। प्रचलित कीमतों पर वर्ष 2024-25 में इसके 10.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,53,182 रूपये होने की संभावना है जबकि वर्ष 2023-24 में 10.4 प्रतिशत दर्ज की गई थी। अतः वर्ष 2024-25 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय प्रचलित और स्थिर भावों पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय क्रमशः 2,05,579 रूपये और 1,14,705 रूपये की तुलना में अधिक रहने की सम्भावना है।
- कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्र का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2024-25 के सकल राज्य मूल्यवर्धन में कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्रों का योगदान स्थिर (2011-12) कीमतों पर 15.9 प्रतिशत दर्ज किया गया है।
- वर्ष 2024-25 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार इस क्षेत्र में सकल राज्य मूल्य वर्धन 4.1 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ 95,767.16 करोड़ रूपये दर्ज किया गया। वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र जिसमें फसल एवं पशुपालन उपक्षेत्र शामिल है, का सकल राज्य मूल्यवर्धन 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 88,450.02 करोड़ रूपये अनुमानित किया गया।
- कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्रों का सकल राज्य मूल्य वर्धन स्थिर (2011-12) भावों पर-

		(करोड़ रूपये में)
क्षेत्र	2011-12	2024-25 (अग्र)
फसल व पशुपालन	59785.53	88450.02 (3.9)
वानिकी तथा लॉगिंग	3894.90	5356.66 (6.3)
मत्स्य	858.43	1960.46 (7.2)
कृषि एवं सहबद्ध क्षेत्र	64538.86	95767.16 (4.1)

- औद्योगिक क्षेत्र में सकल राज्य मूल्य वर्धन स्थिर (2011-12) मूल्यों पर-

		(करोड़ रूपये में)
क्षेत्र	2011-12	2024-25 (अग्र)
खनन व उत्खनन	118.82	1088.01 (9.9)
विनिर्माण	53286.09	131866.35 (6.7)
बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य सेवाएँ	3446.06	7083.58 (16.7)
निर्माण	29759.66	58724.44 (10.4)
उद्योग	86610.61	198762.38 (8.1)

- वर्ष 2024-25 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, सेवा क्षेत्र का सकल राज्य मूल्य वर्धन वर्ष 2023-24 की तुलना में 8.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,09,561.51 करोड़ रूपये अनुमानित है। सेवा क्षेत्र में दर्ज 8.4 प्रतिशत वृद्धि मुख्य रूप से व्यापार, मरम्मत, होटल एवं रेस्टोरेन्ट सेवाओं से (8.5 प्रतिशत) परिवहन, भण्डारण, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं (9.3 प्रतिशत), वित्तीय सेवाओं, स्थावर सम्पदा तथा व्यवसायिक सेवाओं (8.3 प्रतिशत) क्षेत्रों में दर्ज वृद्धि के कारण सम्भव हुई है।

2. लोक वित्त, बैंकिंग एवं ऋण, वित्तीय समावेश तथा आबकारी एवं कराधान

- बजट अनुमान 2024-25 के अनुसार, राजकोषीय घाटा जी.एस.डी.पी. का 2.77 प्रतिशत अनुमानित किया गया है, जो केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर है।
- वर्ष 2024-25 बजट अनुमानों के अनुसार, हरियाणा सरकार के व्यय 1,34,456.36 करोड़ रूपये के विरूद्ध राजस्व प्राप्तियाँ 1,16,638.30 करोड़ रूपये रहने का अनुमान है।

राज्य कर की स्थिति

			(करोड़ रूपये में)
वर्ष	राज्य का स्वयं कर राजस्व (ओ.टी.आर)	केन्द्रीय करों में हिस्सेदारी (एस.सी.टी.)	कुल कर
2021-22	53377.16	9722.16	63099.32
2022-23	62960.80	10378.00	73338.80
2023-24 (स.अ.)	73586.00	12072.09	85658.09
2024-25 (ब.अ.)	84551.10	13332.23	97883.33

हरियाणा की वार्षिक ऋण योजना 2024-25

क्षेत्र	अनुपातिक लक्ष्य 2024-25	उपलब्धियाँ (31.12.2024 तक)	प्रतिशत उपलब्धियाँ
कृषि एवं सहबद्ध	76367.00	65794.00	86
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग	84278.00	12516.00	144
अन्य प्राथमिक क्षेत्र	12054.00	4961.00	41
कुल	172699.00	192271.00	111

रिवोल्विंग कैश क्रेडिट एवं डिपोजिट गारंटी स्कीम

- किसानों के हितों के लिए मार्च, 2024 तक 11.53 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जा चुके हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने मार्च, 2024 तक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर दिया है।

खजाना एवं लेखा

- वर्तमान में राज्य में 24 जिला स्तरीय खजाने तथा 81 उप खजाने हैं।
- वर्तमान में विभिन्न विभागों के लगभग 10,000 आदान तथा वितरण अधिकारी खजाना विभाग के परामर्श से राज्य की संचय निधि से निकासी (व्यय) व जमा (रसीद) का कार्य करते हैं।

ऑनलाइन बजट आवंटन तथा विश्लेषण प्रणाली

- यह सॉफ्टवेयर प्रणाली दिनांक 01-04-2010 से कार्यान्वित की गई है।
- इसके अन्तर्गत बजट से संबंधित सभी कार्य जैसे कि बजट की तैयारी, आवंटन एवं वितरण ऑनलाइन किए जा रहे हैं।

ई-बिलिंग

- ई-बिलिंग सॉफ्टवेयर सभी प्रकार के बिलों को तैयार करने के लिए राज्य भर में दिनांक 01-04-2013 से कार्यान्वित किया गया है।

ई-ग्रास

- सरकार रसीद लेखा प्रणाली (ई-जी.आर.ए.एस.) नवंबर, 2013 से पूरे राज्य में लागू की गई। सभी प्रकार के ई-चालान विभागों और आम जनता द्वारा इसी इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का उपयोग करके तैयार किये जा रहे हैं।
- भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आई.डी.बी.आई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को राज्य सरकार की ओर से धन प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है।

ओटिस (ऑनलाइन खजाना सूचना प्रणाली)

- वैब ओटिस सभी खजानों और उप-खजानों में दिनांक 01.07.2013 से लागू किया गया और सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

ई-पोस्ट

- विभिन्न विभागों के स्वीकृत पदों जिसमें मौजूदा पदों के समर्पण को सम्मिलित करते हुए नए पदों की स्वीकृति की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए राज्य भर में दिनांक 23-05-2014 से ई पोस्ट स्वीकृति मॉडल लागू किया गया।

ई-पेंशन

- ई-पेंशन प्रणाली दिनांक 01-10-2012 से शुरू की गई थी। सभी पेंशनभोगी जिनके पी.पी.ओ. दिनांक 01-10-2012 के बाद प्राप्त हुए हैं, उन्हें हर महीने की पहली तारीख को ई-पेंशन प्रणाली का उपयोग करके पेंशन वितरण सेल (पी.डी.सी.) के माध्यम से उनकी पेंशन मिल रही है।

ई-स्टैंपिंग

- ई-स्टैंपिंग प्रणाली दिनांक 01-03-2017 से लागू की गई थी।
- इस प्रणाली के माध्यम से कोई भी नागरिक 1000 रुपये से अधिक कीमत का (गैर-न्यायिक) स्टाम्प तैयार कर सकता है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 6355 करोड़ रूपये के कुल 2786955 स्टाम्प पेपर जारी किये गये।

जी.एस.टी

- आबकारी एवं कराधान विभाग राज्य का सबसे अधिक राजस्व देने वाला विभाग है। जी.एस.टी. कार्यान्वयन को 8 साल से अधिक समय हो गया है।
- 101वें संवैधानिक संशोधन के साथ छह गैर जीएसटी वस्तुओं को छोड़कर, वस्तुओं की बिक्री पर वैट को जी.एस.टी. में शामिल कर दिया गया था। विभाग मानव उपभोग के लिए इन छह वस्तुओं यानी पेट्रोलियम क्रूड, पेट्रोल, डीजल, ए.टी.एफ., प्राकृतिक गैस और एल्कोहॉलिक शराब के लिए एच.वी.ए.टी. अधिनियम का प्रबंधन करता है।
- राज्य ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 19,315.96 करोड़ रूपये (28-01-2025) का शुद्ध एस.जी.एस.टी. संग्रह किया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपरोक्त अवधि के दौरान राज्य का संग्रह 16,812.09 करोड़ रूपये था, जिससे 15 प्रतिशत की वृद्धि दर प्राप्त हुई।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.)

- शुरूआत- 9 मई, 2015

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.)

- शुरूआत- 1 जून, 2015
- इस योजना के तहत, 18-50 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बचत बैंक खाताधारक 436 रूपये के वार्षिक प्रीमियम का भुगतान करके योजना का लाभ उठाने के लिए अपना नामांकन करा सकते हैं।

अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.)

- शुरूआत- 1 जून, 2015
- कामकाजी गरीबों की वृद्धावस्था आय सुरक्षा के बारे में चिंता को ध्यान में रखते हुए, उन्हें अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करने के लिए प्रोत्साहित करने और सक्षम करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अटल पेंशन योजना शुरू की गई।

3. कृषि एवं सहबद्धक्षेत्र

- हरियाणा, उत्तरी भारत में एक लैंड लाक राज्य है। यह 27°39' से 30°35'अक्षांश व 74°28' से 77°36' देशांतर के बीच स्थित है। हरियाणा गर्मियों में अत्यंत गर्म (45°C/113°F के आस-पास) व सर्दियों में सौम्य सर्द रहता है। मई व जून सबसे गर्म तथा दिसम्बर व जनवरी सबसे ठंडे महीने होते हैं।

मुख्य फसलों के अधीन क्षेत्र

- राज्य में 1966-67 में सकल बोया गया क्षेत्र 45.99 लाख हैक्टेयर था। हालाँकि वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य में सकल बोया गया अनुमानित क्षेत्र 65.70 लाख हैक्टेयर था।

मुख्य फसलों के अधीन क्षेत्र

वर्ष	गेहूँ	चावल	कुल खाद्यान्न	गन्ना	कपास (1000 गांठे)	तिलहन	कुल बोया गया क्षेत्र (हैक्टेयर में)
2023-24	2509	1778	4893	88	578	768	6570

मुख्य फसलों का उत्पादन

वर्ष	गेहूँ	चावल	कुल खाद्यान्न	गन्ना	कपास (1000 गांठे प्रत्येक 170 कि.ग्रा.)	तिलहन (टन में)
2023-24	12483	6988	20880	7203	1509	1394

मुख्य फसलों की उपज

- वर्ष 2023-24 के दौरान हरियाणा में गेहूँ तथा चावल की औसत उपज क्रमश: 4,975.04 व 3,930.83 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर थी। राज्य में वर्ष 2024-25 में गेहूँ तथा चावल की औसत उपज क्रमश: 5,000 तथा 4,200 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर होने का अनुमान है।

वर्ष 2024-25 में मुख्य फसलों का लक्षित क्षेत्र, उत्पादन और औसत उपज

फसल	क्षेत्र (1000 हैक्टेयर)	उत्पादन (1000 टन)	औसत उपज (कि.ग्रा./ हैक्टेयर)
चावल	1200	5040	4200
ज्वार	80	50	625
मक्का	50	140	2850
बाजरा	530	1075	2025
खरीफ दालें	80	85	1050
कुल खरीफ	1940	6390	3294
खाद्यान्न			
गेहूँ	2500	12500	5000
चना	50	85	1700
जौ	20	70	3500
रबी दालें	10	12	1200
कुल रबी खाद्यान्न	2580	12667	4910
कुल खाद्यान्न	4520	19057	4214
रबी व खरीफ			
गन्ना	120	10440	87000
कपास(गाँठे)	675	2144	540
खरीफ तेल बीज	28	26	925
रबी तेल बीज	750	1575	2100
सूरजमुखी	25	50	2000

शिवालिक विकास एजेन्सी, अम्बाला

- हरियाणा सरकार द्वारा शिवालिक विकास बोर्ड के नाम से एक राज्य स्तरीय स्वतंत्र बोर्ड की स्थापना दिनांक 24-03-1993 को की गई।
- वार्षिक कार्य योजना 2024-25 के लिए लगभग 146 विभिन्न कार्यों का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 44 विकास कार्य एससीएसपी घटक के शामिल हैं। वाटर शेड प्रबंधन और अन्य योजनाओं पर पहले की योजनाओं के तहत ही कार्य क्रियान्वित किए जाएँगे।

मेवात विकास अभिकरण, नूँह

- मेवात विकास बोर्ड का गठन क्षेत्र की गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने एवं क्षेत्र के लोगों की जीवन शैली में सुधार करने के उद्देश्य से वर्ष 1980 में किया गया।
- वर्ष 2024-25 के लिए मेवात विकास एजेंसी, नूँह को 1,950 लाख रूपये (सामान्य के लिए 1,770 लाख रूपये और एस.सी.एस.पी. के लिए 180 लाख रूपये) का बजट स्वीकृत किया गया है।

बागवानी

- बागवानी फसलों के कुल क्षेत्र के 80 प्रतिशत में सब्जी व बाकी में फल, मसाले व फूल इत्यादि हैं। वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 का बागवानी बजट 646.21 करोड़ रूपये से बढ़कर 1,165.99 करोड़ रूपये हो गया है।
- विभाग द्वारा चलाई जा रही 19 योजनाओं में से 15 राज्य योजना, 4 केंद्रीय योजना (हिस्सा आधारित) हैं।
- वर्ष 2023-24 में फलों की खेती का कुल क्षेत्रफल 70,218.92 हैक्टेयर था जिसमें 8.56 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ था। वर्ष 2024-25 में 9.02 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ 74,000 हैक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है।

मसाले

- वर्ष 2023-24 में मसाला फसलों के अन्तर्गत 0.37 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ कुल 5,633.58 हैक्टेयर क्षेत्र था। वर्ष 2024-25 में 0.48 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ 6,300 हैक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है।

सब्जी फसलों का क्षेत्र एवं उत्पादन

सब्जियाँ	लक्ष्य 2024-25	
	क्षेत्र (है.)	उत्पादन (एम.टी.)
आलू	33900	863449.00 (सबसे अधिक)
टमाटर	23200	484366.6
प्याज	26000	613777.00
बेल वाली सब्जी	55900	801078.5
फूल गोभी	29200	608991.00
पत्ते वाली सब्जी	43500	550210.00
मटर	9600	106817.00

बैंगन	11800	189666.1
अन्य	118900	1817095.8
कुल	352000	6035451.00
स्रोत- बागवानी विभाग, हरियाणा सरकार		

